'कुप्रबंधन का पानी' (संपादकीय 11 मार्च) में जल प्रबंधन अव्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए गए हैं। विज्ञान और तकनीक की प्रगति के दौर में भी यदि लोगों को स्वच्छ पेयजल न मिल पाए, तो यह विकास की दिशा पर सवाल खड़ा करता है। जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल पहुंचाने का लक्ष्य महत्त्वाकांक्षी जरूर है, लेकिन पानी के दूषित नमूनों में से अधिकांश पर उपचारात्मक कार्रवाई न होना प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है। यह बेहद चिंता की बात है। इंदौर जैसी घटनाएं बताती हैं कि पेयजल की गुणवत्ता को लेकर ढिलाई कितनी खतरनाक साबित हो सकती है। इसी कारण कई लोगों की मौत हो गई और बड़ी संख्या में लोग बीमार हो गए। भू-जल में बढ़ते आर्सेनिक और अन्य प्रदूषक भी चिंता बढ़ा रहे हैं। स्पष्ट है कि केवल योजनाएं घोषित करना पर्याप्त नहीं, बल्कि निगरानी, जवाबदेही और मजबूत जल प्रबंधन भी जरूरी है, ताकि स्वच्छ पेयजल वास्तव में हर नागरिक तक सुरक्षित रूप में पहुंच सके।

– अमृतलाल मारू 'रवि', इंदौर

नींद का महत्त्व

आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में संतुलित आहार के साथ-साथ अच्छी और पर्याप्त नींद जरूरी है। वर्तमान समय में जीवनचर्या में बदलाव, तनाव, मोबाइल का अत्यधिक उपयोग तथा कई दूसरी अनियमितताओं के कारण लोगों की नींद प्रभावित हो रही है। नींद पूरी न होने से मानसिक तनाव, चिड़चिड़ापन, थकान, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग और अवसाद जैसी समस्याएं पैदा हो रही हैं। देर रात तक मोबाइल का उपयोग नींद की गुणवत्ता को गंभीर रूप से प्रभावित कर रहा है। इस गंभीरता को समझने की जरूरत है कि स्वस्थ और संतुलित जीवन के लिए पर्याप्त नींद आवश्यक है। विशेषज्ञों के अनुसार एक वयस्क व्यक्ति को प्रतिदिन लगभग सात से आठ घंटे की नींद लेनी चाहिए। इसके लिए समय पर सोने की आदत, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और सोने से पहले डिजिटल उपकरणों से दूरी बनाए रखना जरूरी है। अच्छी नींद लेने वाले व्यक्ति अपने कार्यों को अधिक सकारात्मकता और दायित्व के साथ पूरा करते हैं।

– हिमांशु शेखर, गयाजी

मजदूरों की मुश्किल

सरकार के निर्देश पर पेट्रोलियम मंत्रालय ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वाणिज्यिक गैस सिलेंडरों के वितरण पर रोक लगा दी है। इससे लाखों उपभोक्ताओं और हजारों एमएसएमई इकाइयों को आपूर्ति में कमी का सामना करना पड़ रहा है। यदि यह बाधा लंबे समय तक जारी रहती है, तो यह छोटे पैमाने के उद्योगों को अपनी इकाइयां बंद करने पर मजबूर कर सकती है। इससे आर्थिक नुकसान कई गुना बढ़ जाएगा। मजदूरों की मुश्किलें भी बढ़ जाएंगी। उन्हें काम से निकाला जा सकता है। इसी तरह भोजनालयों, होटलों और सड़कों के किनारे खाना बेचने वालों का कारोबार बुरी तरह प्रभावित हुआ है। उपभोक्ताओं को काला बाजारियों को ज्यादा पैसे देने पर मजबूर होना पड़ रहा है। आपूर्ति और मांग के संतुलन में भारी अंतर के कारण, गैस कारोबारियों का एक वर्ग कालाबाजारी कर रहा है।

– युगल किशोर शर्मा, फरीदाबाद

व्रत त्योहार

17 मार्च : मासिक शिवरात्रि। भगवान शिव की पूजा का विशेष दिन।
18 मार्च : फाल्गुन अमावस्या। पितृ तर्पण और दान-पुण्य के लिए महत्त्वपूर्ण।
19 मार्च : चैत्र नवरात्रि प्रारंभ।
21 मार्च : गौरी पूजा/गणगौर।
22 मार्च : विनायक चतुर्थी। भगवान गणेश की आराधना का दिन।
24 मार्च : यमुना छठ।
26 मार्च : श्री दुर्गा महाअष्टमी।
27 मार्च : राम नवमी।
29 मार्च : कामदा एकादशी।
31 मार्च : प्रदोष व्रत - शुक्ल पक्ष।

देशभर में अलग-अलग नामों से मनाया जाता है नवसंवत्सर

देवेंद्र सिंह

भारतीय संस्कृति में पर्व केवल उत्सव और उल्लास का अवसर नहीं होते, बल्कि वे जीवन के गहरे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक संदेश भी अपने भीतर समेटे रहते हैं। प्रत्येक त्योहार हमें प्रकृति के साथ सामंजस्य, परंपराओं के सम्मान और आत्मिक उन्नति की प्रेरणा देता है। ऐसा ही एक महत्त्वपूर्ण और पवित्र पर्व है नवसंवत्सर (हिंदू नववर्ष)। यह चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से शुरू होता है। इसे वर्ष प्रतिपदा या भारतीय नववर्ष के रूप में मनाया जाता है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में यह पर्व अलग-अलग नामों और परंपराओं के साथ मनाया जाता है। महाराष्ट्र में गुड़ी पड़वा, आंध्र प्रदेश-कर्नाटक में उगादी या युगादि, कश्मीर नवरेह, सिंधी समुदाय में चेटीचंड व मणिपुर में साजिबू चेइराओबा प्रमुख हैं।

'युगादि' शब्द नए युग का प्रतीक

'युग' और 'आदि' शब्दों के मेल से बना 'युगादि' शब्द अपने आप में एक नए युग के आरंभ का प्रतीक है। यह केवल कैलेंडर का परिवर्तन नहीं, बल्कि जीवन में नवचेतना, नई आशा और नए संकल्पों का प्रारंभ भी है। भारतीय संस्कृति में समय को केवल दिनों और महीनों की गणना तक सीमित नहीं माना गया, बल्कि उसे सृष्टि और प्रकृति के अनंत चक्र से जोड़ा गया है। यही कारण है कि नवसंवत्सर का प्रारंभ भी उस समय होता है जब प्रकृति स्वयं नवजीवन से भर उठती है।

तिथि सृष्टि के उद्भव का भी प्रतीक

पौराणिक मान्यता के अनुसार, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने इस जगत की रचना का प्रारंभ किया था। इसलिए यह तिथि केवल नए वर्ष का आरंभ ही नहीं, बल्कि सृष्टि के उद्भव का भी प्रतीक मानी जाती है। इस दिन ब्रह्मा जी के साथ-साथ उनके द्वारा रचित समस्त सृष्टि (देवी-देवताओं, ऋषि-मुनियों, नदियों, पर्वतों, पशु-पक्षियों और वनस्पतियों) का स्मरण और पूजन किया जाता है। भारतीय दर्शन की विशेषता यह है कि इसमें प्रकृति के प्रत्येक तत्व को दिव्यता का स्वरूप माना गया है। यहां तक कि रोग और उनके उपचारों का भी स्मरण किया जाता है, जो इस बात का संकेत है कि भारतीय संस्कृति जीवन को समग्र दृष्टि से देखने की शिक्षा देती है।

शुक्ल पक्ष की शुरुआत

ज्योतिषीय दृष्टि से भी वर्ष प्रतिपदा का अत्यंत विशेष महत्त्व है। एक ज्योतिषाचार्य के अनुसार, भारतीय पंचांग सूर्य और चंद्रमा दोनों की गति के आधार पर निर्मित होता है, इसलिए इसे चंद्र-सौर पंचांग कहा जाता है। अमावस्या के बाद जब चंद्रमा की पहली कला प्रकट होती है, तब शुक्ल पक्ष की शुरुआत होती है और उसी का पहला दिन प्रतिपदा कहलाता है। चैत्र मास की यह प्रतिपदा ही नवसंवत्सर का प्रथम दिन मानी जाती है। ज्योतिषाचार्यों के अनुसार महान गणितज्ञ और ज्योतिषाचार्य भास्कराचार्य ने भी इसी दिन से दिन, महीना और वर्ष की गणना करते हुए पंचांग की रचना की थी। ज्योतिष परंपरा में इस दिन से नए वर्ष के ग्रहाधिपत्य का विचार किया जाता है। इस दिन पंचांग सुनने की परंपरा भी प्रचलित है, जिसमें विद्वान ज्योतिषाचार्य आगामी वर्ष की संभावनाओं का वर्णन करते हैं।

चैत्र शुक्ल वर्षारंभ के लिए शुभ

चैत्र मास का महत्त्व केवल धार्मिक ही नहीं, बल्कि प्राकृतिक दृष्टि से भी अत्यंत विशेष है। यह वह समय होता है, जब शीत ऋतु के बाद वसंत अपनी पूर्णता पर होता है और प्रकृति नए जीवन से भर उठती है। वृक्षों और लताओं में नई कोपलें फूटती हैं, फूल खिलते हैं और वातावरण में ताजगी का संचार होता है। यही कारण है कि चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को वर्षारंभ के लिए अत्यंत शुभ माना गया है। इस दिन घरों को सजाने-संवारने की भी विशेष परंपरा है। दक्षिण भारत और महाराष्ट्र में लोग अपने घरों के द्वार पर आम के पत्तों का तोरण लगाते हैं। आम के पत्ते समृद्धि, स्वास्थ्य और शुभता के प्रतीक माने जाते हैं। माना जाता है कि यह तोरण घर में सकारात्मक ऊर्जा का स्वागत करता है और वातावरण को पवित्र बनाता है।

'गुड़ी' स्थापित करने की परंपरा

महाराष्ट्र में यह पर्व गुड़ी पड़वा के रूप में अत्यंत उत्साह के साथ मनाया जाता है। इसे वर्ष के साढ़े तीन शुभ मुहूर्तों में गिना जाता है। इसी दिन से शालिवाहन शक संवत की भी शुरुआत मानी जाती है। लोककथाओं के अनुसार, शालिवाहन नामक एक वीर युवक ने मिट्टी के सैनिकों की सेना बनाकर उनमें प्राण फूंक दिए और शत्रुओं को पराजित किया। उसकी इस विजय की स्मृति में विजय ध्वज के रूप में 'गुड़ी' स्थापित करने की परंपरा शुरू हुई। एक अन्य मान्यता के अनुसार इसी दिन भगवान राम ने दक्षिण भारत की प्रजा को अत्याचारी शासन से मुक्ति दिलाई थी। इस विजय की खुशी में लोगों ने अपने घरों में ध्वज फहराए, जो आगे चलकर गुड़ी पड़वा की परंपरा बन गई।

हिंदू नव वर्ष (19 मार्च से शुरू)

प्रसाद जीवन के कड़वे व मीठे अनुभवों का प्रतीक

कर्नाटक में युगादि पर घरों में नीम की कोपल और गुड़ का प्रसाद खाया जाता है, जिसे 'बेवू-बेला' कहा जाता है। यह प्रसाद जीवन के कड़वे और मीठे अनुभवों का प्रतीक है और हमें यह संदेश देता है कि जीवन में आने वाले सुख-दुःख को समान भाव से स्वीकार करना चाहिए। वहीं महाराष्ट्र में पूरन पोली नामक पारंपरिक मीठा व्यंजन बनाकर पर्व की खुशियां साझा की जाती हैं। कश्मीर में कश्मीरी पंडित समुदाय इस दिन नवरेह के रूप में विशेष पूजा-अर्चना करता है, जबकि सिंधी समाज में यही पर्व चेटीचंड के रूप में मनाया जाता है। वर्ष प्रतिपदा से आरंभ होने वाला यह उत्सव आगे चलकर चैत्र नवरात्र और रामनवमी के साथ अपने आध्यात्मिक चरम पर पहुंचता है। इन नौ दिनों में देवी शक्ति की आराधना और मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के जन्मोत्सव का उत्सव मनाया जाता है।

लेने की अपेक्षा देने का अनुभव अद्भुत

योगेंद्र माथुर

किसी से कुछ प्राप्त करना सुखद व प्रसन्नतादायक हो सकता है लेकिन विश्वास कीजिए, किसी को कुछ देना लेने से कहीं अधिक सुखद व संतोषदायक है। लेने की अपेक्षा देने का अनुभव अद्भुत आंतरिक खुशी प्रदान करता है। अतः लेने के बजाय किसी को कुछ देना सीखिए!

किसी वृद्धाश्रम जाकर हम वहां असहाय, अक्षम व निराश्रित वृद्धजनों को उनके कार्य में सहयोग व सहायता प्रदान कर सकते हैं। उन्हें कुछ खाने को दे सकते हैं। जो दुआएं हमें मिलेंगी, वह हमारे प्रारब्ध के असंख्य पाप नष्ट करने वाली होंगी।

प्रश्न यह है कि क्या दें, किसे दें, कब दें और कहां दें? तो सीधा-सा उत्तर है, जब मन चाहे, जो मन चाहे, जिस किसी को देना चाहे, जहां चाहे, बिना विचार किए दे दीजिए! जो कुछ आपके पास आवश्यकता से अधिक है या अनावश्यक है, किसी को दे दीजिए! यदि आपके पास कुछ अधिक, अतिरिक्त या अनावश्यक नहीं है और देने का मन हो तो आप उसे अपने हिस्से में से कुछ अंश दे सकते हैं। हमारे यहां तो कहावत भी प्रचलित है, मिल बांट कर खाना, बैकुंठ में जाना! इस कहावत में देने के इस पुनीत कार्य को धर्म से संबद्ध किया गया है। अपरिग्रह का धार्मिक संदेश भी यहां जुड़ा हुआ है।

जीवन दर्शन

आवश्यक नहीं कि किसी को कोई वस्तु या धन ही दिया जाए, हम अपनी सामर्थ्य, क्षमता या शक्ति के अनुसार किसी को कुछ अन्य भी दे सकते हैं। हम किसी को शारीरिक या बौद्धिक सहयोग या सहायता भी दे सकते हैं। यदि हम सुशिक्षित हैं तो विद्यार्थियों को उनकी पढ़ाई में सहयोग प्रदान कर सकते हैं। किसी प्रकार की कोई कला में हम सिद्धहस्त हैं तो अन्य लोगों को उस कला का प्रशिक्षण देकर उन्हें उसमें पारंगत कर सकते हैं। इस तरह हम किसी को उसकी आजीविका का साधन भी उपलब्ध करा सकते हैं।

देने का मन हो तो किसी वृद्धाश्रम जाकर हम वहां असहाय, अक्षम व निराश्रित वृद्धजनों को उनके कार्य में सहयोग व सहायता प्रदान कर सकते हैं। उन्हें कुछ खाने को दे सकते हैं। बदले में उनकी जो दुआएं हमें मिलेंगी, वह हमारे प्रारब्ध के असंख्य पाप नष्ट करने वाली होंगी। किसी दुःखी व्यक्ति के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त कीजिए और उन्हें सांत्वना देकर उनके आंसू पोछिए। आत्मिक संतोष का अनुभव करेंगे।

पेड़-पौधे हमारे पर्यावरण के महत्त्वपूर्ण अंग हैं। किसी बाग-बगीचे में जाकर वहां हम पेड़ पौधों को जल दे सकते हैं और उनके संरक्षण व संवर्द्धन में अपना योगदान दे सकते हैं। किसी धर्म स्थल या आराधना स्थल पर जाकर हम वहां व्यवस्था बनाने में अथवा साफ-सफाई में अपना श्रम व समय दे सकते हैं। कोई तीज-त्योहार हो तो किसी गरीब या श्रमिकों की बस्ती में जाइए। वहां बच्चों को नए कपड़े, मिठाई व खिलौने देकर हम उनके चेहरे पर मुस्कान ला सकते हैं।

बच्चों के खिले चेहरे और उनकी निश्छल व मधुर मुस्कान हमारी चिंताओं, परेशानियों व श्रम की थकान या दर्द में अभूतपूर्व आराम देने वाली होती है। आपके यहां कोई वैवाहिक या अन्य कोई आयोजन संपन्न होने के बाद भोजन सामग्री बच गई है तो यहां-वहां सड़क पर फेंकने के बजाय किसी गरीब बस्ती में जाकर या मंदिरों आदि के आसपास भिक्षावृत्ति करने वाले लोगों को बांट दीजिए। अन्न व्यर्थ नहीं जाएगा। गाय, कुत्ते व कौवे को खाने को देने का कार्य तो हमारे यहां धर्म से संबद्ध किया गया है।

हिमपात



केदारनाथ मंदिर परिसर में हुई हल्की बर्फबारी का दृश्य।

स्वयं के बारे में हमारे भ्रम

रोहित कौशिक

हम अपनी जिंदगी में स्वयं के संबंध में अनेक तरह के भ्रम पाले रहते हैं। कभी-कभी तो लगता है कि हम अपनी सारी जिंदगी भ्रम में ही निकाल देते हैं। अनेक लोग तो इसी भ्रम में रहते हैं कि जिंदगी उन्हें नहीं बल्कि वे जिंदगी को चला रहे हैं। कई बार जिंदगी में भ्रम जरूरी होते हैं तो कभी-कभी हम कुछ ज्यादा ही भ्रम पाल लेते हैं। यह बात आपको अजीब लगेगी लेकिन सच्चाई यही है कि स्वयं के बारे में थोड़ा भ्रम होना जिंदगी को कुछ आसान बना देता है। दूसरी तरफ स्वयं के बारे में जरूरत से ज्यादा भ्रम होना हमें अहंकारी बना देता है और हमारा अहंकारी स्वभाव दूसरों के लिए कई तरह की समस्याएं पैदा करता है।

सवाल यह है कि क्या हम अपनी जिंदगी में जानबूझकर भ्रम पैदा करते हैं या फिर स्वतः ही हमारी जिंदगी में भ्रम पैदा हो जाते हैं? वास्तविकता तो यह है कि कोई भी इंसान जानबूझकर अपनी जिंदगी में भ्रम पैदा नहीं करता है। भ्रम स्वतः ही हमारी जिंदगी का हिस्सा बन जाते हैं और ताउम्र हमारा साथ निभाते हैं। जब भ्रम हमारा साथ निभातें है तो हम भी भ्रमों का साथ निभाते हैं। हमारे और भ्रम के बीच एक अजीब सा रिश्ता बन जाता है। एक ऐसा रिश्ता जो बाहर से तो दिखाई नहीं देता लेकिन अंदर से यह रिश्ता इतना मजबूत होता है कि किसी भी कीमत पर टूटता नहीं है।

स्वयं के बारे में हमें कई तरह के भ्रम क्यों रहते हैं? इस प्रश्न का कोई एक उत्तर नहीं है। किसी राजनेता को यह भ्रम रहता है कि अन्य राजनेताओं की अपेक्षा उसका जनता से ज्यादा जुड़ाव है। किसी प्राध्यापक को यह भ्रम रहता है कि अपने विषय पर जितनी पकड़ उसकी है, उस विषय पर उतनी पकड़ पूरे विश्वविद्यालय में किसी की नहीं है। कुछ लोगों को अपनी विद्वता का भ्रम रहता है तो कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें अपनी मूर्खता का भ्रम भी रहता है। आप कहेंगे कि भला मूर्खता का कैसा भ्रम? दरअसल मूर्खता का भी भ्रम होता है। कुछ लोगों को यह पता होता है कि वे मूर्खता का काम कर रहे हैं। ऐसे लोगों को यह भ्रम होता है कि जितनी मूर्खता का काम वे कर रहे हैं उतनी मूर्खता का काम कोई और नहीं कर सकता, जबकि वास्तविकता यह होती है इस समाज में उनसे भी बड़े मूर्ख मौजूद रहते हैं और वे अपनी मूर्खता पर गर्व भी करते हैं। कुछ लोगों को अपनी सुंदरता का भ्रम होता है तो कुछ लोग ऐसे भी होते हैं जिन्हें यह भ्रम रहता है कि उनका चेहरा अच्छा नहीं है। कुछ साहित्यकारों को यह भ्रम होता है कि उन जैसा और कोई नहीं लिख रहा तथा दूसरे साहित्यकार कूड़ा लिख रहे हैं। किसी को यह भ्रम होता है कि अपने मुहल्ले में मैंने अपनी बेटी या बेटे की शादी में सबसे ज्यादा पैसा लगाया है। किसी को यह भ्रम होता है कि अपने मुहल्ले में मैंने सबसे अच्छा घर बनाया है। यानी इस तरह के भ्रम अंतहीन हैं। ऐसे भ्रमों से कई पन्ने भरे जा सकते हैं।

स्वयं के बारे में भ्रम पैदा होना हमारी परिस्थिति पर निर्भर करता है। हमारे चारो तरफ का माहौल कैसा है। हमारे चारो तरफ किस प्रकार के लोग रहते है। लोग हमसे किस तरह की बातें करते हैं। हम अपने चारो तरफ मौजूद लोगों की बातों पर कितनी जल्दी विश्वास कर लेते हैं। हमारे दोस्त और परिचित हमारी हर बात मानकर हां में हां तो नहीं मिलाते हैं। हमारे परिचित हमें बात-बात में चने के झाड़ पर तो नहीं चढ़ा देते हैं। हमारी जिंदगी में ये सारी परिस्थितियां मिलकर स्वयं के बारे में भ्रम पैदा करती हैं। जब हमें अपने बारे में कुछ भ्रम हो जाता है तो हम अन्य नए-नए भ्रम भी पालने लगते हैं। कहने का तात्पर्य यह है कि हम अपने चारो तरफ एक ऐसा आभासी वातावरण बना लेते हैं जो वास्तविक लगने लगता है और हमारी जिंदगी को कई तरह से प्रभावित करता है। हमें स्वयं के बारे में तो कई तरह के भ्रम रहते ही हैं लेकिन दूसरों को भी हमारे बारे में कई तरह के भ्रम रहते हैं। सवाल उठता है कि जब दुनिया में भ्रम ही भ्रम हैं तो फिर इस दुनिया में वास्तविक क्या है?

जीवन जगत

स्वयं के बारे में भ्रम पैदा होना हमारी परिस्थिति पर निर्भर करता है। हमारे चारो तरफ का माहौल कैसा है। हमारे चारो तरफ किस प्रकार के लोग रहते है। लोग हमसे किस तरह की बातें करते हैं। हम अपने चारो तरफ मौजूद लोगों की बातों पर कितनी जल्दी विश्वास कर लेते हैं। हमारे दोस्त और परिचित हमारी हर बात मानकर हां में हां तो नहीं मिलाते हैं।

थाईलैंड से इंडोनेशिया तक विश्व संस्कृति के महानायक हैं राम

योगेश कुमार गोयल

रामनवमी केवल एक धार्मिक नहीं बल्कि भारतीय संस्कृति की उस अमर परंपरा का उत्सव है, जिसके केंद्र में मर्यादा, धर्म, करुणा और आदर्श जीवन का संदेश निहित है। इस वर्ष रामनवमी 26 मार्च को मनाई जाएगी। दुनिया की महाशक्ति माने जाने वाले भगवान राम के बिना हमारी गौरवशाली भारतीय संस्कृति की कल्पना ही अधूरी है। विराट भारतीय संस्कृति के प्राणपुरुष श्रीराम वास्तव में केवल भारत ही नहीं, विश्व संस्कृति के भी महानायक हैं। राम हमारे सामाजिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक जीवन में इस प्रकार रचे-बसे हैं कि उनका नाम मात्र ही मन को दिव्य शांति और ब्रह्मानंद की अनुभूति कराता है। यही कारण है कि भगवान राम की महिमा भारत की सीमाओं से बहुत आगे तक फैली हुई है।

दुनिया के अनेक देशों में भगवान राम की पूजा की जाती है और रामायण को विभिन्न रूपों में पढ़ा और सुना जाता है। भारत के अतिरिक्त कम से कम नौ ऐसे देश हैं, जहां रामकथा की परंपरा जीवंत रूप में विद्यमान है। इंडोनेशिया में तो रामकथा के पांच अलग-अलग संस्करण प्रचलित हैं, जिनकी रचना नौवीं शताब्दी में हुई मानी जाती है। नेपाल में चार रामायणों की परंपरा मिलती है जबकि जापान में भी रामायण से संबंधित उल्लेख देखने को मिलते हैं। मारीशस, नेपाल, इजरायल और कई मुस्लिम देशों में भी रामभक्ति की परंपरा आज भी दिखाई देती है। इतिहास और पुरातत्व के स्तर पर भी इसके रोचक प्रमाण मिलते हैं। इराक के सिलेमानिया क्षेत्र में बैनुला बाईपास के पास हुई खुदाई में भगवान राम और हनुमान की दुर्लभ प्रतिमाएं प्राप्त हुई, जिनके बारे में इराक सरकार ने भारत को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। इराक के पुरातत्व विभाग के अनुसार ये प्रतिमाएं लगभग चार हजार वर्ष पुरानी मानी जा रही हैं। ऐसे प्रमाण यह संकेत देते हैं कि भगवान राम का प्रभाव केवल भारत तक सीमित नहीं रहा बल्कि हजारों वर्षों से विश्व सभ्यता के व्यापक सांस्कृतिक परिदृश्य में भी उनकी उपस्थिति बनी हुई है।

मर्यादा पुरूषोत्तम श्रीराम की यात्रा भारत से लेकर मारीशस, नेपाल, लाओस, थाईलैंड, वियतनाम, कंबोडिया, मलेशिया और श्रीलंका तक रही है। इन सभी देशों में कई ऐसे प्रमाण मिले हैं, जिनसे साबित होता है कि भगवान राम के चरण इन सभी देशों में पड़े थे। थाईलैंड, मलेशिया, लाओस, कंबोडिया और इंडोनेशिया जैसे देशों में भगवान राम की कथाओं का वर्णन और मंचन अक्सर होता है। बैंकाक में तो रामायण चित्रों की दुनिया की सबसे लंबी श्रृंखला भी है। वहां राजमहल के अंदर भगवान बुद्ध की मूर्ति और अंदर तथा बाहरी दीवारों पर पूरी रामायण है। दीवारों पर ऐसे ही रामायण का अंकन कंबोडिया के राजमहल में भी मिलता है। थाईलैंड तो पूरी तरह से राममय है, जहां की सड़कों से लेकर पुलों के नाम भी भगवान श्रीराम के नाम पर ही रखे गए हैं।

थाईलैंड के लबबुरी में हनुमान जी संजीवनी बूटी हेतु गिर पर्वत उठाते हुए दिखते हैं। ज्यादा से ज्यादा लोग श्रीराम और उनके जीवन से सीख ले सकें, इसके लिए थाईलैंड में श्रीराम के जीवन पर आधारित चित्रकला की कार्यशाला भी आयोजित की जाती हैं। वहां भगवान राम की कहानी रामायण का स्थानीय स्वरूप मौजूद है, जिसे 'रामाकीन' या 'रामाकियेन' कहा जाता है, जिसका अर्थ है राम की कीर्ति। इस ग्रंथ में भगवान राम, लक्ष्मण, माता सीता और महाबली हनुमान का उल्लेख है। यह ग्रंथ काफी हद तक वाल्मीकि रामायण के जैसा ही है, केवल कुछ हिस्सों में इसका चित्रण अलग है, जिसे थाईलैंड की संस्कृति के प्रमुख ग्रंथ का दर्जा हासिल है। थाईलैंड की ही भांति कंबोडिया में भी रामायण का स्थानीय संस्करण है, जिसे 'रिएमकार' कहा जाता है। वहां भी बौद्ध और हिन्दू धर्म के मिले-जुले अंश पाए जाते हैं। दुनिया में सबसे ज्यादा मुस्लिम आबादी वाले देश इंडोनेशिया में भी रामकथा का एक रूप 'काकाविन' रामायण ग्रंथ के रूप में मिलता है, जो कई सदियों से इस देश का अहम हिस्सा है, हालांकि स्थानीय देवी-देवताओं के अनुसार इसमें कुछ बदलाव भी हैं। इंडोनेशिया में रामायण का कई बार मंचन होता है, खासतौर से कठपुतलियों के जरिए रामायण का मंचन वहां बेहद सामान्य है और वहां की संस्कृति का हिस्सा है।

भगवान विष्णु के सातवें अवतार भगवान राम को समर्पित राम मंदिर भी दुनिया के कोने-कोने में बने हैं, जो विश्वभर में बसे करोड़ों हिंदुओं की आस्था के सर्वोच्च प्रतीक हैं और रामभक्तों के बीच काफी लोकप्रिय हैं। विदेशों में भी इन राम मंदिरों का बड़ा महत्व है। कई देशों में भव्य राम मंदिरों का निर्माण किया गया है, जहां भारत से जाने वाले हिंदू तीर्थ यात्री दर्शन के लिए जाते हैं।

विभिन्न देशों में बने ये राम मंदिर न केवल हिंदू धर्म के सबसे महत्त्वपूर्ण धार्मिक स्थलों में शामिल हैं बल्कि दुनियाभर में हिंदू धर्म की आस्था और संस्कृति के प्रतीक भी हैं। विदेशों में राम मंदिरों का निर्माण भारत की गौरवशाली सनातन संस्कृति और विरासत को बढ़ावा देते हुए दुनियाभर के लोगों को हिंदू धर्म के बारे में जानने और समझने में मदद करता है।

रामनवमी (26 मार्च) पर विशेष

संकट में ऊर्जा

ऊर्जा संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। आज की दुनिया को अक्सर 'वैश्विक गांव' कहा जाता है। तकनीक, व्यापार और संचार के विस्तार ने देशों को इतना परस्पर जुड़ा हुआ बना दिया है कि विश्व के किसी भी हिस्से में घटित घटना का प्रभाव सीमाओं से परे जाकर अन्य देशों तक पहुंच जाता है। पश्चिम-एशिया में हाल ही में बढ़े सैन्य तनाव और युद्ध की स्थिति ने इस वास्तविकता को एक बार फिर स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका और इज़राइल द्वारा ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई और उसके बाद उत्पन्न भू-राजनीतिक संकट ने केवल क्षेत्रीय सुरक्षा को ही नहीं, बल्कि वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और आर्थिक स्थिरता को भी प्रभावित किया है। इसका असर भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देशों पर विशेष रूप से दिखाई दे रहा है। पश्चिम एशिया विश्व की ऊर्जा राजनीति का केंद्र माना जाता है। तेल और गैस के विशाल भंडार के कारण यह क्षेत्र दशकों से वैश्विक अर्थव्यवस्था की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति करता रहा है, लेकिन जब भी इस क्षेत्र में संघर्ष या अस्थिरता पैदा होती है, तो उसका सीधा असर वैश्विक ऊर्जा बाजार पर पड़ता है। वर्तमान संकट के कारण अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा आपूर्ति श्रृंखला में बाधा उत्पन्न हुई है, जिसका प्रभाव कई देशों के साथ-साथ भारत पर भी दिखाई देने लगा है। भारत में 'एलपीजी' (लिक्वीफाइड पैट्रोलियम गैस) गैस-सिलेंडरों की आपूर्ति में देरी, बुकिंग की अवधि में वृद्धि और होटल-रेस्टोरेंट उद्योग में गैस की कमी जैसी समस्याएं इसी व्यापक संकट की ओर संकेत करती हैं। भारत की ऊर्जा संरचना को समझे बिना इस समस्या की गंभीरता को नहीं समझा जा सकता। भारत विश्व के सबसे बड़े ऊर्जा उपभोक्ताओं में से एक है, लेकिन उसकी घरेलू ऊर्जा उत्पादन क्षमता अभी भी सीमित है। 'एलपीजी' की मांग का बड़ा हिस्सा आयात से पूरा किया जाता है और इन आयातों का अधिकांश भाग पश्चिम एशियाई देशों से आता है। ऐसी स्थिति में यदि उस क्षेत्र में युद्ध या परिवहन मार्गों में बाधा उत्पन्न होती है, तो उसका सीधा प्रभाव भारत की ऊर्जा आपूर्ति पर पड़ना स्वाभाविक है। भारत में रसोई गैस केवल एक घरेलू ईंधन नहीं रह गई है, बल्कि यह सामाजिक परिवर्तन का भी एक महत्वपूर्ण माध्यम बन चुकी है। पिछले दशक में विभिन्न सरकारी योजनाओं के माध्यम से करोड़ों परिवारों को 'एलपीजी' कनेक्शन उपलब्ध कराया गया है। इससे ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में पारंपरिक ईंधनों पर निर्भरता कम हुई है, लेकिन इस बढ़ती सहूलियत के साथ-साथ आयात पर बढ़ती निर्भरता भी एक चुनौती बनकर सामने आई है। यदि वैश्विक संकट के कारण गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, तो इसका असर केवल घरों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि छोटे व्यापार, होटल-रेस्टोरेंट उद्योग और खाद्य क्षेत्र पर भी पड़ता है। ऊर्जा संकट का आर्थिक प्रभाव भी कम गंभीर नहीं होता। ऊर्जा की कीमतों में वृद्धि का सीधा असर महंगाई पर पड़ता है। परिवहन, उद्योग और उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, जिससे वस्तुओं और सेवाओं की कीमतें बढ़ती हैं। इसका सबसे अधिक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है। इसलिए ऊर्जा आपूर्ति में किसी भी प्रकार की अनिश्चितता किसी भी देश की आर्थिक स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। ऐसी परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक राष्ट्र है और उसकी विदेश नीति परंपरागत रूप से संतुलन, संवाद और शांति के सिद्धांतों पर आधारित रही है। भारत के संबंध पश्चिम-एशिया के लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ हैं - चाहे वह इज़राइल हो, ईरान हो या अरब देश। इसलिए भारत के सामने चुनौती यह है कि वह अपनी कूटनीतिक संतुलन क्षमता को बनाए रखते हुए क्षेत्र में शांति और स्थिरता की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाए। भारत की विदेश नीति का मूल आधार हमेशा से यह रहा है कि वह किसी भी संघर्ष में पक्ष लेने के बजाय संवाद और कूटनीति के माध्यम से समाधान का समर्थन करे। आज भी यही दृष्टिकोण सबसे उपयुक्त प्रतीत होता है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत युद्ध के बजाय बातचीत, संघर्ष-विराम और बहुपक्षीय सहयोग का समर्थन करता है। भारत की छवि एक जिम्मेदार और शांति-समर्थक राष्ट्र की रही है और इस संकट के समय भी उसे इसी दिशा में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। हालांकि केवल कूटनीति ही पर्याप्त नहीं है। ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करना भी उतना ही आवश्यक है। भारत को अपनी ऊर्जा नीति में दीर्घकालिक सुधार करने होंगे। इसके अंतर्गत ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण अत्यंत आवश्यक है, ताकि देश किसी एक क्षेत्र या देश पर अत्यधिक निर्भर न रहे। इसके साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा-जैसे सौर और पवन ऊर्जा का विस्तार भी ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

युद्ध की आंच में झुलसती वैश्विक अर्थव्यवस्था

|| कांतिलाल मांडोत ||

अमेरिका और ईरान के बीच जारी युद्ध अब केवल दो देशों का सैन्य टकराव नहीं रह गया है बल्कि यह धीरे धीरे पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करने वाला संकट बनता जा रहा है। पश्चिम एशिया में चल रहा यह संघर्ष वैश्विक ऊर्जा बाजार व्यापारिक गतिविधियों और वित्तीय बाजारों पर गहरा असर डाल रहा है। युद्ध के दसवें दिन ही दुनिया ने इसका आर्थिक प्रभाव साफ तौर पर महसूस करना शुरू कर दिया है। कच्चे तेल की कीमतों में अचानक आई तेज वृद्धि और शेयर बाजारों में आई गिरावट ने यह संकेत दे दिया है कि यदि यह संघर्ष लंबा चला तो इसका असर केवल युद्ध क्षेत्र तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि हर देश की अर्थव्यवस्था और आम नागरिकों के जीवन पर पड़ेगा।

तेल की कीमतों में तेजी इस संकट का सबसे बड़ा संकेत बनकर सामने आई है। वैश्विक बाजार में कच्चे तेल की कीमतें बढ़कर लगभग 119 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई हैं जो जुलाई 2022 के बाद का सबसे ऊंचा स्तर माना जा रहा है। कुछ ही दिनों में तेल की कीमतों में लगभग 26 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। तेल की कीमतों में इतनी तेज वृद्धि का सीधा कारण पश्चिम एशिया में पैदा हुई अनिश्चितता और आपूर्ति बाधित होने की आशंका है। खाड़ी क्षेत्र दुनिया के सबसे बड़े तेल उत्पादक और निर्यातक क्षेत्रों में से एक है इसलिए वहां होने वाला कोई भी सैन्य संघर्ष वैश्विक ऊर्जा बाजार को तुरंत प्रभावित करता है। निवेशकों और व्यापारियों को डर है कि यदि युद्ध और फैलता है तो तेल की आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ सकता है जिससे कीमतों में और तेजी आ सकती है।

तेल की कीमतों में इस उछाल का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। भारत दुनिया के उन प्रमुख देशों में शामिल है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करते हैं। इसलिए कच्चे तेल की कीमतों में हर बढ़ोतरी सीधे देश की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करती है। इसी आशंका के कारण भारतीय शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखने को मिली। दो दिन के अवकाश के बाद जब बाजार खुला तो निवेशकों में डर और अनिश्चितता का माहौल था। परिणामस्वरूप बाजार खुलते ही भारी बिकवाली शुरू हो गई और सेंसेक्स लगभग 1800 अंक नीचे खुला। थोड़ी ही देर में गिरावट बढ़कर 2492 अंकों तक पहुंच गई जिसने निवेशकों को और चिंतित कर दिया।

दिन के अंत में बाजार में थोड़ी स्थिरता जरूर दिखाई दी लेकिन नुकसान काफी बड़ा रहा। सेंसेक्स अंततः 1352.74 अंकों की गिरावट के साथ 77566.16 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी भी 422 अंकों से अधिक गिरकर 24028 के आसपास बंद हुआ। लगातार गिरावट के कारण दोनों प्रमुख सूचकांक लगभग ग्यारह महीनों के निचले स्तर पर पहुंच गए हैं। बाजार में आई इस गिरावट का सबसे अधिक असर उन क्षेत्रों पर पड़ा जो सीधे तेल और परिवहन लागत से जुड़े हैं। तेल कंपनियां ऑटोमोबाइल उद्योग धातु उद्योग एविएशन और लॉजिस्टिक कंपनियों के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट

तेल की कीमतों में इस उछाल का असर भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी दिखाई देने लगा है। भारत दुनिया के उन प्रमुख देशों में शामिल है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करते हैं। इसलिए कच्चे तेल की कीमतों में हर बढ़ोतरी सीधे देश की आर्थिक व्यवस्था को प्रभावित करती है। इसी आशंका के कारण भारतीय शेयर बाजार में भी भारी गिरावट देखने को मिली। दो दिन के अवकाश के बाद जब बाजार खुला तो निवेशकों में डर और अनिश्चितता का माहौल था। परिणामस्वरूप बाजार खुलते ही भारी बिकवाली शुरू हो गई और सेंसेक्स लगभग 1800 अंक नीचे खुला। थोड़ी ही देर में गिरावट बढ़कर 2492 अंकों तक पहुंच गई जिसने निवेशकों को और चिंतित कर दिया।दिन के अंत में बाजार में थोड़ी स्थिरता जरूर दिखाई दी लेकिन नुकसान काफी बड़ा रहा। सेंसेक्स अंततः 1352.74 अंकों की गिरावट के साथ 77566.16 पर बंद हुआ जबकि निफ्टी भी 422 अंकों से अधिक गिरकर 24028 के आसपास बंद हुआ।

देखी गई। बाजार में इस गिरावट से निवेशकों की लगभग आठ लाख करोड़ रुपये की पूंजी कम हो गई जो इस संकट की गंभीरता को दर्शाती है।

सरकार का कहना है कि फिलहाल महंगाई पर इसका बड़ा असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति अपेक्षाकृत नियंत्रित स्तर पर है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार युद्ध शुरू होने से पहले भारतीय तेल बास्केट की कीमतें गिरावट की ओर थीं और दो मार्च तक यह लगभग 69 डॉलर प्रति बैरल के स्तर से बढ़कर 80 डॉलर के आसपास पहुंची थीं। उनका कहना है कि सरकार स्थिति पर लगातार नजर रख रही है और यदि जरूरत पड़ी तो आवश्यक कदम उठाए जाएंगे ताकि आम लोगों पर इसका असर कम से कम पड़े। हालांकि आर्थिक विशेषज्ञों का मानना है कि यदि कच्चे तेल की कीमतों में यह तेजी लंबे समय तक बनी रहती है तो इसका असर परिवहन लागत उत्पादन खर्च और अंततः उपभोक्ता वस्तुओं की कीमतों पर जरूर पड़ेगा। इसका मतलब यह है कि महंगाई बढ़ने का खतरा पूरी तरह टला नहीं है।

ऊर्जा बाजार के अलावा इस युद्ध ने वैश्विक व्यापार और आपूर्ति श्रृंखला को भी गंभीर रूप से प्रभावित किया है। समुद्री मार्गों में बढ़ते जोखिम के कारण कई जहाजों को अपने रास्ते बदलने पड़ रहे हैं और कुछ जहाजों को यात्रा बीच में ही रोकनी पड़ रही है। इसके कारण दुनिया भर के कई कंटेनर बंदरगाहों और समुद्री मार्गों में फंस गए हैं। भारत का लगभग 12000 करोड़ रुपये मूल्य का निर्यात माल भी इसी संकट में फंसा हुआ है। यह स्थिति भारतीय निर्यातकों के लिए बड़ी चिंता का कारण बन गई है क्योंकि माल की डिलीवरी में देरी होने से व्यापारिक अनुबंध प्रभावित हो सकते हैं और कंपनियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ सकता है।

लॉजिस्टिक्स कंपनियों के अनुसार युद्ध के कारण शिपिंग कंपनियों ने कई नए आकस्मिक शुल्क लागू कर दिए हैं। सामान्य परिस्थितियों में जहां एक कंटेनर की ढुलाई लागत लगभग 800 से 1500 डॉलर के बीच होती थी वहीं अब यह लागत कई गुना बढ़ गई है। कई मामलों में प्रति कंटेनर लगभग 4000 डॉलर तक अतिरिक्त शुल्क देना पड़ रहा है। इन अतिरिक्त शुल्कों में युद्ध जोखिम अधिभार आपातकालीन लागत वसूली शुल्क और पीक सीजन शुल्क जैसे कई नए चार्ज शामिल हैं। इससे निर्यातकों की लागत अचानक बढ़ गई है और उनके मुनाफे पर गंभीर असर पड़ रहा है।इस संकट का सबसे अधिक असर उन वस्तुओं पर पड़ रहा है जो जल्दी खराब हो जाती हैं। बंदरगाहों पर बड़ी मात्रा में तरल माल निकासी की प्रतीक्षा कर रहा है जबकि लगभग 939 टन जल्दी खराब होने वाला माल भी फंसा हुआ है। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो इन वस्तुओं को भारी नुकसान हो सकता है। इसके अलावा समुद्र में फंसे कंटेनरों में लगभग चार लाख टन बासमती चावल भी शामिल है जो भारत के प्रमुख निर्यात उत्पादों में से एक है। बासमती चावल का बड़ा हिस्सा खाड़ी देशों में निर्यात किया जाता है और यदि युद्ध के कारण वहां व्यापारिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं तो भारतीय किसानों और निर्यातकों दोनों को नुकसान हो सकता है।

इसी तरह भारत का काबुली चना भी खाड़ी क्षेत्र के देशों में बड़ी मात्रा में निर्यात होता है। पिछले दो वर्षों में इसका निर्यात लगभग दोगुना हो गया था और इसमें ईरान अरब देशों और तुर्किए की बड़ी हिस्सेदारी रही है। लेकिन वर्तमान युद्ध के कारण इन देशों के साथ व्यापारिक गतिविधियां बाधित हो रही हैं जिससे इस निर्यात पर भी संकट के बादल मंडरा रहे हैं। यदि यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो भारतीय कृषि निर्यात को भी बड़ा झटका लग सकता है।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तेल की कीमतों में आई वृद्धि को इस संघर्ष की परिस्थितियों मं उचित बताया है। उनका कहना है कि यदि ईरान के परमाणु कार्यक्रम से उत्पन्न खतरे को समाप्त करना है तो कुछ समय के लिए तेल की कीमतों में वृद्धि को स्वीकार करना पड़ेगा। उनका दावा है कि जब यह खतरा समाप्त हो जाएगा तब तेल की कीमतें तेजी से नीचे आ जाएंगी और बाजार फिर से स्थिर हो जाएगा। हालांकि फिलहाल वैश्विक बाजार में अनिश्चितता का माहौल बना हुआ है और निवेशक आने वाले दिनों को लेकर सतर्क हैं।

स्पष्ट है कि युद्ध का प्रभाव केवल सीमा रेखाओं तक सीमित नहीं रहता बल्कि वह आर्थिक व्यवस्था के हर स्तर को प्रभावित करता है। तेल की कीमतों में तेजी शेयर बाजारों में गिरावट और वैश्विक व्यापार में बाधा इस बात का संकेत है कि यदि यह संघर्ष जल्द समाप्त नहीं हुआ तो दुनिया की अर्थव्यवस्था के सामने एक बड़ा संकट खड़ा हो सकता है। ऐसे समय में सरकारों के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह है कि वे आर्थिक स्थिरता बनाए रखें और आम नागरिकों को महंगाई तथा आर्थिक अस्थिरता से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाएं। यदि कूटनीतिक प्रयासों के जरिए जल्द समाधान नहीं निकला तो यह युद्ध वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए लंबे समय तक चिंता का कारण बना रह सकता है।

महिला मुखिया बदल रहीं गाँवों की तस्वीर

आयुष कृष्ण त्रिपाठी

रायबरेली जिले के धर्मपुर गांव में काम का दिन आठ बजे से पहले शुरू हो जाता है। पंचायत बिल्डिंग से जुड़े एक छोटे से कमरे के अंदर, नौ महिलाएं पहले से ही एक सेमी-ऑटोमैटिक प्रेस के चारों ओर अपनी जगह पर बैठी होती हैं। कॉटन फाइबर एक सिरे से जाता है। दूसरे सिरे से साफ-सुथरे सीलबंद पैकेट निकलते हैं। जब तक सड़क के उस पार स्कूल की घंटी बजती है, तब तक कई सौ सैनिटरी पैड गिने जा चुके होते हैं, उन्हें ढेर लगाकर सुबह बांटने के लिए अलग रख दिया जाता है। यह यूनिट 2023 में ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने एक सेल्फ-हेल्प ग्रुप की मीटिंग के बाद शुरू की थी, जिसने एक अचानक मोड़ ले लिया।नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे 2019-21 में पाया गया कि उत्तर प्रदेश में 15 से 24 साल की उम्र की सिर्फ़ 59 परसेंट औरतें ही पीरियड्स से बचाव के लिए कोई साफ़-सुथरा तरीका इस्तेमाल करती हैं। नेशनल एवरेज 78 परसेंट है। रायबरेली ज़िले में, धर्मपुर ग्राम पंचायत बिल्डिंग से जुड़े एक कमरे में, नौ औरतें हर सुबह आठ बजे से पहले एक सेमी-ऑटोमैटिक सैनिटरी पैड प्रेस चलाने आती हैं, जिसे ग्राम प्रधान सुशीला देवी ने पहली बार आठ महीने बाद, तीसरी बार अप्लाई करने पर मंजूरी दिलाई थी। मशीन की कीमत 11 लाख रुपये है। आठ पैड का एक पैकेट 20 रुपये में बिकता है। कमर्शियल ब्रांड रखने वाली सबसे पास की फार्मेसी छह किलोमीटर दूर है और उतने ही पैकेट के लिए 65 रुपये लेती है। यह यूनिट 2023 की शुरुआत से चल रही है। यह रोज़ाना लगभग 800 पैड बनाती है। एक महिला ने चलते-चलते बताया कि वह कपड़ा ढूंढ रही है क्योंकि उसे पीरियड्स हो रहे हैं। दूसरी महिलाएं भी बोलने लगीं। जब तक मीटिंग खत्म हुई, यह साफ हो गया था कि गांव की बहुत सी महिलाओं ने कभी सैनिटरी पैड इस्तेमाल नहीं किया था कुछ कपड़े का इस्तेमाल कर रही थीं, कुछ राख मिला कपड़ा इस्तेमाल कर रही थीं क्योंकि पैड या तो आस-पास नहीं मिलते थे या बहुत महंगे थे। सुशीला देवी ने कहा, मुझे उम्मीद नहीं थी कि उस मीटिंग से जो निकला, वो होगा।₹ ₹ये वो औरतें थीं जिन्हें मैं सालों से जानती थी। मुझे नहीं पता था कि ये उनकी रोज़ की सच्चाई है।₹ उन्होंने वढ ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत मशीनरी के लिए अप्लाई किया था। पहला एप्लीकेशन रिजेक्ट हो गया। दूसरा सवालों के साथ वापस आया। तीसरा एप्लीकेशन मंजूर हुआ, पहला एप्लीकेशन फाइल करने के आठ महीने बाद। यूनिट अब रोज़ 700 से 800 पैड बनाती है, जो आठ के पैकेट के लिए 20 रुपये में बिकते हैं। लोकल स्कूल, आंगनवाड़ी और रल्ठ्ऋ ज़्यादातर स्टॉक लेते हैं। कविता सिंह, जो ग्यारह साल से गांव के अपर प्राइमरी स्कूल में पढ़ा रही हैं, ने कहा कि क्लास 6 से 8 की लड़कियां हर महीने तीन या चार दिन अटेंडेंस रजिस्टर से गायब रहती थीं। उन्होंने कहा, ₹मुझे पता था क्यों, लेकिन मैं लंबे समय तक इसके बारे में कुछ नहीं कर सकती थी। जब से पैड आने शुरू हुए हैं, तब से यह बदल गया है। उनमें से ज़्यादातर अब रेगुलर आती हैं।₹ बांदाः जानवरों के बाड़े से कुकिंग गैस, बांदा ज़िले में, मीना प्रजापति 2015 से देवापुर पंचायत की ग्राम प्रधान हैं। वह आपको बताएंगी कि उनके पहले टर्म में कुछ खास नहीं हुआ। वह किसी की प्रॉक्सी नहीं थीं उनके पति साल के ज़्यादातर समय पुणे में काम करते हैं लेकिन उन्हें ब्लॉक ऑफ़िस में डर लगता था और जो भी फ़ाइल करने को कहा जाता था, वह बिना कारण पूछे फ़ाइल कर देती थीं। उन्होंने कहा, ₹मैं घर जाती थी और खाना बनाती थी और अगली बार जब वे मुझे बुलाते थे तो वापस आ जाती थी।₹ ₹वह मेरा पहला टर्म था।उनके दूसरे टर्म की शुरुआत अलग तरह से हुई। पंचायत की पुरानी फ़ाइलें देखने पर, उन्हें एक कम्युनिटी बायोगैस प्लांट के लिए 2019 का एक मंजूरी ऑर्डर मिला, जो कभी लागू ही नहीं हुआ था। असली जगह एक ऐसे गाँव में थी जिसे बाद में दूसरी पंचायत में मिला दिया गया था। मंजूरी को बस एक तरफ़ रख दिया गया था और भूल गए थे। वह इसे ब्लॉक ऑफ़िस ले गईं और अगले चार महीने यह पक्का करने में बिताए कि फ़ंड को दूसरी जगह भेजा जा सकता है। ऐसा किया गया। यह प्लांट अब जानवरों के बाड़े की एक लाइन के पीछे है और आठ घरों के गोबर से चलता है। ग्यारह परिवारों को ढश्उ लाइनों के ज़रिए कुकिंग गैस मिलती है। बायो-स्लरी का बाय-प्रोडक्ट आठ किसान परिवारों को ऑर्गेनिक खाद के तौर पर जाता है। उन किसानों में से एक, रामखेलावन ने कहा कि उन्होंने पिछले रबी सीज़न में यूरिया पर लगभग फ₹ 1,800 कम खर्च किए। एक दूसरे किसान ने कहा कि उनके खेत में बचत कम हुई। एक तीसरे ने एक सीज़न के लिए इसे आज़माया और फिर से केमिकल फ़र्टिलाइज़र पर लौट आए क्योंकि उनके ऊबड़-खाबड़ खेत में स्लरी डालना मुश्किल था। प्रजापति ने कहा, ₹औरतें जलाने की लकड़ी के लिए चालीस मिनट पैदल चलती थीं।₹ ₹छढ्ऋसिलेंडर बहुत महंगे थे। गोबर वहीं पड़ा रहता था। अब गोबर फ्यूल है और स्लरी फ़र्टिलाइज़र है। कुछ भी बर्बाद नहीं होता।₹

लखीमपुर खीरी में, ग्राम प्रधान पुष्पा रावत ने 2022 में गांव के स्कूल ग्राउंड पर रोज़ाना योग सेशन शुरू किए। सबसे पास का सब-सेंटर चार किलोमीटर दूर है। जब भी होता है, डॉक्टर हर हफ़्ते आते हैं। रावत ने कहा कि वह कुछ ऐसा ढूंढ रही थीं जिसमें कोई खर्च न हो और जो किसी सरकारी डिपार्टमेंट पर निर्भर हुए बिना हर दिन हो सके। पहली सुबह तीन औरतें आईं। दूसरे हफ़्ते के आखिर तक बारह औरतें आ गईं। अब ज़्यादातर दिनों में लगभग चालीस लोग आते हैं औरतें, बुज़ुर्ग लोग, टीनएज लड़कियां। एक लोकल आशा वर्कर और एक रिटायर्ड टीचर सेशन को लीड करते हैं। कुछ परिवारों ने शुरू में औरतों के सूरज उगने से पहले पब्लिक जगह पर इकट्ठा होने पर एतराज़ किया। रावत ने कहा कि उन्होंने बहस नहीं की। वह आती रहीं। ₹वे मेरे पति से बात करने के लिए कहते थे। वह उन्हें मेरे पास वापस भेज देते थे।₹ उत्तर प्रदेश में लगभग 58,000 ग्राम पंचायतें हैं, जिनमें से लगभग आधी की हेड अभी राज्य के 50 परसेंट रिज़र्वेशन रूल के तहत औरतें हैं। तीनों मुखियाओं ने एक ही शुरुआती अनुभव बतायाः बिना किसी से बात किए मीटिंग में मौजूद रहना, गांव वालों का उनके घर आना और प्रधान के पति को बुलाना, पंचायत सेक्रेटरी को ऐसी फाइलें मैनेज करते देखना जो टेक्निकली उनकी थीं। सुशीला देवी ने कहा, ₹इसमें समय लगा।₹ ₹एक बार जब सड़क बन गई और लोगों ने उसे देखा, तो वे सीधे मेरे पास आने लगे। उससे पहले वे मेरी तरफ नहीं देखते थे और मेरे पीछे खड़े किसी को देखते थे।₹

तीनों ने कहा कि सेल्फ-हेल्प ग्रुप्स की वजह से वे कुछ भी कर पाए। हर मामले में, रल्ठ्ऋनेटवर्क चुनाव से पहले गांव में एक्टिव था और उसने प्रधान को महिलाओं का एक ग्रुप दिया जो ग्राम सभाओं में जाती थीं, पब्लिक मीटिंग्स में सवाल उठाती थीं और चुने हुए प्रधान को एक ऐसा वोट बैंक दिया जिसे आसानी से नज़रअंदाज़ नहीं किया जा सकता था। पुष्पा रावत, जिनके पति साल के ज़्यादातर समय दिल्ली में रहते हैं, ने वह कहा जो महिलाओं की पॉलिटिकल हिस्सेदारी के किसी भी ऑफिशियल अकाउंट में दर्ज नहीं होता है। ₹लोग सुबह कैंप और दोपहर में पंचायत मीटिंग देखते हैं। वे यह नहीं देखते कि मैंने इन सबसे पहले सुबह चार बजे रोटियां बनाई हैं। उस हिस्से के लिए कोई स्कीम नहीं है।₹सुशीला देवी की रिज़र्व सीट अगले चुनाव में रोटेट होती है। वह जनरल सीट से चुनाव लड़ना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें पैड यूनिट की चिंता नहीं है। ₹इसे चलाने वाली महिलाएं अब इसे मुझसे बेहतर जानती हैं। हमेशा यही आइडिया था कि इसे मेरी ज़रूरत नहीं होगी।

यूपी पंचायती राज डिपार्टमेंट की 2022-23 की सालाना रिपोर्ट में राज्य की 58,195 ग्राम पंचायतों की लिस्ट है, जिनमें से 29,342 में अभी महिलाएं हेड हैं, जो 50 परसेंट रिजर्वेशन नियम के तहत हैं, जो 2010 में यूपी पंचायत राज एक्ट में हुए बदलाव के बाद लागू हुआ था। रिपोर्ट में इस्तेमाल हुए फंड और पूरे हुए कामों को मापा गया है। इसमें यह नहीं मापा गया है कि उन 29,342 महिलाओं में से कितनी ने अपने फैसले खुद लिए। ठ्ऋर-5 के डेटा से पता चलता है कि यूपी में, 57 परसेंट शादीशुदा महिलाएं बताती हैं कि उनके हेल्थकेयर के बारे में फैसले सिर्फ उनके पति ही लेते हैं। पंचायत घर से अलग संस्था है, लेकिन पूरी तरह से अलग नहीं है। सुशीला देवी की रिजर्व सीट अगले चुनाव में रोटेट होगी। वह जनरल सीट से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पैड यूनिट उनके प्रधान होने पर निर्भर नहीं करती है रल्ठ्ऋफेडरेशन के पास मशीनरी होती है, पंचायत के पास नहीं। यह व्यवस्था नए प्रधान और नए सेक्रेटरी के बाद भी चलती है या नहीं, यह डेटा में रिकॉर्ड नहीं होगा। ठ्ऋर अपना अगला सर्वे 2024-26 में करेगा। इसमें 15 से 24 साल की महिलाओं से पूछा जाएगा कि वे अपने पीरियड्स के दौरान क्या इस्तेमाल करती हैं। धर्मपुर में, उनमें से कुछ महिलाओं का जवाब पिछली बार दिए गए जवाब से अलग होगा। यहां हर नंबर का सोर्स ये हैः ठ्ऋर-5 वढ स्टेट फैक्टशीट (मेंस्टुअल हाइजीन 59%, नेशनल 78%, पति के हेल्थकेयर फैसले 57%), वढ पंचायत राज एक्ट 2010 अमेंडमेंट, वढ पंचायती राज डिपार्टमेंट ने पंचायतों की संख्या 58,195 बताई, ठ्ऋर-6 फील्डवर्क विंडो 2024-26। आखिर में यह लाइन इसलिए है क्योंकि यह एक असली सर्वे साइकिल से जुड़ी है यह कोई दिखावटी दिखावा नहीं है, बल्कि एक फैक्ट है जिसके साथ एक तारीख जुड़ी है।

यूपी पंचायती राज डिपार्टमेंट की 2022-23 की सालाना रिपोर्ट में राज्य की 58,195 ग्राम पंचायतों की लिस्ट है, जिनमें से 29,342 में अभी महिलाएं हेड हैं, जो 50 परसेंट रिजर्वेशन नियम के तहत हैं, जो 2010 में यूपी पंचायत राज एक्ट में हुए बदलाव के बाद लागू हुआ था। रिपोर्ट में इस्तेमाल हुए फंड और पूरे हुए कामों को मापा गया है। इसमें यह नहीं मापा गया है कि उन 29,342 महिलाओं में से कितनी ने अपने फैसले खुद लिए। ठ्ऋर-5 के डेटा से पता चलता है कि यूपी में, 57 परसेंट शादीशुदा महिलाएं बताती हैं कि उनके हेल्थकेयर के बारे में फैसले सिर्फ उनके पति ही लेते हैं। पंचायत घर से अलग संस्था है, लेकिन पूरी तरह से अलग नहीं है। सुशीला देवी की रिजर्व सीट अगले चुनाव में रोटेट होगी। वह जनरल सीट से चुनाव लड़ेंगी। उन्होंने कहा कि पैड यूनिट उनके प्रधान होने पर निर्भर नहीं करती है रल्ठ्ऋफेडरेशन के पास मशीनरी होती है, पंचायत के पास नहीं। यह व्यवस्था नए प्रधान और नए सेक्रेटरी के बाद भी चलती है या नहीं, यह डेटा में रिकॉर्ड नहीं होगा। ठ्ऋर अपना अगला सर्वे 2024-26 में करेगा। इसमें 15 से 24 साल की महिलाओं से पूछा जाएगा कि वे अपने पीरियड्स के दौरान क्या इस्तेमाल करती हैं। धर्मपुर में, उनमें से कुछ महिलाओं का जवाब पिछली बार दिए गए जवाब से अलग होगा। यहां हर नंबर का सोर्स ये हैः ठ्ऋर-5 वढ स्टेट फैक्टशीट (मेंस्टुअल हाइजीन 59%, नेशनल 78%, पति के हेल्थकेयर फैसले 57%), वढ पंचायत राज एक्ट 2010 अमेंडमेंट, वढ पंचायती राज डिपार्टमेंट ने पंचायतों की संख्या 58,195 बताई, ठ्ऋर-6 फील्डवर्क विंडो 2024-26। आखिर में यह लाइन इसलिए है क्योंकि यह एक असली सर्वे साइकिल से जुड़ी है यह कोई दिखावटी दिखावा नहीं है, बल्कि एक फैक्ट है जिसके साथ एक तारीख जुड़ी है।

चिंतन

जीवन-मृत्यु के बीच का नैतिक धर्मसंकट

जीवन की परिभाषा केवल धड़कनों के चलने तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें चेतना और मानवीय गरिमा का होना अनिवार्य है। हाल ही में सुप्रीम कोर्ट द्वारा हरीश राणा के मामले में पैसिव यूथेनेशिया यानि निष्क्रिय इच्छा मृत्यु की अनुमति देना, कानून के शुष्क पन्नों से निकलकर मानवीय संवेदनाओं के धरातल पर लिया गया एक अत्यंत साहसी और ऐतिहासिक फैसला है। पिछले 13 वर्षों से कोमा में पड़े हरीश का मामला हमें यह सोचने पर मजबूर करता है कि क्या हम विज्ञान के सहारे किसी व्यक्ति को जीवित रख रहे हैं या उसे मरने की अनुमति न देकर उसकी गरिमा का अपमान कर रहे हैं? इस पूरी बहस के केंद्र में माइंड डेड की वह भयावह स्थिति है, जिसे समझना आज के दौर में हर किसी के लिए अनिवार्य हो गया है। चिकित्सा विज्ञान स्पष्ट करता है कि जब मस्तिष्क का वह हिस्सा पूरी तरह नष्ट हो जाता है जो चेतना और श्वसन को नियंत्रित करता है, तो व्यक्ति केवल एक भौतिक शरीर रह जाता है। ऐसी स्थिति में मरीज न तो स्पर्श महसूस कर सकता है, न कोई आवाज़ सुन सकता है और न ही किसी प्रकार के दर्द का अनुभव कर सकता है। वह केवल वेंटिलेटर और लाइफ सपोर्ट की मशीनी आवाज़ों के बीच एक कृत्रिम श्वसन प्रक्रिया का हिस्सा बनकर रह जाता है, जिसे जीवन कहना शायद जीवन शब्द का अपमान होगा। संवेदनाओं और वैज्ञानिक सीमाओं का ऐसा ही एक दौर हाल ही में तब देखने को मिला, जब मेरे एक परिचित परिवार में अत्यंत दुखद घटना घटी। एक महिला अपने कमरे में अचानक संतुलन खोकर गिर गईं और बेड के कोने से सिर के पिछले हिस्से में लगी गहरी चोट ने उनके मस्तिष्क को सदा के लिए शांत कर दिया। दो दिनों तक वह अस्पताल में सघन चिकित्सा और भारी-भरकम मशीनों के सहारे सांसें लेती रहीं, लेकिन डॉक्टरों की विशेषज्ञ टीम ने परीक्षणों के बाद स्पष्ट कर दिया कि वह माइंड डेड हैं। ऐसी घड़ी में परिवार के सामने खड़ा धर्मसंकट किसी पहाड़ जैसा था। एक तरफ अपनों को खोने का असहनीय गम था, तो दूसरी तरफ मशीनों में जकड़ा हुआ वह बेजान शरीर। अंततः, डॉक्टरों की स्पष्ट राय और परिजनों की आपसी सहमति से लाइफ सपोर्ट सिस्टम हटाने का वह अत्यंत कठिन और हृदयविदारक निर्णय लिया गया। यह फैसला किसी की जान लेने का प्रयास नहीं था, बल्कि उस महिला को एक यंत्रवत और कष्टकारी जीवन से आज़ाद करने की सर्वोच्च करुणा थी। यह उस आत्मा के प्रति सम्मान था, जिसे प्रकृति ने पहले ही बुला लिया था, पर विज्ञान ने मशीनों की बेड़ियों में बाँध रखा था। सर्वोच्च न्यायालय का यह मानना तर्कसंगत है कि संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत गरिमापूर्ण मृत्यु भी जीने के अधिकार का ही एक अनिवार्य विस्तार है। जब चिकित्सा विज्ञान के तमाम प्रयास विफल हो जाएं और सुधार की कोई न्यूनतम गुंजाइश न बचे, तो मशीनों के प्लग के जरिए किसी की धड़कनों को जबरन खींचना उस व्यक्ति की गरिमा के विरुद्ध है। एक बेड पर सालों तक निर्जीव शरीर की सेवा करना न केवल आर्थिक रूप से परिवार को खोखला कर देता है, बल्कि मानसिक रूप से भी घर के बाकी सदस्यों के जीवन को खंडित कर देता है। भारत में निष्क्रिय इच्छा मृत्यु के लिए बनाए गए कड़े नियम यह सुनिश्चित करते हैं कि इस कानूनी प्रावधान का कभी कोई दुरुपयोग न हो। एक मेडिकल बोर्ड की निगरानी और कानूनी प्रक्रियाओं के बाद ही ऐसा कदम उठाया जाता है, जो यह प्रमाणित करता है कि मरीज अब वापस नहीं लौट सकता। पैसिव यूथेनेशिया का वास्तविक उद्देश्य किसी के जीवन को समय से पूर्व समाप्त करना नहीं है, बल्कि मृत्यु के स्वाभाविक और प्राकृतिक मार्ग में बाधा बनी कृत्रिम दीवारों को हटा देना है। अक्सर समाज में यह तर्क दिया जाता है कि चमत्कार कभी भी हो सकते हैं, लेकिन माइंड डेड की स्थिति में विज्ञान के पास भी कोई उत्तर नहीं होता। ऐसे में करुणा का तकाजा यही है कि हम उस व्यक्ति को शांति से विदा होने दें। हरीश राणा जैसे मामलों में मिली कानूनी अनुमति केवल एक अदालती आदेश नहीं है, बल्कि वर्षों के निशब्द संघर्ष और उस असहनीय पीड़ा का अंत है जिसे शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। हमें यह स्वीकार करना होगा कि जीवन की सार्थकता उसकी गुणवत्ता और चेतना में निहित है, केवल लंबी उम्र में नहीं। हरीश के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगा कि उनके वर्षों के उस लंबे और मौन सफर को अब जाकर अंतिम शांति और सुकून मिला है। उनकी इस गरिमापूर्ण विदाई ने असहनीय पीड़ा की उन तमाम बेड़ियों को हमेशा के लिए काट दिया है, जो उन्हें एक दशक से अधिक समय से जकड़े हुए थीं। अब वह मौन शांत है, वह पीड़ा लुप्त है और वह आत्मा समस्त बंधनों से स्वतंत्र है।

दिलीप कुमार पाठक

पाठकगण अपने विचार responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भेज सकते हैं।

सेंसेक्स से हवाई किराये तक

पश्चिम एशिया के संकट का असर देश में शेयर बाजार से लेकर हवाई किराये तक पर गहराई से महसूस किया जा रहा है. शेयर बाजार के लिए 2026 अब तक भारी गिरावट वाला साल साबित हुआ है. बीते सप्ताह बीएसइ के 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 4,354.98 अंक या 5.51 प्रतिशत नीचे आ गया. जबकि नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1299.35 अंक या 5.31 फीसदी नीचे आ गया. निफ्टी में लगभग 1,300 अंकों की भारी गिरावट बताती है कि यह तेजी का दौर नहीं है.

पश्चिम एशिया के संकट का असर देश में शेयर बाजार से लेकर हवाई किराये तक पर गहराई से महसूस किया जा रहा है. फिलहाल जो स्थिति है, उससे लगता नहीं कि तस्वीर जल्दी बदलने वाली है.

निफ्टी का यह पिछले चार साल में बाजार का सबसे खराब साप्ताहिक प्रदर्शन है. इससे पहले जून, 2022 में निफ्टी में एक सप्ताह के दौरान पांच प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आयी थी. शेयर बाजार में गिरावट की बड़ी वजह पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष और विश्व बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि है. इससे निवेशकों का भरोसा कमजोर पड़ा है और बाजार में बिकवाली का दबाव बढ़ गया है. इसके अलावा कॉरपोरेट नतीजों की सुस्ती, वैश्विक व्यापार का तनाव और एआइ सेक्टर में सीमित हिस्सेदारी भी निवेशकों की धारणा को प्रभावित कर रहे हैं. विशेषज्ञों का मानना है कि इस सप्ताह शेयर बाजार थोक मूल्य आधारित मुद्रास्फीति, व्यापार संतुलन के आंकड़े और विदेशी मुद्रा भंडार जैसे प्रमुख व्यापक आर्थिक संकेतकों पर निर्भर करेगा. भू-राजनीतिक तनावों से देश में हवाई किराये में भी वृद्धि हुई है. बढ़ती तेल कीमतों के बीच एयर इंडिया और इंडिगो के बाद अकासा एयर ने भी फ्लाइट टिकट पर फ्यूल सरचार्ज लगाने का फैसला किया है, जो 199 रुपये से 1,300 रुपये के बीच होगा. घरेलू और अंतरराष्ट्रीय उड़ानों पर लागू होने वाला यह सरचार्ज फ्लाइट की दूरी तथा समय के हिसाब से अलग-अलग होगा. दरअसल पश्चिम एशिया में चल रहे भू-राजनीतिक तनावों की वजह से एटीएफ (एविएशन टरबाइन फ्यूल) की कीमत में तेज वृद्धि हुई है. तेल मार्केटिंग कंपनियों ने एटीएफ के दाम 5,500 रुपये तक बढ़ा दिये हैं, इसलिए एयरलाइन कंपनियों ने फ्लाइट टिकटों पर फ्यूल सरचार्ज लागू कर दिया है. ईंधन की कीमतों में वृद्धि के पीछे तेल कंपनियों ने पश्चिम एशिया में तेल आपूर्ति में आये बड़े व्यवधान को कारण बताया है. एटीएफ एयरलाइन की परिचालन लागत का लगभग 40 फीसदी होता है. दिल्ली और मुंबई जैसे प्रमुख महानगरों में एटीएफ पर उच्च उत्पाद शुल्क और वैट के कारण यह दबाव और बढ़ गया है, जिससे एयरलाइन की ऑपरेटिंग इकोनॉमी पर काफी दबाव पड़ रहा है.

विश्व व्यापार पर ट्रंप टैरिफ का नया दबाव

आनंद कुमार
एसोसिएट फेलो, एमपी-आइडीएसए
anandkmrai@gmail.com

डोनाल्ड ट्रंप ने फिर कई देशों के खिलाफ टैरिफ लगाने की धमकी देकर विश्व व्यापार व्यवस्था में नयी अनिश्चितता पैदा कर दी है. ट्रंप प्रशासन ने व्यापारिक जांचों का रास्ता चुना है. ये जांचें ट्रेड एक्ट, 1974 की धारा 301 के तहत शुरू की गयी हैं, जो अमेरिकी व्यापार नीति में बेहद शक्तिशाली कानूनी प्रावधान माना जाता है. भारत के लिए यह स्थिति असहज करने वाली है, क्योंकि इधर नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में वार्ता चल रही थी.

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने फिर दुनिया के कई देशों के खिलाफ टैरिफ लगाने की धमकी देकर विश्व व्यापार व्यवस्था में नयी अनिश्चितता पैदा कर दी है. पिछले कुछ साल में ट्रंप प्रशासन की आर्थिक रणनीति का सबसे प्रमुख उपकरण टैरिफ ही रहा है. यह कदम तब सामने आया है, जब हाल ही में अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाये गये वैश्विक टैरिफ को अवैध करार दिया था. अदालत के इस फैसले ने अमेरिकी सरकार की व्यापारिक रणनीति को झटका दिया और कई देशों के साथ चल रही व्यापार वार्ताओं की दिशा भी अचानक बदल गयी. कई देश थे, जिन्होंने अमेरिका के साथ नये द्विपक्षीय व्यापार समझौते किये थे या ऐसे समझौतों पर बातचीत कर रहे थे, ताकि वे ट्रंप द्वारा लगाये जाने वाले संभावित टैरिफ से बच सकें. पर जब अदालत ने इन टैरिफ को अवैध ठहरा दिया, तब यह सवाल खड़ा हो गया कि अमेरिका अब अपने व्यापारिक दबाव को किस तरह बनाये रखेगा. इसी पृष्ठभूमि में ट्रंप प्रशासन ने एक नयी रणनीति अपनाते हुए व्यापारिक जांचों का रास्ता चुना है. ये जांचें ट्रेड एक्ट, 1974 की धारा 301 के तहत शुरू की गयी हैं, जो अमेरिकी व्यापार नीति में एक बेहद शक्तिशाली कानूनी प्रावधान माना जाता है.

इस कानून के तहत अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि कार्यालय को अधिकार प्राप्त है कि वह उन देशों के खिलाफ जांच शुरू करे, जिन पर अमेरिका के साथ अनुचित व्यापारिक व्यवहार करने का आरोप हो. यदि जांच में आरोप सही पाये जाते हैं, तो अमेरिका उन देशों के खिलाफ जवाबी कदम उठाते हुए टैरिफ या अन्य व्यापारिक प्रतिबंध लगा सकता है. इस प्रकार धारा 301 अमेरिकी प्रशासन को कानूनी ढांचे के भीतर रहते हुए अपने व्यापारिक हितों की रक्षा करने का एक महत्वपूर्ण साधन प्रदान करती है. ट्रंप प्रशासन का तर्क है कि जिन देशों के खिलाफ जांच शुरू की गयी है, वे अपनी औद्योगिक नीतियों और उत्पादन ढांचे के माध्यम से वैश्विक बाजार में असंतुलन पैदा कर रहे हैं. जिन देशों को इस जांच के दायरे में लाया गया है, वे वैश्विक अर्थव्यवस्था के एक बड़े हिस्से का प्रतिनिधित्व करती हैं. इनमें भारत, चीन और जापान जैसे बड़े औद्योगिक राष्ट्रों के अलावा वियतनाम, थाईलैंड, मलेशिया, इंडोनेशिया, कंबोडिया, बांग्लादेश, सिंगापुर, स्विट्जरलैंड, नॉर्वे और ताइवान आदि शामिल हैं. यह सूची संकेत देती है कि अमेरिका वैश्विक उत्पादन और व्यापार की संरचना को ही चुनौती देने की कोशिश कर रहा है. दिलचस्प यह है कि इस सूची में कनाडा नहीं है, जबकि वह अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में एक है. इसका एक कारण यह हो सकता है कि उत्तरी अमेरिका की अर्थव्यवस्था काफी हद तक एक-दूसरे से जुड़ी है और अमेरिका तथा कनाडा के बीच आपूर्ति शृंखलाएं अत्यंत घनिष्ठ हैं. यह भी संभव है कि अमेरिका उन देशों पर अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है, जिनके साथ उसका व्यापार घाटा अपेक्षाकृत अधिक है. इन जांचों का परिणाम 2026 की गर्मियों तक सामने आ सकता है और उसके बाद नये टैरिफ लगाये जा सकते हैं. अप्रैल तक सार्वजनिक टिप्पणियां आमंत्रित की जायेंगी और मई के आसपास सुनवाई आयोजित की जायेगी. यदि जांच में यह निष्कर्ष निकाला जाता है कि संबंधित देशों ने अनुचित व्यापारिक नीतियां अपनाई हैं, तो जुलाई से पहले ही नये टैरिफ लागू किये जा सकते हैं. इस समयसीमा का एक कारण यह भी है कि ट्रंप प्रशासन द्वारा पहले लगाये गये अस्थायी टैरिफ जल्द ही समाप्त होने वाले हैं.

भारत के लिए यह स्थिति असहज करने वाली है, क्योंकि इधर नयी दिल्ली और वाशिंगटन के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने की दिशा में वार्ता चल रही थी. दोनों के बीच कई मुद्दों पर मतभेद भी रहे हैं, जिनमें बाजार पहुंच, कृषि उत्पादों पर शुल्क और औद्योगिक वस्तुओं के व्यापार से जुड़े सवाल शामिल हैं. यदि अमेरिका इन जांचों के बाद नये टैरिफ लागू करता है, तो इससे भारत-अमेरिका व्यापार संबंधों में नयी जटिलताएं पैदा हो सकती हैं. अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि पिछले दशकों में वैश्विक व्यापार व्यवस्था ऐसी दिशा में विकसित हुई है जिसमें कई देशों ने अमेरिकी बाजार तक आसान पहुंच तो प्राप्त कर ली, लेकिन अपने घरेलू बाजारों को पर्याप्त रूप से नहीं खोला. ट्रंप प्रशासन के अनुसार इस असंतुलन के कारण अमेरिका का व्यापार घाटा बढ़ता गया और कई अमेरिकी उद्योगों को नुकसान हुआ. इसलिए प्रशासन का मानना है कि टैरिफ या टैरिफ की धमकी का इस्तेमाल कर ही अन्य देशों को अधिक संतुलित व्यापार व्यवस्था की ओर प्रेरित किया जा सकता है.

हालांकि इस रणनीति के परिणामों को लेकर मतभेद हैं. कई अर्थशास्त्रियों के मुताबिक, टैरिफ अल्पकालिक रूप से घरेलू उद्योगों को कुछ राहत दे सकते हैं, पर लंबे समय में वे वैश्विक आपूर्ति शृंखलाओं को बाधित कर सकते हैं और उपभोक्ताओं के लिए कीमतें बढ़ा सकते हैं. यदि अन्य देश जवाबी टैरिफ लगाते हैं, तो इससे व्यापार युद्ध की स्थिति पैदा हो सकती है, जिसका असर विश्व अर्थव्यवस्था पर पड़ सकता है. इन जांचों की घोषणा ऐसे समय में भी हुई है, जब अमेरिका और चीन के बीच उच्च-स्तरीय वार्ता होने की संभावना जतायी जा रही है. खबर है कि दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी जल्द ही पेरिस में मुलाकात कर सकते हैं, जो आगे चलकर ट्रंप और शी जिनपिंग के बीच संभावित शिखर बैठक का मार्ग प्रशस्त कर सकती है. ऐसे में, यह देखना दिलचस्प होगा कि क्या ये व्यापारिक जांचें कूटनीतिक बातचीत पर दबाव बनाने का एक साधन बनती हैं या फिर वे दोनों देशों के संबंधों में और अधिक तनाव पैदा करती हैं. कुल मिलाकर, ट्रंप प्रशासन की नयी पहल इस बात का संकेत देती है कि अमेरिका वैश्विक व्यापार नीति में अपने हितों की रक्षा के लिए टैरिफ को एक महत्वपूर्ण हथियार के रूप में इस्तेमाल करता रहेगा. अदालत के फैसले के बाद भी वाशिंगटन ने अपने रुख में कोई नरमी नहीं दिखाई है, बल्कि उसने एक नया कानूनी रास्ता अपनाकर दबाव की रणनीति जारी रखी है. आने वाले महीनों में यह स्पष्ट होगा कि इन जांचों का परिणाम क्या निकलता है और क्या वे वास्तव में वैश्विक व्यापार व्यवस्था को किसी नयी दिशा में ले जाते हैं या फिर वे केवल एक और व्यापारिक टकराव का कारण बनते हैं. फिलहाल इतना तय है कि दुनिया की कई अर्थव्यवस्थाएं आने वाले समय में अमेरिकी व्यापार नीति के इस नये चरण पर करीबी नजर बनाये रखेंगी. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

भारत को अपनी डिजिटल संपदा की रक्षा करनी होगी

अशोक गौतम
मैनेजिंग पार्टनर, एएसटी कंसल्टिंग
ashokpundit@gmail.com

इतिहास गवाह है कि जो देश केवल कच्चे माल का निर्यात करते हैं, वे कभी मूल्य शृंखला के शीर्ष पर नहीं पहुंचते. लिहाजा, यदि विदेशी कंपनियां हमारे डेटा से स्वयं को शक्तिशाली बनाकर वही तकनीक हमें बेचती हैं, तो इससे एक गंभीर आर्थिक विषमता पैदा होगी. यह एक प्रकार का 'डिजिटल उपनिवेशवाद' है. इससे पहले कि हमारे हाथों से फिसल जाए, हमें अपनी डिजिटल संपदा की रक्षा करनी होगी.

पिछले कई महीनों से भारतीय डिजिटल प्लेटफॉर्मों पर एक शांत, पर खतरनाक पैटर्न उभर रहा है. हमारे प्रमुख पोर्टलों पर अचानक चीनी आइपी एड्रेस से ट्रैफिक में भारी उछाल देखा गया है. यह व्यवहार किसी सामान्य यूजर का नहीं, बल्कि 'ऑटोमेटेड डाटा स्क्रैपिंग' का है. जब इन रास्तों को ब्लॉक किया जाता है, तो यही ट्रैफिक सिंगापुर और अन्य वैश्विक क्लाउड नोड्स के माध्यम से फिर से लौट आता है. यह कोई रैंडम प्रक्रिया नहीं, बल्कि एक अत्यंत संगठित और औद्योगिक स्तर की डाटा माइनिंग है. यह संकेत है कि भारत का डिजिटल इकोसिस्टम बिना किसी स्पष्ट लाभ के, वैश्विक एआइ की दौड़ को ईंधन दे रहा है. आज आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मुख्य रूप से तीन स्तंभों पर टिका है : कंप्यूटिंग शक्ति, प्रतिभा और डाटा. कंप्यूट खरीदा जा सकता है और प्रतिभाओं को काम पर रखा जा सकता है, लेकिन डाटा वह बुनियादी तत्व है, जिसे लगातार 'हार्वेस्ट' करना पड़ता है.

'स्टैनफोर्ड एआइ इंडेक्स रिपोर्ट, 2024' स्पष्ट करती है कि जहां अमेरिका मॉडल बनाने में आगे है, वहीं चीन एआइ पेटेंट में, पर असली युद्ध डाटा के नियंत्रण का है. एआइ मॉडल्स अब स्थिर नहीं हैं, उन्हें हर पल अपडेट किया जाना आवश्यक है. वे नये व्यवहार और भाषाई लहजे को सीख रहे हैं. जो देश इन डाटा पाइपलाइनों को सुरक्षित कर लेते हैं, वे एआइ की रेस में आगे निकल रहे हैं, जबकि विदेशी प्रणालियों पर निर्भर देश रणनीतिक रूप से पिछड़ रहे हैं. भारत इस मामले में दुनिया की सबसे बड़ी 'डाटा रिफाइनरी' है. हमारे पास यूपीआइ के करोड़ों ट्रांजैक्शन, आधार से जुड़ी सेवाएं और ग्रामीण भारत का डिजिटल डाटा है. जितनी डाटा विविधता भारत के पास है, उतनी शायद ही किसी अन्य राष्ट्र के पास हो. हमारी 22 आधिकारिक भाषाएं एआइ के लिए अतुलनीय खजाना हैं. इसके बावजूद, भारत के पास अभी तक अपना कोई विशाल 'सॉवरेन फ्रंटियर मॉडल' नहीं है. परिणामस्वरूप, हमारी अधिकांश कंपनियां और सरकारी विभाग विदेशी एआइ मॉडलों के भरोसे हैं. यहीं पर अर्थशास्त्र और भू-राजनीति का खतरनाक मेल दिखता है. एआइ की लागत आज सबसे बड़ा कारक है. जहां अमेरिकी कंपनियों के फ्लैगशिप मॉडल महंगे हैं, वहीं चीन की एआइ फर्में, अपने मॉडलों को बहुत ही कम कीमतों पर उतार रही हैं. सार्वजनिक रिपोर्ट बताती हैं कि चीनी एआइ मॉडलों का उपयोग अमेरिकी मॉडलों की तुलना में कई गुना सस्ता है. उभरते बाजारों में कंपनियां केवल तकनीकी श्रेष्ठता नहीं, किफायत देखती हैं. समय के साथ, यह 'सस्ती विदेशी बुद्धि' हमारे पूरे सिस्टम का आधार बन जायेगी.

इस गणना में हम एक रणनीतिक चूक कर रहे हैं. एआइ अब केवल एक सॉफ्टवेयर टूल नहीं, भविष्य का 'कॉग्निटिव इंफ्रास्ट्रक्चर' (संज्ञानात्मक बुनियादी ढांचा) है. यह तकनीक क्रेडिट स्कोरिंग, बीमा पॉलिसी, कृषि परामर्श और चिकित्सा निदान तक को नियंत्रित करेगी. यदि इस बुनियादी ढांचे की 'बुद्धि' विदेशी स्वामित्व वाली है, तो हमारे समाज के महत्वपूर्ण निर्णय लेने वाले एल्गोरिदम भी विदेशी हितों से प्रभावित होंगे. यह एक प्रकार का 'डिजिटल उपनिवेशवाद' है, जहां भारत अपना कच्चा माल (डाटा) मुफ्त दे रहा है और बदले में तैयार माल (एआइ मॉडल) किराये पर ले रहा है. इतिहास गवाह है कि जो देश केवल कच्चे माल का निर्यात करते हैं, वे कभी मूल्य शृंखला के शीर्ष पर नहीं पहुंचते. यदि विदेशी कंपनियां हमारे डाटा से स्वयं को शक्तिशाली बनाकर वही तकनीक हमें बेचती हैं, तो यह एक गंभीर आर्थिक विषमता पैदा करेगा. भारत की घरेलू क्षमताएं इस निर्भरता के बोझ तले दम तोड़ देंगी. भारत सरकार ने 'इंडिया एआइ मिशन' के माध्यम से इस खतरे को पहचाना है. कंप्यूटिंग शक्ति के लिए फंड का आवंटन सही दिशा में कदम है, परंतु तकनीकी प्रगति की गति घातीय (एक्सपोनेंशियल) है. एआइ इकोसिस्टम बहुत जल्दी 'लॉक-इन' हो जाते हैं. एक बार जब कोई डेवलपर किसी विदेशी एपीआइ के इर्द-गिर्द अपना पूरा वर्कफ्लो तैयार कर लेता है, तो उसे बदलना लगभग असंभव होता है. नेटवर्क प्रभाव स्थापित होने के बाद नये खिलाड़ियों के लिए रास्ता बनाना कठिन होता है.

आज भारत के सामने दो स्पष्ट विकल्प हैं. पहला, अल्पकालिक लागत पर ध्यान दें, विदेशी एआइ का उपभोग जारी रखें और अपनी बुद्धि को आउटसोर्स कर दें. दूसरा, एआइ को एक 'संप्रभु क्षमता' के रूप में देखें. इसके लिए हमें राष्ट्रीय स्तर के कंप्यूट क्लस्टर्स बनाने होंगे और डाटा स्क्रैपिंग के लिए कड़े कानून लाने होंगे. हमें स्थानीय संदर्भों में प्रशिक्षित फाउंडेशन मॉडलों के विकास के लिए निजी और सार्वजनिक क्षेत्र के बीच सहयोग स्थापित करना होगा. हालिया डाटा माइनिंग की घटनाएं चेतावनी है, वैश्विक ताकतें हमारे डाटा की कीमत हमसे बेहतर समझ रही हैं. आने वाली सदी उन राष्ट्रों की होगी जो डाटा से 'बुद्धि' का निर्माण करते हैं. भारत को अब यह तय करना है कि वह भविष्य के एआइ युग में निर्माता बनेगा या केवल एक ग्राहक. लंबे समय में, जो राष्ट्र अपनी 'बुद्धि' किराये पर लेते हैं, वे अंततः अपनी रणनीतिक स्वायत्तता भी खो देते हैं. इससे पहले कि हमारे हाथों से फिसल जाए, हमें अपनी डिजिटल संपदा की रक्षा करनी होगी. **(ये लेखक के निजी विचार हैं.)**

देश दुनिया

मध्य-पूर्व में उपजे संकट की सर्वाधिक कीमत सबसे गरीब व कमजोर लोग चुका रहे हैं

अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर किये गये हमले और तेहरान की जवाबी कार्रवाई ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को हिलाकर रख दिया है. उपभोक्ता पहले से ही इतिहास के सबसे बड़े ऊर्जा आपूर्ति संकट का दर्द महसूस कर रहे हैं, तिस पर ईरान के नये सर्वोच्च नेता, अयातुल्ला मोजतबा खामेनेई ने बीते सप्ताह अपने एक बयान में कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य बंद रहेगा. यह गलियारा वैश्विक ऊर्जा प्रणाली के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है. अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी द्वारा अब तक के सबसे बड़ा तेल भंडार जारी करने से तेल की कीमतों में जो राहत मिली थी, वह अल्पकालिक साबित हुई, जैसे ही अमेरिका और इस्राइल ने ईरान पर हमले तेज किये, ईरान ने खाड़ी क्षेत्र में परिवहन से जुड़े बुनियादी ढांचे पर हमले तेज कर दिये. परंतु इसका प्रभाव समान रूप से महसूस नहीं हो रहा है. एशिया में, जो कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस के लिए मध्य-पूर्व पर अत्यधिक निर्भर है, इसका प्रभाव अधिक महसूस हो रहा है. बांग्लादेश ने ईंधन की कमी के कारण अपने सभी विश्वविद्यालय और पाकिस्तान ने अपने कुछ स्कूल बंद कर दिये हैं. देखा जाये, तो इस युद्ध की कीमत दुनिया के सबसे गरीब और सबसे कमजोर लोग कहीं अधिक चुका रहे हैं. इस युद्ध ने एक नया मानवीय संकट भी उत्पन्न किया है- ईरान और लेबनान में लाखों लोग विस्थापित हो गये हैं, स्वास्थ्य सुविधाएं बुरी तरह प्रभावित हुई हैं, और हजारों आवासीय भवन क्षतिग्रस्त हो गये हैं. उधर कई देशों को प्रवासी कामगारों से मिलने वाली धनराशि में कमी का सामना करना पड़ रहा है. मध्य-पूर्व संकट से उपजे आर्थिक संकट का अर्थ लाखों लोगों के लिए सिर्फ तंगहाल परिस्थितियां ही नहीं, जीवन-मृत्यु के बीच का अंतर हो सकता है. भले ही संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठन होर्मुज जलडमरूमध्य से मानवीय सहायता काफिलों की सुरक्षित आवाजाही और हवाई क्षेत्र प्रतिबंधों के बीच आवश्यक वस्तुओं को प्राथमिकता देने के लिए दबाव डाल रहे हैं, पर सबसे ज्यादा जरूरत इस युद्ध को समाप्त करने की है.

बोधि वृक्ष

परचाताप की भावना

पश्चाताप सुखद अहसास नहीं है, पर इस भावना का भी अपना एक विशिष्ट उद्देश्य होता है. यदि आपके भीतर यह भावना विकसित होती है, तो निश्चित तौर पर यह आपको अपना और दूसरों का नुकसान करने से रोकेगी. जब कभी समान स्थितियां उपस्थित होंगी, तब पश्चाताप या गिल्ट की भावना ही आपको दोबारा वैसा करने से रोकेगी. पश्चाताप होना सकारात्मक है, पर यह केवल उसी क्षण तक होना चाहिए, जब इसे दिमाग और जेहन में रखकर आगे बढ़ा जाता है, तो यह एक दीमक की भांति आपको अंदर तक खोखला बना सकता है. आपको पश्चाताप की भावना से बाहर निकलने में निपुण होने के साथ ही, यह भी ध्यान रखना चाहिए कि आप अपने भीतर से उसे पूरी तरह हटा न दें. ऐसा तभी होगा जब आप समझेंगे कि आपके द्वारा किये गये कार्यों के लिए केवल आप ही जिम्मेदार नहीं हैं. कुछ हद तक अपने भीतर पश्चाताप की भावना रखनी है, क्योंकि यह आपके संबंधों को बनाये रखती है. यह भावना आपको पूर्व में किये गये गलत कार्यों में दोबारा शामिल होने से रोकती है.

गलती ऐसी चीज है जो आपको हर समय चुभती है. यह भावना आपकी चेतना तक पहुंचकर उस गलती को दोबारा होने से रोकती है. आपको अपने भीतर वह चुभन रखनी चाहिए, ताकि पश्चाताप की भावना परेशान न करे. जब आप ऐसा कर पाने में सफल हो जायेंगे, तब बौद्धिक क्षमता की परिपक्वता जाहिर होगी, अन्यथा आप कभी अपने कृत्यों की गंभीरता को समझ नहीं पायेंगे. जिस व्यक्ति ने वह गलती की थी, उसने अपना बैग पैक कर लिया है और वह यहां से जा चुका है. अब आपके भीतर एक नया मनुष्य है, जिसे अपनी भूल का अहसास है. वर्तमान क्षण की सुंदरता का आदर करें. श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा था, 'मैं तुम्हें तुम्हारे सभी पापों से मुक्त कर दूंगा, तुम बस मेरी शरण में आ जाओ. इसके बाद यह मेरा कर्तव्य है कि मैं तुम्हारे उन पापों के लिए क्या करता हूं. चिंता मत करो, जो कुछ भी तुम्हारे भीतर है उसे बाहर निकाल दो- तुम्हारा धर्म भी. जो चीजें तुम्हें बांधकर रखती हैं उससे मुक्त हो जाओ, उन्हें छोड़कर मेरे पास आ जाओ.'

-श्री श्री रवि शंकर

प्रबंध सूत्र

गेम में बने रहना भी सफलता है

संजू सैमसन भारतीय टीम के टी-20 फॉर्मेट के अनिवार्य खिलाड़ी बन जायेंगे, यह बात दो महीने पहले तक कोई मानने को तैयार न था. पर अब सब मानते हैं. संजू सैमसन की कामयाबी के कुछ ऐसे सबक हैं, जो हम सबको सीखने चाहिए. गेम में आप तभी कामयाब होंगे, जब आप गेम में होंगे.

आलोक पुराणिक
स्तंभकार
puranika@gmail.com

भारतीय क्रिकेट में अभी प्रतिभा का विस्फोट काल है. बेहतरीन खिलाड़ियों को भी ग्यारह की टीम में जगह मिले, यह जरूरी नहीं है. जिन्हें राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिली, वे आइपीएल खेलें, राज्यों की टीमों में खेलें, रणजी ट्रॉफी खेलें. मूल बात है गेम में बने रहना. गेम से ही बाहर हो गये, तो कामयाबी की कोई संभावना नहीं है. इसलिए बड़े खिलाड़ी भी रणजी ट्रॉफी खेलते दिख जाते हैं. संजू सैमसन भी ऐसे ही कहीं न कहीं खेलते रहे. वरना यह अहंकार आना बहुत आसान होता है कि एक बार राष्ट्रीय स्तर पर खेलने वाला राज्य स्तर के टूर्नामेंट में क्यों शरीक हो?

ऐसे लोग हैं, जो कुछ समय कहानी लिखते हैं, पर छोड़ देते हैं, फिर कविता पर जोर आजमाइश करते हैं, छोड़ देते हैं. फिर उपन्यास पर जाते हैं, छोड़ देते हैं. फिर उन्हें एक दिन पता लगता है कि कई दशक निकल गये, न तो कहानीकार बने, न कवि. भारतीय क्रिकेट के हालिया दौर में संजू सैमसन की कहानी हमें गहरा सबक देती है. कभी चयन हुआ, कभी बाहर कर दिये गये, पर उन्होंने हार नहीं मानी. वह रणजी ट्रॉफी, आइपीएल और घरेलू टूर्नामेंटों में लगातार खेलते रहे. यही निरंतरता उन्हें आज टी-20 टीम का अहम हिस्सा बना चुकी है. सफलता का पहला नियम है-गेम में बने रहना. जो भी कर रहे हैं, उसमें निरंतरता चाहिए. कई बार खिलाड़ी या लेखक सोच लेते हैं कि मैं राष्ट्रीय स्तर का हूं, हर मंच पर क्यों जाऊं. यही सोच उन्हें धीरे-धीरे खेल से बाहर कर देती है. संजू सैमसन ने इस अहंकार को अपने पास फटकने नहीं दिया. परिणाम आज सबके सामने है.

लेखन और कला में भी यही सूत्र लागू होता है. कहानी लिखना शुरू किया, फिर बीच में छोड़ दिया. फिर कविता की ओर गये और छोड़ दिया. फिर उपन्यास की ओर गये और छोड़ दिया. ऐसे में, अंत में कुछ भी नहीं बन पायेंगे. नौकरी में उतार-चढ़ाव आयेंगे, लेकिन टिके रहना जरूरी है. व्यवसाय में घाटा हो सकता है, पर निरंतरता ही उसे लाभ तक ले जाती है. जीवन का हर क्षेत्र एक 'गेम' है. इसमें बने रहना ही जीत की संभावना को जीवित रखता है. बाहर हो गये, तो अवसर खत्म. संजू सैमसन की कहानी यही सिखाती है कि चाहे कितनी भी कठिनाइयां आयें, गेम में बने रहना ही सफलता का पहला और अंतिम सूत्र है.

आपके पत्र

सही समय पर उठाया गया कदम

खाड़ी युद्ध के कारण उत्पन्न होने वाली संभावित गैस किल्लत को रोकने के लिए सरकार ने आवश्यक वस्तु अधिनियम लागू कर दिया है, जो दूरदर्शी कदम है. माना जा रहा है कि सरकार ने पिछले अनुभवों से सबक लेते हुए यह निर्णय लिया है. यह कदम सुनिश्चित करता है कि संकट के समय व्यापारी मनमाने दाम न वसूलें, जिससे आम आदमी की थाली और परिवहन बजट पर बोझ न बढ़े. सरकार का यह निर्णय देश की ऊर्जा सुरक्षा बनाये रखने के लिए समय पर उठाया गया कदम है.

युगल किशोर राही, छपरा

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाएं

देश के ग्रामीण और शहरी स्वास्थ्य सेवाओं में बड़ा अंतर है. जहां शहरों में आधुनिक सुविधाओं से संपन्न कई बड़े व मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल हैं, वहीं ग्रामीण क्षेत्र ऐसी सुविधाओं व अस्पतालों से वंचित हैं. वहां आम तौर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व छोटे अस्पताल ही होते हैं, जिनमें कई बार जरूरी दवाइयां और टीके भी उपलब्ध नहीं होते. सरकार से आग्रह है कि वह ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में भी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराए, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों को परेशानी न हो.

हेमलता रानी, गढ़वा

मार्केट कैप एसबीआइ ₹89,306.22 करोड़ | एचडीएफसी बैंक ₹61,715.32 करोड़ | बजाज फाइनेंस ₹59,082.49 करोड़ | टीसीएस ₹53,312.52 करोड़

prabhatkhabar.com

क्विक बाइट्स

ईस्ट कोस्ट रेलवे एक साल में 500 मिलियन टन माल ढुलाई वाला पहला जोन

भुवनेश्वर. ईस्ट कोस्ट रेलवे ने एक ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है. यह भारतीय रेलवे के इतिहास में एक ही वर्ष में 500 मिलियन टन माल संभालने वाला पहला रेलवे जोन बन गया है. इस वर्ष के दौरान, ईस्ट कोस्ट रेलवे ने 262.9 मिलियन टन लोडिंग की, जिसमें 10.4% की वृद्धि दर्ज की गयी. वहीं, अनलोडिंग 237.6 मिलियन टन तक पहुंच गयी, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9% की वृद्धि दिखाती है. इस रिकॉर्ड लोडिंग में कोयला, लौह अयस्क, स्टील, सीमेंट और अन्य आवश्यक वस्तुओं जैसे थोक सामानों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है.

रत्न एवं आभूषण निर्यात 3.86% बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर पर पहुंचा

मुंबई. भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया. उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेइपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गयी. आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था. अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा और यह 2,593.37 करोड़ डॉलर रहा. जबकि इससे एक वर्ष पहले इसी अवधि में यह 2,591.58 करोड़ डॉलर था.

संसदीय समिति की रिपोर्ट. मुकदमे कम होंगे, तो करदाताओं को मिलेगी राहत

आयकर संबंधी मुकदमों में कमी लाने के लिए बदलाव की सिफारिश

एजेंसियां, नयी दिल्ली

भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली संसदीय समिति ने आयकर विभाग की मुकदमा नीति में कुछ बड़े बदलाव की सिफारिश की है, जिन्हें अगर मान लिया गया, तो देश के लाखों करदाताओं को राहत की सांस मिल सकती है. समिति ने आंकड़े सामने रखते हुए बताया कि साल 2024-25 में हाईकोर्ट में आयकर विभाग को सिर्फ 12% मामले में ही जीत मिली है. वहीं ट्रिब्यूनल में विभाग की जीत का प्रतिशत सिर्फ 14.5% रहा. इसका मतलब है कि विभाग जो भी मामला अदालत में ले जा रहा है, उनमें से लगभग 85% से 88% मामलों में वह हार रहा है. समिति ने कहा है कि विभाग को हर मामले में बिना किसी ठोस वजह के अपील नहीं करनी चाहिए. इसके बजाय एक विशेषज्ञों की टीम बनायी जाए. ये टीम हाईकोर्ट या सुप्रीम कोर्ट जाने से पहले मामले की अच्छे से जांच करे कि क्या केस जीतने लायक है भी या नहीं.

हर मामले में नहीं करनी चाहिए अपील

समिति का कहना है कि विभाग को मशीन की तरह हर मामले में अपील नहीं करनी चाहिए, बल्कि पहले ये देखना चाहिए कि केस कितना मजबूत है. आंकड़ों के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 तक आईटीएटी के पास 3.64 लाख करोड़ रुपये से अधिक की विवादित राशि वाले 23,230 मामले पेंडिंग हैं. इसी तरह उच्च न्यायालय में 5.65 लाख करोड़ रुपये के 41,321 मामले और उच्चतम न्यायालय में 25,403 करोड़ रुपये की मांग वाले 6,880 मामले ऐसे हैं, जिन पर अभी तक कोई फैसला नहीं आया है.

मुकदमेबाजी के प्रति बदलना होगा रवैया

समिति ने रिपोर्ट में कहा है कि आयकर विभाग को मुकदमेबाजी के प्रति अपना रवैया बदलना होगा. फिजूल के केस लड़ने से न केवल सरकारी पैसा और समय बर्बाद होता है, बल्कि करदाताओं को भी बिना वजह परेशानी झेलनी पड़ती है. समिति ने कहा कि अधिकारी अक्सर सिर्फ इसलिए अदालतों में अपील कर देते हैं जिससे बाद में उन पर यह आरोप न लगे कि उन्होंने टैक्स वसूलने में ढिलाई की है. वे अपनी जिम्मेदारी या विजिलेंस जांच के डर से बचने के लिए बस केस फाइल कर देते हैं, चाहे उस केस में दम हो या ना हो.

एयर इंडिया ने ट्रैवल पॉलिसी के दुरुपयोग पर 4,000 से अधिक कर्मियों पर की कार्रवाई

एजेंसियां, नयी दिल्ली/मुंबई

एयर इंडिया ने अपने कर्मचारियों के लिए निर्धारित अवकाश यात्रा नीति (इएलटी) के उपयोग में बड़े पैमाने पर विसंगतियां पायी हैं. सूत्रों के अनुसार, इस मामले में 4,000 से अधिक कर्मचारी शामिल हैं और एयरलाइन ने दोषी कर्मचारियों पर जुर्माना लगाने सहित सुधारात्मक कार्रवाई शुरू कर दी है. इस समय एयरलाइन एक महत्वाकांक्षी परिवर्तन योजना को लागू कर रही है. एयर इंडिया में कुल 24,000 से अधिक कर्मचारी हैं. मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया की इएलटी नीति के उपयोग में बड़ी गड़बड़ियों का पता एक विस्तृत आंतरिक जांच के बाद चला. इएलटी नीति के तहत कर्मचारियों और उनके द्वारा नामित व्यक्तियों (जैसे जीवनसाथी और माता-पिता) को एक निश्चित संख्या में मुफ्त हवाई टिकट दिये जाते हैं. यह सुविधा कुछ शर्तों के अधीन होती है. सूत्रों ने बताया कि कई कर्मचारियों ने उन लोगों को अपना रिश्तेदार बताकर इस नीति का दुरुपयोग किया, जिनसे उनका कोई संबंध नहीं था. कुछ मामलों में तो कर्मचारियों ने मुफ्त टिकट लेकर उन्हें ऊंचे दामों पर बाहरी लोगों को बेच दिया.

एक अप्रैल से महंगा हो जायेगा फास्टैग वार्षिक पास

नयी दिल्ली. भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने फास्टैग वार्षिक पास के लिए लागू शुल्क में संशोधन करने का निर्णय लिया है. वित्त वर्ष 2026-27 के लिए यह शुल्क 3000 रुपये से बढ़ कर 3075 रुपये कर दिया जायेगा. सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के अनुसार यह नया शुल्क ढांचा 01 अप्रैल,2026 से प्रभावी होगा. अधिकारियों ने बताया कि 31 मार्च 2026 तक यह पास 3000 रुपये में ही खरीदा जा सकता है. जो लोग इसके बाद यानी 01 अप्रैल से फास्टैग वार्षिक पास खरीदेंगे, उन्हें 75 रुपये अधिक देना होगा.

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए रिफाइनरी कीमतों पर रोक की तैयारी

एजेंसियां, नयी दिल्ली

सरकारी पेट्रोलियम कंपनियां (ओएमसी) ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से उन्हें हो रहे घाटे को कम करने के लिए रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत देने पर विचार कर रही हैं. इस कदम से एमआरपीएल, सीपीसीएल और एचएमएल जैसी एकल रिफाइनरी कंपनियों पर बुरा असर पड़ सकता है. पश्चिम एशिया संकट से पहले अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें लगभग 70 डॉलर प्रति बैरल थीं, जो अब बढ़कर 100 डॉलर के पार पहुंच गयी हैं. हालांकि, भारत में पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतें स्थिर बनी हुई हैं, जिससे पेट्रोलियम कंपनियों को इस बढ़ोतरी का बोझ खुद उठाना पड़ रहा है. मामले की जानकारी रखने वाले सूत्रों ने बताया कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं. इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है. सूत्रों ने यह भी कहा कि यदि आरटीपी पर रोक या छूट निजी रिफाइनरियों पर भी लागू की जाती है, तो नायरा एनर्जी और रिलायंस इंडस्ट्रीज जैसे रिफाइनरी कंपनियां भी प्रभावित होंगी.

रिफाइनरियां नहीं बढ़ा पायेंगी कीमत

पश्चिम एशिया संकट लंबे समय तक बना रहता है और इसके साथ-साथ यदि वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतें ऊंची बनी रहती हैं, तो इस प्रस्तावित कदम से रिफाइनरियां कच्चे तेल की बढ़ी हुई लागत का पूरा बोझ आरटीपी के जरिये आगे नहीं बढ़ा पायेंगी और उन्हें इस प्रभाव का एक हिस्सा खुद वहन करना होगा. सूत्रों के अनुसार इंडियन ऑयल, बीपीसीएल और एचपीसीएल जैसी एकीकृत कंपनियां अपने रिफाइनिंग और मार्केटिंग के बीच इस घाटे की भरपाई कर सकती हैं.

कुछ औद्योगिक ग्राहकों के लिए गैस की कीमत घटायी गयी

अदाणी-टोटल गैस

एजेंसियां, नयी दिल्ली

अदाणी टोटल गैस ने कुछ औद्योगिक ग्राहकों को आपूर्ति की जाने वाली अतिरिक्त प्राकृतिक गैस के दाम 119.90 रुपये प्रति मानक घन मीटर से घटाकर 82.95 रुपये प्रति मानक घन मीटर कर दिये हैं. यह बदलाव 16 मार्च की सुबह छह बजे से लागू होगा. संयुक्त उद्यम ने कहा कि यह मूल्य संशोधन उपभोक्ताओं तक कम कीमत का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से किया गया है. साथ ही यह मौजूदा आपूर्ति प्रतिबंधों के दौरान प्रणाली की स्थिरता बनाये रखने और गैस का समान वितरण सुनिश्चित करने के लिए भी है. कंपनी ने वाणिज्यिक और औद्योगिक ग्राहकों से कहा था कि वे गैस खपत का केवल 40 प्रतिशत ही उपयोग करें.

बड़े आइपीओ को आसान बनाने के लिए पब्लिक शेयर होल्डिंग के नियमों में ढील

एजेंसियां, नयी दिल्ली



वित्त मंत्रालय ने शेयर बाजारों में सूचीबद्ध होने वाली कंपनियों के मिनिमम पब्लिक शेयर होल्डिंग से जुड़े नियमों में संशोधन किया है. इसके तहत एक श्रेणीबद्ध ढांचा पेश किया गया है जो बड़ी कंपनियों को उनके आइपीओ ऑफर के समय जनता के लिए शेयरों का एक छोटा हिस्सा पेश करने की सुविधा देता है. संशोधन के अनुसार जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक और 5,000 करोड़ रुपये से कम है, उन्हें तीन साल के भीतर अपनी सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर कम से कम 25 प्रतिशत करनी होगी. नियमों में आगे कहा गया है कि निर्गम के बाद की सीमा चाहे कुछ भी हो, सूचीबद्ध होने के समय प्रतिभूतियों के प्रत्येक वर्ग का कम से कम 2.5 प्रतिशत हिस्सा सार्वजनिक रूप से पेश किया जाना चाहिए. अगर पूंजी 1,600 करोड़ रुपये से अधिक लेकिन 4,000 करोड़ रुपये से कम है, तो कंपनी को 4,000 करोड़ रुपये के बराबर शेयर पेश करने होंगे.

बिहार

छत का छज्जा भरभराकर गिरा, मलबे में दबने से दो की मौत

ओबरा (औरंगाबाद). स्थानीय थाना क्षेत्र की तेजपुरा पंचायत के मंझियांवा गांव में शनिवार की रात एक शादी समारोह के दौरान दर्दनाक हादसा हो गया. द्वार पूजा के दौरान एक घर का छज्जा अचानक गिर गया, जिसकी चपेट में आने से दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि करीब 35 से 40 लोग घायल हो गये. बारात आने के बाद द्वार पूजा की तैयारी के दौरान व्यास यादव के घर के सामने स्थित आमोद सिंह के घर की छत पर काफी संख्या में महिलाएं और ग्रामीण जमा हो गये. छत के नीचे भी कई लोग इंतजार कर रहे थे. इसी दौरान अचानक छज्जा भरभराकर गिर पड़ा.

20 अप्रैल को बसपा से अलग हुए नेताओं का पटना में जुटान

पटना. बिहार में बहुजन समाज पार्टी से अलग हुए नेताओं के एक गुट ने पार्टी के बिहार प्रदेश के पूर्व प्रभारी अनिल कुमार के नेतृत्व में नये सामाजिक-राजनीतिक मंच 'बहुजन शोषित संघर्ष समिति (बीएस-चार)' और 'बहुजन सेना' के गठन की घोषणा की. इस पहल का नेतृत्व बहुजन समाज पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने किया. उन्होंने बताया कि यह संगठन बहुजन, दलित, पिछड़े और वंचित समाज के अधिकारों की रक्षा तथा सामाजिक न्याय के लिए काम करेगा. साथ ही 20 अप्रैल को पटना में एक बड़े महाजुटान का आयोजन करने की घोषणा भी की गयी है.

आज लोजपा का इफ्तार चिराग भी होंगे शामिल

पटना. लोजपा (रा) की ओर से सोमवार को पटना स्थित पार्टी कार्यालय में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया है. इस कार्यक्रम मे केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योगमंत्री सह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान मौजूद रहेंगे. प्रदेश मीडिया प्रभारी कुंदन कुमार ने मुख्यमंत्री समेत एनडीए घटक दल के नेताओं को भी आमंत्रित किया गया है.

ट्रक और कार की भिड़ंत में दो युवकों की मौत

आरा. बिहिया-बिहटा स्टेट हाइवे पर जिले के पीरो थाना क्षेत्र के तिवारीडीह मोड़ के समीप शनिवार की रात ट्रक एवं कार की सीधी भिड़ंत हो गयी. हादसे में दो युवकों की मौत हो गयी. एक ने घटनास्थल एवं दूसरे ने सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में दम तोड़ दिया. वहीं, कार पर सवार छह लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये.

...पहले पेज से

टाटीसिलवे हादसा : जानलेवा कार का...

घटना के 30 घंटे से ज्यादा का वक्त बीत जाने के बाद भी दोषी कार चालक को पुलिस गिरफ्तार नहीं कर सकी है. पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार को मालिक के ही परिवार का एक सदस्य चला रहा था. पुलिस ने उनको थाना बुलाया है. मामले में मृतका रीमा कुमारी की बहन प्रियंका कुमारी की शिकायत पर टाटीसिलवे थाना में आरोपी कार चालक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी है.

मृतकों का हुआ अंतिम संस्कार, घायलों का चल रहा इलाज : दोनों मृतकों भोला शर्मा और रीमा कुमारी के शव पोस्टमार्टम के बाद रविवार की दोपहर डेढ़ बजे उनके घर पहुंचाये गये. शव के पहुंचते कोहराम मच गया. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था. दोना का अंतिम संस्कार टाटीसिलवे मुरली पुल स्थित स्वर्णरेखा नदी के मुक्तिधाम में परिजनों ने किया.

होर्मुज से होकर 46,000 मीट्रिक टन...

फोन की घंटी लगातार बज रही थी. हर कोई अंश की कुशलता जानना चाहता है. **पलकें बिछाए बैठी है पत्नी, बेटा तनय कर रहा पापा का इंतजार :** अंश की पत्नी चंदा मिश्रा त्रिपाठी (टाटा स्टील में चार्टर्ड अकाउंटेंट) पति के घर आने का पलकें बिछाकर इंतजार कर रही हैं. दो वर्ष के बेटे तनय को भी पापा के घर आने का इंतजार है. पत्नी कहती हैं कि संपर्क पूरी तरह कटा हुआ था. अब सुकून है कि वे देश के लिए अपना कर्तव्य निभाकर सुरक्षित लौट रहे हैं.

रास चुनाव. सुबह नौ बजे से वोटिंग, छह बजे तक आयेगा रिजल्ट

चार सीटों पर एनडीए की जीत तय पांचवीं पर सस्पेंस अब भी बरकरार

संवाददाता, पटना

बिहार में राज्यसभा की पांच सीटों के लिए सोमवार को मतदान होगा. इसे लेकर रविवार को दिनभर सत्ता पक्ष एनडीए और विपक्षी महागठबंधन के नेताओं की लगातार बैठकें होती रहीं. दोनों पक्ष पांचवीं सीट पर अपनी जीत का दावा कर रहे हैं, जबकि चार सीटों पर एनडीए उम्मीदवारों की जीत लगभग तय मानी जा रही है. ऐसे में सबसे ज्यादा नजर पांचवीं सीट पर टिकी हुई है. मतदान से पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा उम्मीदवार नितिन नवीन देर रात चार्टर विमान से पटना पहुंचे. वहीं, जदयू विधायक अनंत सिंह भी अनुमति मिलने के बाद जेल से मतदान करने विधानसभा पहुंचेंगे. रविवार सुबह से ही दोनों खेमों ने अपने विधायकों को एकजुट रखने के लिए बैठकों का दौर शुरू कर दिया था. सोमवार को सुबह नौ बजे से मतदान शुरू होगा, जो अपराह्न चार बजे तक चलेगा. इसके बाद शाम पांच बजे से मतों की गिनती शुरू होगी और शाम छह बजे तक परिणाम आने की संभावना है.

एनडीए से नीतीश, नितिन, शिवेश, रामनाथ व उपेंद्र और राजद से अमरेंद्र प्रत्याशी



नितिन नवीन	शिवेश कुमार	रामनाथ ठाकुर	उपेंद्र कुशवाहा	अमरेंद्र धारी सिंह
भाजपा	भाजपा	जदयू	रालोमो	राजद

एनडीए की तैयारी : करायी गयी मॉक पोलिंग

जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री मदन सहनी और मंत्री लेशी सिंह के आवास पर जदयू विधानमंडल दल की बैठक हुई. इन बैठकों की अध्यक्षता जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने की. इसके बाद संजय कुमार झा के आवास पर भाजपा के केंद्रीय पर्यवेक्षक हर्ष मल्होत्रा और विजय शर्मा समेत अन्य नेताओं के साथ बैठक हुई. देर शाम मंत्री विजय कुमार चौधरी के आवास पर एनडीए विधायकों की रणनीतिक बैठक बैठक हुई, जिसमें मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी मौजूद रहे. बैठक में सभी विधायकों से एकजुट होकर एनडीए उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करने की रणनीति तय की गयी.

महागठबंधन की तैयारी : विधायक होटल में बंद

राजद विधायकों की बैठक रविवार सुबह तेजस्वी यादव के आवास पर हुई. इसके बाद राजद और कांग्रेस के विधायकों को एकजुट रखने के लिए उन्हें पटना के आर ब्लॉक स्थित होटल पनाश में ठहराया गया.

एआइएमआइएम देगा महागठबंधन को वोट : एआइएमआइएम की इफ्तार पार्टी में तेजस्वी पहुंचे, जहां विधायक अख्तरूल इमान ने उनका स्वागत किया. दोनों ने कहा कि एआइएमआइएम के पांचों विधायक महागठबंधन उम्मीदवार को वोट देंगे. हालांकि, बसपा के एकमात्र विधायक ने पत्ते नहीं खोले हैं. कांग्रेस ने कहा कि उसके सभी विधायक महागठबंधन उम्मीदवार को ही मतदान करेंगे.

राजस्व अधिकारी अड़े, कहा मांगें पूरी होने तक हड़ताल

संवाददाता, पटना

राज्य के राजस्व अधिकारियों ने अपनी मांगें सरकार द्वारा लिखित रूप से माने जाने तक अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है. इससे राज्य के सभी 537 अंचलों में करीब 20 प्रकार के कामकाज बाधित हैं. इस संबंध में रविवार को पटना के अधिवेशन भवन में राजस्व अधिकारियों के संघ बिरसा और बिरसा यूनाइटेड की तरफ से बैठक हुई. इसमें हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया गया. इस बैठक में सभी अंचलाधिकारी और राजस्व अधिकारी सहित राजस्व सेवा के सभी अधिकारी शामिल हुये. दूसरी तरफ राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की पहल पर रविवार को संयुक्त मोर्चा और विभाग के आला अधिकारियों के बीच बैठक हुई. इसमें सकारात्मक चर्चा हुई. सोमवार को फिर औपचारिक बैठक होगी. इन सबके बीच फिलहाल संयुक्त मोर्चा ने हड़ताल जारी रखने का निर्णय लिया है.

क्या है मामला : राजस्व अधिकारियों के दोनों संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि बिहार राजस्व सेवा नियमावली में इसके गठन के समय डीसीएलआर, डीएलएओ सहित अन्य पदों पर राजस्व सेवा के अधिकारियों की नियुक्ति होनी थी. बाद में बिहार राजस्व सेवा नियमावली को बदल दिया गया. साथ ही डीसीएलआर और डीएलएओ के पदों पर बासा के अधिकारियों के लिए संरक्षित कर दिया गया. दोनों संघों की मांग पर पांच फरवरी 2026 को उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री की अध्यक्षता में मौखिक सहमति बनी, लेकिन उसे अब तक लिखित रूप नहीं दिया गया है.

24 घंटे में लौटने वालों पर नहीं होगी कार्रवाई

उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि 24 घंटे के भीतर काम पर लौटने वाले अंचलाधिकारियों और राजस्व अधिकारियों पर किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की जायेगी. उनकी दोनों हड़ताल अवधि का समायोजन कर दिया जायेगा. उन्होंने कहा कि मार्च का महीना राजस्व विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है और कई जनहितकारी अभियान इस समय चल रहे हैं. इस अवधि में मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा, राजस्व महाअभियान के तहत प्राप्त लगभग 46 लाख आवेदनों का निष्पादन तथा मुख्यमंत्री के निर्देश पर ई-मापी अभियान भी चल रहा है. दोनों काम सीधे जनता से जुड़े हैं और 31 मार्च तक पूरा करना लक्ष्य है. ऐसे में प्रशासनिक कार्यों की गति प्रभावित नहीं हो, इसके लिए सरकार ने संवाद और समन्वय का रास्ता चुना है.

ट्रैक्टर ने सिविल कोर्ट परीक्षा के दो अभ्यर्थियों को कुचला, मौत

भोजपुर और मुजफ्फरपुर के रहने वाले थे मृतक

मुख्य संवाददाता, गया जी

गया जी शहर के रेलवे स्टेशन रोड स्थित शनि मंदिर के पास रविवार की सुबह एक अनियंत्रित और बेकाबू ट्रैक्टर ने कहर बरपा दिया. इस सड़क हादसे में सिविल कोर्ट की चतुर्थ वर्गीय परीक्षा देने आये दो अभ्यर्थियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी. हादसे के वक्त ट्रैक्टर चालक नशे में था.

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, अनियंत्रित ट्रैक्टर ने शनि मंदिर के बगल में स्थित गुमटी और ठेले को जोरदार टक्कर मारी और रेलवे की चहारदीवारी से टकराकर रुक गया. इस घटना में वहां मौजूद कई अन्य परीक्षार्थियों की जान बाल-बाल बच गयी. कुछ अन्य परीक्षार्थियों को हल्की चोटें आयी हैं. लोगों ने ट्रैक्टर चालक को पकड़ लिया और जमकर पिटाई कर दी. मृतकों की पहचान मुजफ्फरपुर जिले के रमेश कुमार साह (35 वर्ष) और आशुतोष कुमार सिंह (24 वर्ष) के रूप में हुई है.

राज्य की सभी 8053 पंचायतों में बनेंगे आधुनिक 'मुक्तिधाम'

पटना. राज्य के सभी 8053 ग्राम पंचायतों में शवदाह गृह या मुक्तिधाम का निर्माण का रास्ता साफ हो गया है. पंचायती राज विभाग के सचिव मनोज कुमार ने सभी जिलाधिकारियों को ग्राम पंचायतों में शवदाह गृह निर्माण को लेकर निर्देश दिया है. जिलाधिकारियों को भेजे गये निर्देश में कहा गया है कि ग्राम पंचायतों को प्राथमिकता के आधार पर ग्राम पंचायत डेवलपमेंट प्लान में शामिल कराया जाये. इस राशि का भुगतान राज्य वित्त आयोग के मद से प्राप्त होनेवाली राशि से किया जायेगा.

नेपाल के गोरखा में खाई में पलटी इवी सात भारतीय नागरिकों की गयी जान

प्रतिनिधि, रक्सौल

नेपाल के गोरखा जिले के शहीद लखन गांव पालिका के समीप चाइनीज इवी गाड़ी पलट जाने के कारण सात भारतीय नागरिकों की मौत हो गयी. इस हादसे में नौ लोग घायल हुए हैं. घायलों में सात भारतीय व दो नेपाली नागरिक शामिल हैं.

जिला पुलिस कार्यालय गोरखा के प्रवक्ता पुलिस निरीक्षक राजन लम्साल ने बताया कि शनिवार को देर रात सूचना मिली थी कि एक गाड़ी शहीद लखन गांव पालिका के वार्ड नंबर तीन करनाटार-अबुखैरनी सड़क पर अनियंत्रित होकर सड़क से 200 मीटर नीचे खाई में गिर गयी है. पुलिस व नेपाली सेना के रुद्रध्वजगण की रेस्क्यू टीम को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया. गाड़ी में सवार सभी 16 को रेस्क्यू कर तनहु अस्पताल लाया गया. वहां चिकित्सकों ने सात लोगों को मृत घोषित कर दिया. नौ को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया गया है. मृतकों में तमिलनाडु के ही मुतु कुमार (57), अनामलिक (47), मिनाक्षी (59), शिवगामी (53), बिजनाल (57), मीना (57) व तमिलाशी (60) शामिल हैं.

Stay Ahead Of Competition
Join The Aspirants Community.

✅ Receive Earliest Newspapers updates from 5 AM with All Editions

♦ **Indian Newspaper**

1) Times of India
2) The Hindu
3) Business line
4) The Indian Express
5) Economic Times
6) Financial Express
7) Live Mint
8) Hindustan Times
9) Business Standard

♦ **International Newspapers channel**

[Europian, American, Gulf & Asia]

♦ **Magazine Channel**

National & International
[Genaral & Exam related]

♦ **Editorials [English & Hindi]**

[National + International Editorials]

युद्धों की कीमत युद्ध के समय नहीं चुकाई जाती, उसका भुगतान तो बाद में होता है।
-बेंजामिन फ्रैंकलिन

जिन चार राज्यों व एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनाव कराने की घोषणा चुनाव आयोग ने की है, उनमें किस पार्टी का जादू सिर चढ़कर बोलेगा, इसका पता तो चार मई को ही चलेगा। साथ ही चुनावी नतीजों से विभिन्न मुद्दों पर देश के 17.4 करोड़ मतदाताओं के रुख की भी जानकारी मिलेगी।

सियासी जंग का आगाज

चार राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु व केरल और एक केंद्रशासित प्रदेश पुदुचेरी में विधानसभा चुनाव की तारीखों की जो घोषणा की गई है, वह इस मायने में महत्वपूर्ण है कि पिछली बार के मुकाबले इस बार मात्र तीन चरणों में इन सभी राज्यों की 824 विधानसभा सीटों पर मतदान संपन्न करा लिया जाएगा। असम, केरल और पुदुचेरी में जहां 9 अप्रैल को मतदान होंगे, वहीं तमिलनाडु की सभी 234 सीटों पर 23 अप्रैल एवं पश्चिम बंगाल में पहले चरण में 23 अप्रैल को 152 सीटों पर एवं दूसरे चरण में 29 अप्रैल को 142 सीटों पर मतदान कराए जाएंगे। गौरतलब है कि पिछली बार पश्चिम बंगाल में आठ चरणों में चुनाव हुए थे, लेकिन इस बार दो चरणों में चुनाव संपन्न कराने की घोषणा के साथ चुनाव आयोग ने यह संदेश भी दिया है कि चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था को बिगाड़ने की कोई हरकत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सभी राज्यों में मतगणना चार मई को संपन्न होगी। भर्ती घोटालों व भ्रष्टाचार के मामलों और डेढ़ दशक की सत्ता विरोधी लहर के बीच पश्चिम बंगाल में अपनी प्रतिष्ठा और सत्ता बचाने के लिए जूझ रहीं ममता बनर्जी, जिन्हें पिछले दिनों सुप्रीम कोर्ट से फटकार सुनने को मिली थी, ने चुनाव आयोग द्वारा तारीखों की घोषणा से ठीक पहले मतदाताओं को रिझाने के लिए बकाया डीए भुगतान एवं पुरोहितों व मुअज्जिनों के वेतन में 500 रुपये बढ़ोतरी की दो महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं। केरल में स्थानीय चुनावों में यूडीएफ की जीत ने कांग्रेस के लिए उम्मीदें बढ़ाई हैं, तो तिरुवनंतपुर नगर निगम में एनडीए के सबसे बड़ा गठबंधन बनकर उभरने से मिले झटके के बाद राज्य में वाम मोर्चे के सामने देश भर में केरल की इकलौती सत्ता बचाने की परीक्षा है। तमिलनाडु में स्टालिन की द्रमुक मजबूत दावेदार है, पर तथ्य यह भी है कि 1971 के बाद से द्रमुक लगातार दूसरी बार कभी सत्ता में नहीं लौटी है। इसके अतिरिक्त, अभिनेता विजय की टीवीके ने समीकरण जटिल कर दिए हैं, जिसका दक्षिणी तमिलनाडु व युवाओं में खासा असर दिख रहा है। असम में हेमंत विस्व

सरमा के नेतृत्व में भाजपा मजबूत स्थिति में दिख रही है। विपक्षी दलों द्वारा एसआईआर पर उठाए गए सवालों के मद्देनजर चुनाव आयोग ने 100 फीसदी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था कर चुनावों की निष्पक्षता व पारदर्शिता बनाए रखने की भरसक कोशिश की है, ताकि संदेह की गुंजाइश न रहे। अब यह तो चार मई को ही पता चलेगा कि मतदाताओं का समर्थन किस पार्टी या गठबंधन को मिलेगा, पर इन चुनावों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति के साथ पूर्वी और दक्षिण भारत में राजनीति की दिशा व दशा तो तय करेंगे ही।

इस युद्ध का अंत कैसे होगा

ईरानी नेताओं के खुद को अभेद्य समझने का दौर अब खत्म हो चुका है। आपसी कलह या फिर जन-विद्रोह के चलते जल्द ही ईरानी शासन में बदलाव आ सकता है। लेकिन फिलहाल सबसे यथार्थवादी रास्ता यही है कि ईरान को धमकाते हुए युद्ध को अंत की तरफ पहुंचाया जाए।

ईरान युद्ध के संदर्भ में यदि आधुनिक युद्ध इतिहास का सबसे मशहूर सवाल पूछा जाए कि इस युद्ध का अंत कैसे होगा, तो मोटे तौर पर चार संभावित परिदृश्य हैं। सत्ता परिवर्तन सबसे आशावादी संभावना है। कुछ लोगों का मानना है कि फिर से वैसे ही बड़े पैमाने पर प्रदर्शनों का दौर शुरू होगा-जिन्हें जनवरी में ईरानी सत्ता ने बेरहमी से कुचल दिया था-लाखों ईरानी दर्जनों शहरों में मार्च करेंगे, जिनमें पुलिस अधिकारी, सैनिक और नियमित सेना के कमांडर भी शामिल होंगे; अमेरिकी और इस्राइली हवाई समर्थन से उत्साहित वे अपने शासकों के कमजोर पड़ चुके दमनकारी तंत्र को उखाड़ फेंकने के लिए उठ खड़े होंगे। किसी को भी इस स्थिति को कम करके नहीं आंकना चाहिए-खास तौर पर तब, जब ईरान को सैन्य और राजनीतिक, दोनों ही मोर्चों पर लगातार झटके लग रहे हों, और शायद उसे अपने नेतृत्व के और भी अहम पदों पर बैठे लोगों को खोना पड़े। पर किसी को भी इस बात पर पूरी तरह निर्भर भी नहीं रहना चाहिए-कम से कम, निकट भविष्य में तो बिल्कुल भी नहीं।

ब्रेट स्टीफेंस
द न्यूयॉर्क टाइम्स

भले ही ईरानी शासन अपने हवाई क्षेत्र की रक्षा करने में कितना भी अक्षम क्यों न हो, पर अपने ही लोगों को मौत के घाट उतारने में यह अब भी सक्षम है। सत्ता पर काबिज रहने के लिए इसके पास हर मुमकिन वजह मौजूद है। शासन में सुधार-यानी, एक ऐसा शासन, जो सत्ता में तो बना रहे, लेकिन अमेरिका और इस्राइल के निर्देशों का पालन करे-यह एक और आशावादी परिदृश्य है। इसकी संभावना कम ही है कि नए सर्वोच्च नेता, मोजतबा खामनेई, ईरान के परमाणु और मिसाइल कार्यक्रमों को छोड़ने और हिजबुल्ला जैसे क्षेत्रीय प्रॉक्सी को समर्थन देना बंद करने पर सहमत होंगे। पर नए खामनेई का शासन बहुत छोटा हो सकता है। और जो कोई भी इसके बाद शासन की बागडोर संभालेगा, उसे सत्ता की कमजोरी और अलगाव का सामना करना पड़ेगा। यह अलगाव तब और भी ज्यादा गहरा हो जाएगा, जब अमेरिकी सेनाएं फारस की खाड़ी में ईरानी तट से 15 या

16 मील दूर स्थित खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लेंगी-जो ईरान के लगभग 90 प्रतिशत तेल निर्यात के लिए टर्मिनल का काम करता है। इससे शासन के सबसे कट्टरपंथी तत्वों को भी यह समझने में मदद मिल सकती है कि क्या यूरेनियम संवर्धन, या लेबनान में हिजबुल्ला को और अधिक गोला-बारूद भेजना (जिसे इस्राइल नष्ट कर देगा) वास्तव में फायदेमंद है। लेकिन शायद ईरानी शासन झुकने से इन्कार कर दे और युद्ध अगले दो या तीन हफ्तों तक जारी रहे, जिसके बाद किसी तरह की युद्धविराम की घोषणा हो-संभवतः 31 मार्च को बीजिंग में राष्ट्रपति ट्रंप की प्रस्तावित यात्रा से पहले। ऐसे में, सभी पक्ष अपनी-अपनी जीत की घोषणा करेंगे, पर उनमें से कोई भी इस पर पूरी तरह यकीन नहीं करेगा।

ट्रंप को ईरान का 'बेशर्त समर्पण' जैसी कोई चीज तो हासिल नहीं ही होगी, शासन के अगले नेता को चुनने में उनकी कोई भूमिका दूर की कौड़ी है। इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू मुल्लाओं को सत्ता से हटाने के अपने दशकों पुराने सपने को साकार करने में नाकाम रहेंगे। और ईरान के नेता डींग हांकेंगे कि जिस 'प्रतिरोध' का वे कथित तौर पर प्रतिनिधित्व करते हैं, वह 'महान शैतान' और 'छोटे शैतान'-दोनों के संयुक्त ताकत से भी अधिक शक्तिशाली साबित हुआ। हालांकि हकीकत सामने आ ही जाएगी। वे प्रतिबंध, जिन्होंने पहले ही ईरान को आर्थिक रूप से पंगु बना दिया है, हटाए नहीं जाएंगे।

यह कल्पना करना कठिन है कि अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान के शेष परमाणु स्थलों पर हमला किए जाने से पहले यह युद्ध समाप्त हो जाएगा। ईरान द्वारा बड़े आतंकवादी हमले करने, या होर्मुज जलडमरूमध्य में बारूदी सुरंगें बिछाने का कोई भी प्रयास एक और युद्ध का कारण बनेगा।

ईरानी नेताओं के खुद को अभेद्य समझने का दौर अब खत्म हो चुका है। यह बताता है कि ईरानी शासन केवल एक बेजान अवस्था में ही टिक पाएगा। नतीजतन, कुछ ही वर्षों में शासन में बदलाव आ सकता है-संभवतः नेतृत्व के भीतर आपसी कलह के कारण, या फिर किसी अन्य जन-विद्रोह के चलते। दोनों ही स्थितियों में, इस शासन के दिन अब गिने-चुने ही रह गए हैं। इसका एक बदसूरत पहलू भी है: शासन परिवर्तन नहीं, बल्कि राज्य का पतन। इसका जो सबसे चिंताजनक रूप सामने आ सकता है, वह सीरिया के 13 साल लंबे गृहयुद्ध जैसा होगा; जिसमें ईरान के कुछ इलाकों में तो मौजूदा शासन बचा रहेगा, लेकिन अन्य इलाकों में उसका पतन हो जाएगा, जिससे विदेशी हस्तक्षेप को बढ़ावा मिलेगा और बड़े पैमाने पर जान-माल का नुकसान होगा। इसके साथ-साथ पूरे पश्चिम एशिया से लेकर यूरोप और ऑस्ट्रेलिया तक शरणार्थियों की भीड़ उमड़ पड़ेगी। हैरानी नहीं है कि ट्रंप ने इराक में मौजूद कुर्दिश सेनाओं को ईरान में जाने से रोका। लेकिन अगर ईरान की कमजोर होती सरकार अपनी सीमा में अशांत कुर्दों का नरसंहार शुरू कर देती है, तो ये सेनाएं चुपचाप नहीं बैठेंगी।

कुछ ऐसी ही स्थिति दक्षिण-पूर्व में ईरान के बलूच अल्पसंख्यक और दक्षिण-पश्चिम में ईरानी अरबों के साथ भी हो सकती है। हो सकता है कि इस्राइलियों को यह बुरा न लगे, इस सोच के साथ कि एक टूटा हुआ ईरान किसी और की समस्या है। पर अमेरिका और उसके अरब सहयोगियों के लिए ईरान में लंबे समय तक चलने वाली आपसी कलह से भले ही परमाणु खतरे का अंत हो जाए, लेकिन इससे पश्चिम एशिया के संकट से कोई राहत नहीं मिलेगी। तो फिर, ट्रंप प्रशासन को क्या करना चाहिए? मेरा सुझाव है: खार्ग द्वीप पर कब्जा कर लें।

ईरान के बाकी बचे बंदरगाहों में बारूदी सुरंगें बिछा दें या उनकी घेराबंदी कर दें। अगले एक-दो हफ्तों में ईरान की जितनी हो सके, उतनी सैन्य क्षमता नष्ट कर दें, जिसमें 'मिडनाइट हैमर' ऑपरेशन का दूसरा चरण भी शामिल है, ताकि ईरान की बची-खुची परमाणु क्षमता और तकनीकी जानकारी को पूरी तरह खत्म किया जा सके। और ईरानी शासन को धमकी दें कि अगर वह अपने ही नागरिकों का नरसंहार करता है, विदेशों में आतंकी हमले करता है, या फिर से परमाणु कार्यक्रम शुरू करता है, तो उस पर और बमबारी की जाएगी। यह जीत का सबसे यथार्थवादी रास्ता है, जिसमें जान-माल, जोखिम और पैसे का नुकसान सबसे कम होने की संभावना है। तमाम खतरों के बावजूद, यह ईरान के लोगों को अपनी आजादी पाने का सबसे बेहतरीन मौका देता है। एक महीने की इस जंग के लिए यह नतीजा बुरा नहीं है-जिसके आलोचकों ने चेतावनी दी थी कि यह 'एक और इराक' साबित होगा।

©The New York Times 2026

जीवन धारा

हेनरी थॉमस हैंब्लिन

सही मार्ग यह है कि हम अपने विचारों को शुद्ध, सकारात्मक और निःस्वार्थ बनाएं। जब हमारे विचार बदलते हैं, तो हमारा दृष्टिकोण बदलता है। जब दृष्टिकोण बदलता है, तो हमारा व्यवहार बदलता है।

दृष्टिकोण बदलने पर ही व्यवहार बदलता है

मनुष्य के भीतर अपार मानसिक और आध्यात्मिक शक्तियां छिपी होती हैं, लेकिन अधिकांश लोग इन शक्तियों के बारे में बहुत कम जानते हैं। आम व्यक्ति अपने विचारों की गलत दिशा के कारण समस्याएं तो झेलता है, पर उसे इन शक्तियों का जानबूझकर गलत उपयोग करने का खतरा कम होता है। लेकिन जो व्यक्ति इन आंतरिक शक्तियों का उपयोग करना सीख लेता है, उसे बहुत सावधान रहना चाहिए। यदि इन शक्तियों का गलत उपयोग किया जाए तो यह परिणामों में विस्फोटक पदार्थ से भी अधिक विनाशकारी हो सकती हैं। इसका अर्थ यह नहीं कि मनुष्य स्वयं को तुरंत नष्ट कर लेगा, बल्कि यह कि वह अपने जीवन को कठिन बना सकता है और अपनी आत्मिक प्रगति को लंबे समय तक पीछे धकेल सकता है। मन की शक्ति का उपयोग यदि दूसरों को नियंत्रित करने या अपने स्वार्थ के लिए उन्हें प्रभावित करने में किया जाए, तो यह अंततः उपयोग करने वाले व्यक्ति के लिए ही हानिकारक साबित होता है। यह भी सही नहीं है कि हम इन शक्तियों का उपयोग दूसरों की भलाई के नाम पर ही क्यों न करें। हर आत्मा को अपने जीवन के अनुभवों से सीखने का अधिकार है। जीवन का उद्देश्य ही यह है कि मनुष्य अपने निर्णयों, गलतियों और अनुभवों से बुद्धिमत्ता प्राप्त करे। यदि हम किसी को मानसिक रूप से प्रभावित करके उसकी स्वतंत्रता छीन लेते हैं, तो हम उसके विकास के प्राकृतिक मार्ग में बाधा डालते हैं। कई लोग यह मानते हैं कि मन की शक्ति से वे दूसरों को ठीक कर सकते हैं, लेकिन यदि यह परिवर्तन केवल बाहरी सुझावों के माध्यम से हो, तो वह स्थायी नहीं होता। जब तक सुझाव मिलता रहता है, तब तक प्रभाव दिखाई देता है, लेकिन जैसे ही वह समाप्त होता है, व्यक्ति फिर से अपनी पुरानी स्थिति में लौटने लगता है। इसलिए सबसे अच्छा मार्ग यह है कि व्यक्ति स्वयं अपने विचारों को सकारात्मक बनाए और आत्म-सुझाव के माध्यम से अपनी शक्ति को जागृत करे। मनुष्य के लिए सबसे सुरक्षित और शक्तिशाली तरीका यह है कि वह अपने भीतर के मौन को खोजे। जब हम शांत होकर अपने भीतर झांकते हैं, तो हमें उस दिव्य शक्ति का अनुभव होता है जो हमारे अंदर हमेशा मौजूद रहती है। यह आंतरिक शांति हमें सही दिशा में सोचने और जीवन को बेहतर बनाने की प्रेरणा देती है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति इस आंतरिक शक्ति का उपयोग केवल धन, सुख या भौतिक इच्छाओं को जबर्दस्ती पाने के लिए करता है, तो वह जीवन के संतुलन को बिगाड़ देता है। प्रकृति का अपना नियम और लय होती है। जब हम अपनी इच्छा से उसे नियंत्रित करने की कोशिश करते हैं, तो अंततः हमें निराशा और कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। सही मार्ग यह है कि हम अपने विचारों को शुद्ध, सकारात्मक और निःस्वार्थ बनाएं। जब हमारे विचार बदलते हैं, तो हमारा दृष्टिकोण बदलता है। जब दृष्टिकोण बदलता है, तो हमारा व्यवहार बदलता है।

-विद इन यू इज द पावर के अनूदित अंश

स्वयं को पहचानें

सूत्र



मनुष्य के भीतर अनंत मानसिक और आध्यात्मिक शक्ति छिपी होती है। जब हम अपने विचारों को शुद्ध, सकारात्मक और निस्वार्थ बनाते हैं, तो जीवन की दिशा बदलने लगती है। सच्ची शक्ति दूसरों को नियंत्रित करने में नहीं, बल्कि स्वयं को समझने और सुधारने में है। शांत मन में ही दिव्य मार्गदर्शन मिलता है।

दूसरा पहलू

दुनिया भर में चुनाव अक्सर शोर और आरोप-प्रत्यारोप से घिरे रहते हैं। वहीं तिब्बती समुदाय के सरकार गठन की प्रक्रिया काफी अनोखी है।

निर्वासित तिब्बतियों का अनूठा लोकतंत्र

ऐसे समय में जब, दुनिया भर में चुनाव अक्सर शोर, आरोप-प्रत्यारोप, ध्रुवीकरण और प्रतिस्पर्धा का पर्याय बन चुके हैं, तिब्बती समुदाय के चुनावी मॉडल में न प्रचार का कोलाहल है, न दलगत राजनीति का टकराव और न ही सत्ता के लिए मोल-भाव। 27 देशों में फैले निर्वासित तिब्बती समुदाय के बीच सरकार गठन की यह प्रक्रिया सादगी, अनुशासन और नैतिकता का अनोखा उदाहरण है। इसका केंद्र हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला स्थित मैक्लोडगंज है, जहां से दुनिया भर में फैले निर्वासित तिब्बतियों का केंद्रीय प्रशासन संचालित होता है।

2011 में दलाई लामा ने औपचारिक रूप से अपनी सभी राजनीतिक शक्तियां निर्वाचित नेतृत्व को सौंप दीं।

वर्ष 1959 में तिब्बत से पलायन के बाद आध्यात्मिक नेता दलाई लामा के भारत में शरण लेने के साथ ही निर्वासन में एक राजनीतिक व सामाजिक संरचना खड़ी करने की आवश्यकता सामने आई। 1960 में बोधगया से इसकी नींव पड़ी और धर्मशाला निर्वासित तिब्बती प्रशासन का केंद्र बन गया। शुरुआती वर्षों में राजनीतिक अधिकार धर्मगुरु दलाई लामा के पास ही रहे, लेकिन बाद में उन्होंने स्वयं इसे अधिक लोकतांत्रिक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाए। 2001 में पहली बार निर्वाचित राजनीतिक प्रमुख सिक्योंग का पद अस्तित्व में आया, जो प्रधानमंत्री के बराबर का पद है। 2011 में दलाई लामा ने औपचारिक रूप से अपनी सभी राजनीतिक शक्तियां निर्वाचित नेतृत्व को सौंप दीं।

इस साल 90 हजार पंजीकृत मतदाताओं में से 51,140 तिब्बती लोगों ने पहले चरण के लिए फरवरी में बैलेट पेपर से मतदान किया। इसमें पेंपा सेरिंग दूसरी बार सिक्योंग बने हैं।

मुख्य चुनाव आयुक्त लोबसांग येशी बताते हैं कि निर्वासित तिब्बती हर पांच वर्ष में सिक्योंग और निर्वासित संसद के 45 सदस्यों का चुनाव करते हैं। 30 सांसद भारत, नेपाल व भूटान से, 10 सांसद बौद्ध भिक्षुओं से और पांच अन्य देशों से निर्वाचित होते हैं। इस साल 90 हजार पंजीकृत मतदाताओं में से 51,140 तिब्बती लोगों ने पहले चरण के लिए फरवरी में बैलेट पेपर से मतदान किया। इसमें पेंपा सेरिंग 60 फीसदी से अधिक मतों के साथ दूसरी बार सिक्योंग बने हैं। अब अप्रैल में दूसरे चरण के चुनाव में 45 सांसद चुने जाएंगे। यही सांसद केंद्रीय तिब्बती प्रशासन के सात विभागों के मंत्रियों का चुनाव करेंगे।

इस चुनावी व्यवस्था की सबसे अहम विशेषता दलीय राजनीति से दूरी है। उम्मीदवार व्यक्तिगत आधार पर मैदान में उतरते हैं। चुनाव आचार संहिता धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर धर्मगुरु दलाई लामा की छवि के इस्तेमाल पर सख्त रोक लगाती है। निर्वासित सांसदों को कोई वेतन-भत्ता या विशेष सुविधा नहीं मिलती। दरअसल, यह चुनाव उस सामूहिक स्मृति, संघर्ष और उम्मीद को जीवित रखने का प्रयास है, जो अपने देश लौटने के सपने से जुड़ी है। यह बताता है कि लोकतंत्र की असली ताकत केवल सत्ता परिवर्तन में नहीं, बल्कि सामुदायिक जिम्मेदारी, अनुशासन और नैतिक प्रतिबद्धता में निहित होती है। -मदन मोहन लखेड़ा

आंकड़े

सबसे सस्ती मेट्रो

दिल्ली मेट्रो में यात्रा करना दुनिया की बाकी मेट्रो के लिहाज से सबसे सस्ता है। वहीं भूमिगत यूके मेट्रो का न्यूनतम किराया 390 रुपये है।

दिल्ली मेट्रो, भारत	11
शंघाई मेट्रो, चीन	35
सियोल मेट्रो	84
मैड्रिड मेट्रो, स्पेन	134
न्यूयॉर्क सबवे	250

आंकड़े विभिन्न देशों की मेट्रो के न्यूनतम किराये के, रुपये में | स्रोत : News Reports

तुलसी जी ने गणेश जी को श्राप दिया, तो गणेश जी ने भी उन्हें श्राप दे दिया। पर बाद में माफी मांगने पर गणेश जी ने कहा कि विष्णु पूजा में तुम्हारा विशेष महत्व होगा।

गणेश-तुलसी विवाद

पौराणिक कथाओं के अनुसार एक दिन देवी तुलसी गंगा तट पर घूम रही थीं। उसी समय उन्होंने भगवान गणेश को गहरे ध्यान में लीन देखा। गणेश जी तप में बैठे थे और उनका मन पूर्ण रूप से ईश्वर चिंतन में लगा हुआ था। तुलसी देवी ने गणेश जी के तेज और सौंदर्य को देखकर मन ही मन उन्हें पति रूप में पाने की इच्छा कर ली।

तुलसी ने गणेश जी के पास जाकर उनसे विवाह का प्रस्ताव रखा। परंतु गणेश जी ब्रह्मचर्य व्रत का पालन कर रहे थे। उन्होंने तुलसी से कहा कि वे विवाह नहीं करना चाहते और उनका जीवन तप तथा धर्म के मार्ग के लिए समर्पित है। यह सुनकर तुलसी को क्रोध आ गया। उन्होंने आवेश में आकर गणेश जी को श्राप दे दिया कि उनका विवाह अवश्य होगा।

तुलसी के इस व्यवहार से गणेश जी भी दुखी हुए। उन्होंने तुलसी को श्राप दिया कि तुम्हारा विवाह एक असुर से होगा। इसी श्राप के कारण तुलसी का विवाह राक्षस कुल में दानव राज जलंधर से हुआ। बाद में तुलसी को अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने गणेश जी से क्षमा मांगी।

अंतर्यात्रा
संकलित

तब गणेश जी ने कहा कि तुम भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय होगी और उनकी पूजा में तुम्हारा विशेष महत्व होगा। साथ ही गणेश जी ने यह भी कहा कि मेरी पूजा में तुलसी पत्र स्वीकार नहीं किए जाएंगे। तभी से भगवान विष्णु की पूजा में तुलसी का बहुत महत्व माना जाता है, जबकि गणेश पूजा में तुलसी पत्र अर्पित नहीं किए जाते।

अमर उजाला

पुराने पन्नों से — 16 मार्च, 1953

चांदी व सोने के भाव गिर रहे हैं, जबकि रुई व तेल के चढ़ रहे हैं

चांदी, सोने व चीनी के भाव गिरे रहे, रुई व तेल के चढ़े रहे

इस हफ्ते चांदी, सोने और चीनी के भावों में गिरावट रही, जबकि रुई, कपड़ा व धोतियों में काफी तेजी रही। इस वर्ष देश में मूंगफली व उसके तेल के भाव तेज रहेंगे। यदि सरकार ने उसके निर्यात पर रोक लगा दी, तो भाव और गिर सकते हैं।

क्या बदलेगा दीदी का रवैया

सुप्रीम कोर्ट की फटकार व चेतावनी का संकेत समझ ममता ने धरना तो स्थगित कर दिया, पर क्या उनके रवैये में सुधार होगा?

विमल राय | **मुद्दा**

चुनाव आयोग द्वारा पश्चिम बंगाल में दो चरणों में मतदान कराने की घोषणा से ठीक पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दो लोक-लुभावन घोषणाएं कीं, जो भले ही आचार संहिता के खिलाफ न हो, लेकिन उनके रवैये को दर्शाता है। वह शायद देश की इकलौती मुख्यमंत्री हैं, जो पद पर रहते हुए भी धरना प्रदर्शन करती रहती हैं। मतदाता सूची से अवैध व बांग्लादेशी वोटरों को हटाने पर केंद्रित एसआईआर की न्यायिक अफसरों की जांच का ही वह विरोध करने बैठ गई थीं, लेकिन 10 मार्च को एसआईआर पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कड़े शब्दों में कहा कि न्यायिक अधिकारियों के काम पर सवाल उठाने की हिम्मत न करें।

बहरहाल सुप्रीम कोर्ट के सख्त हिदायत के बाद ममता ने उसी दिन शाम को धरना खत्म कर दिया, मगर अस्थायी रूप से। इसके पहले, एसआईआर रोकने की ममता की गुहार ठुकरा कर सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट को न्यायिक अधिकारियों के जरिये 'तार्किक विसंगति' दूर करने का

काम पूरा करने को कहा था। अदालत ने संभवतः चुनावी कार्य में पहली बार संविधान के अनुच्छेद 142 के तहत 'असाधारण परिस्थितियों' में दखल दिया। न्यायिक अफसरों की कमी के चलते झारखंड और ओडिशा के और सौ-सौ जज काम में लगे थे, जिससे तीन राज्यों में लंबित मामलों का बोझ बढ़ा ही होगा। सवाल है कि चुनाव कार्य में लगे सारे बीएलओ व अन्य अधिकारी राज्य सरकार के ही कर्मचारी थे, तो जिंदा/मुर्दा या दूसरी तरह की गलतियों के लिए कोई दूसरा कैसे जिम्मेदार था? तो क्या हंगामा करवाने के लिए जानबूझकर ये गलतियां करवाई गईं? सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई के दौरान तृणमूल के वकीलों को फटकारा। न्यायिक अधिकारियों के काम में लगते ही 24 फरवरी से लगातार तीन दिनों तक कोलकाता के बैंकशाल कोर्ट समेत सात जिला अदालतों को बम से उड़ाने के मेल आते रहे। इसे भी 60 लाख अवैध, बांग्लादेशियों व रोहिंग्याओं के नाम नहीं काटने की अप्रत्यक्ष चेतावनी के रूप में देखा गया। इस प्रक्रिया में चुनाव आयोग हाशिये पर ही था, तो क्या ममता का धरना सुप्रीम कोर्ट के आदेश के खिलाफ था? ममता जिन बातों का विरोध कर रही थीं, विपक्ष में रहते हुए उनका पुरजोर समर्थन किया था। 13 साल पहले 4 अगस्त, 2005 को लोकसभा में अपननी पार्टी की इकलौती सांसद ममता ने बांग्लादेशियों की अवैध घुसपैठ व वोटर लिस्ट में उनके नाम होने के मुद्दे पर अवैध घुसपैठियों के आंकड़ों वाला दस्तावेज सभापति की टेबल पर फेंक दिया था।

लोकसभा के रिकार्ड में दर्ज है कि ममता ने 14 बार अवैध घुसपैठ का मुद्दा उठाया था। मुख्यमंत्री के रवैये से साफ लगा कि उन्होंने अपनी महत्वाकांक्षा व अहंकार के दायरे को इतना बड़ा बना लिया है कि संघवाद, अदालतें, नैतिकता, कानून सब कुछ उन्हें छोटा लगने लगा है। संविधान की शपथ लेने वाला मुख्यमंत्री सुप्रीम कोर्ट के दखल के बावजूद धरने पर बैठ जाए, तो यह बहुत 'खतरनाक' है। अवमानना बहुतों की हो रही है, जिसमें प्रधानमंत्री, गृहमंत्री, चुनाव आयुक्त और यहां तक कि महामहिम राष्ट्रपति जैसे प्रथम नागरिक को भी राज्य में अपमानित होना पड़ रहा है। बंगाल की अदालतों पर पहले से ही लंबित मामलों का बोझ है। जो ममता एसआईआर की लाइनों में लगे बंगालियों के कष्ट से द्रवित थीं, उन्हें यह भी सोचना चाहिए था कि जजों के एसआईआर के काम में लगने से कितने लोगों के लिए न्याय का इंतजार और लंबा हो जाएगा? एक रिपोर्ट के मुताबिक, कलकत्ता हाईकोर्ट में 2,185 मामले ऐसे हैं, जो पिछले 50 साल या उससे ज्यादा समय से लंबित हैं। एसआईआर के काम में फास्ट ट्रैक कोर्ट, पोक्सो कोर्ट के जज भी लगे थे।

बंगाल में लोकतंत्र की बात करना ही बेमानी है। विपक्षी दलों के कार्यकर्ताओं की हत्या, उत्पीड़न, पुलिस के जरिये गांजा रखने या इसी तरह के 'झूठे' मामलों में फंसाकर जेल भेजना तो दीदी ने वाम शासन से सीखा है। कैबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को सभाएं करने के लिए 104 बार हाईकोर्ट से अनुमति लेनी पड़ी। बंगाल में भाजपा की परिवर्तन यात्रा भी अदालत के आदेश से ही निकल पाई। उसके प्रचार वाहनों पर पथराव को तृणमूल की बदनामी के लिए भाजपा का ही षड्यंत्र बताया गया।

प्रधानमंत्री मोदी अगर बंकिम दा बोल देते हैं, तो माफी की मांग की जाती है, लेकिन ममता ने कितनी बार वक्तव्य के दौरान गलत व अशोभनीय बातें कही हैं, इसकी गिनती नहीं है। अपनी गलतियां नहीं स्वीकारेंगे या सुधारेंगे, पर 'बाहर' के लोग अगर कोई भूल कर दें, तो बंगाली अस्मिता फन उठा लेती है।

बंगाल के राजनीतिक माहौल में थोड़ा रहस्य-रोमांच भी आया है। राज्यपाल आनंद बोस की अचानक विदाई और उनकी जगह 11 मार्च को आर एन रवि को राज्य का अतिरिक्त प्रभार संभालने से 'कुछ तो पक रहा है' की षड्यंत्र कथा फैलाई गई। भय राष्ट्रपति शासन का था, लेकिन भाजपा का थिंक टैंक 'सेल्फ गोल' के पक्ष में नहीं था। ममता सरकार अपनी करतूतों से खुद पतन के रास्ते की ओर बढ़ती दिख रही हैं।

Job Alert अमर उजाला
Real-time job alerts
amarujala.com/jobs

दक्षिण मध्य रेलवे ने जारी किया विज्ञापन
अप्रेंटिसशिप के लिए करें आवेदन

2801 पद

आवेदन की अंतिम तिथि : 11 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा : न्यूनतम आयु 15 वर्ष व अधिकतम आयु 24 वर्ष
यहां आवेदन करें : scr.indianrailways.gov.in

बुंदेलखंड विश्वविद्यालय में करें आवेदन ■ 143 पद
प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर आदि पदों पर रिक्तियां
आवेदन की अंतिम तिथि 21 मार्च, 2026
पात्रताएं
पोस्ट-ग्रेजुएशन, पीएचडी व अन्य निर्धारित योग्यताएं
यहां आवेदन करें
bujhansi.ac.in

उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ■ 58 पद
शिक्षक संवर्ग के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि 27 अप्रैल, 2026
आयु-सीमा
न्यूनतम आयु 21 वर्ष व अधिकतम आयु 40 वर्ष
यहां आवेदन करें
upsssc.gov.in

हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन ■ 731 पद
इंजीनियर, जूनियर कार्यकारी सहायक आदि पदों पर मौके
आवेदन की अंतिम तिथि : 25 मार्च, 2026
पात्रताएं : ग्रेजुएशन, बीई, बीटेक व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें : hindustanpetroleum.com

एम्स, देवघर में रोजगार के अवसर ■ 18 पद
जूनियर रेजिडेंट के पदों पर आवेदन आमंत्रित
आवेदन की अंतिम तिथि 08 अप्रैल, 2026
योग्यताएं
ग्रेजुएशन व अन्य निर्धारित पात्रताएं
यहां आवेदन करें
aiimsdeoghar.edu.in

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पटना ■ 10 पद
एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर करें आवेदन
वॉक-इन-इंटरव्यू की तिथि 24 मार्च, 2026
वेतनमान
रुपये 78,800 प्रतिमाह निर्धारित
यहां आवेदन करें
esic.gov.in

यहां भी रोजगार के अवसर...
- राइट्स लिमिटेड, गुरुग्राम : असिस्टेंट मैनेजर आदि के पदों पर रिक्तियां।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 27 अप्रैल, 2026
- rites.com
- राष्ट्रीय मस्तिष्क अनुसंधान केंद्र : प्रोजेक्ट अनुसंधान वैज्ञानिक का पद खाली।
  आवेदन की अंतिम तिथि : 31 मार्च, 2026
- nbrc.ac.in

अपनी प्रतिक्रियाओं और सुझावों के लिए हमें udaan@amarujala.com पर ई-मेल करें।

बेवजह के कामों में उलझने से बचें

नेतृत्व का अर्थ यह नहीं कि हर काम खुद किया जाए, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए

लुइस वेलास्केज
हार्वर्ड बिजनेस रिव्यू

जब किसी संगठन में नेतृत्व बदलता है या प्रक्रियाओं में अव्यवस्था उत्पन्न होती है, तो अक्सर टीम का सबसे सक्षम कर्मी हर समस्या को संभालने लगता है। शुरुआत में यह स्थिति भरोसे और दक्षता का संकेत लगती है, लेकिन धीरे-धीरे यह भरोसा निर्भरता में बदल जाता है। परिणामस्वरूप, वह व्यक्ति लगातार बढ़ते काम के दबाव और जिम्मेदारियों की वजह से थकान और मानसिक दबाव महसूस करने लगता है, जबकि संगठन की उस पर निर्भरता और अधिक बढ़ती जाती है। इसलिए आवश्यक है कि जिम्मेदारियों का उचित वितरण किया जाए और प्रत्येक व्यक्ति की भूमिका स्पष्ट रूप से तय की जाए, ताकि कार्यप्रणाली संतुलित, सक्षम और सही ढंग से चल सके।

Harvard Business Review

■ समस्या को पहचानें
कार्यस्थल पर हर समस्या को अकेले सुलझाना सही रणनीति नहीं है। सबसे पहले यह जानना जरूरी है कि क्या समस्या को तुरंत हल करने की जरूरत है और क्या यह आपकी जिम्मेदारी है। अक्सर हम दूसरों का काम भी अपने ऊपर ले लेते हैं, जिससे अनावश्यक दबाव बढ़ जाता है। अगर आप हर चीज खुद सुलझाएंगे, तो टीम के सदस्य जिम्मेदारी लेना छोड़ देंगे। इसलिए काम शुरू करने से पहले सोचें कि यह काम किसका है। यह आदत हमें बेवजह के बोझ से बचाती है।

■ जिम्मेदारी को स्पष्ट करें
जब काम की जिम्मेदारी स्पष्ट नहीं होती, तो कई समस्याएं उत्पन्न होती हैं। लोग यह नहीं समझ पाते कि निर्णय कौन लेगा और किसे जवाबदेह माना जाएगा। ऐसे में अक्सर सबसे जिम्मेदार व्यक्ति ही सारा काम अपने ऊपर ले लेता है। सही तरीका यह है कि काम शुरू करने से पहले तय कर लिया जाए कि कौन निर्णय लेगा, कौन जिम्मेदार होगा, किससे सलाह ली जाएगी और किसे जानकारी दी जाएगी। इससे टीम में स्पष्टता आती है, और काम सुगमता से होने लगता है।

■ टीम को जिम्मेदार बनाएं
अनजाने में हर समस्या को खुद हल करने से टीम के अन्य सदस्य जिम्मेदारी लेना नहीं सीख पाते। इसलिए हर समस्या को सही व्यक्ति तक पहुंचाना जरूरी है। यदि कोई समस्या आपकी जिम्मेदारी नहीं है, तो साफ बताएं कि यह काम किसका है और आप किस तरह मदद कर सकते हैं। इस तरह आप केवल समस्या हल नहीं करते, बल्कि पूरी टीम को जिम्मेदार बनाना भी सिखाते हैं।

■ नजरिया बदलें
सही नेतृत्व का मतलब यह नहीं कि हर काम खुद किया जाए, बल्कि यह सुनिश्चित करना है कि हर व्यक्ति अपनी जिम्मेदारी निभाए। इससे लीडर खुद पर अनावश्यक दबाव कम करते हैं, टीम जिम्मेदार बनती है और निर्णय लेने की क्षमता मजबूत होती है। यही सच्चा और प्रभावी नेतृत्व है।

खुद को परखें

1. क्षुद्रग्रह 2024 YR4 की खोज किस दूरबीन द्वारा की गई थी?
   (a) हबल अंतरिक्ष दूरबीन
   (b) क्षुद्रग्रह स्थलीय-प्रभाव अंतिम चेतावनी प्रणाली दूरबीन
   (c) जेम्स वेब अंतरिक्ष दूरबीन
   (d) जायंट मैगेलन दूरबीन

2. संयुक्त राज्य अमेरिका के कृषि विभाग (यूएसडीए) के अनुसार, वर्ष 2025 में कौन-सा देश संयुक्त राज्य अमेरिका को सूती उत्पादों का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता बन गया?
   (a) चीन (b) वियतनाम
   (c) भारत (d) बांग्लादेश

3. मार्च 2026 में किस राज्य सरकार ने धर्म की स्वतंत्रता विधेयक के मसौदे को मंजूरी दी है?
   (a) ओडिशा
   (b) झारखंड
   (c) बिहार
   (d) छत्तीसगढ़

उत्तर-1.b, 2.c, 3.d

सामान्य ज्ञान

जोहा राइस

- **क्या है**
  यह असम की एक स्वदेशी सुगंधित चावल की किस्म है, जो अपनी विशिष्ट सुगंध, महीन दानेदार बनावट और स्वाद के लिए जानी जाती है।
- **चर्चा में क्यों?**
  हाल ही में भारत ने असम के जीआई-टैग वाले जोहा चावल के 25 मीट्रिक टन के निर्यात को यूनाइटेड किंगडम और इटली तक पहुंचाने में उपलब्धि हासिल की है।
- **प्रमुख जोहा किस्में**
  इसकी खेती साली/खरीफ के मौसम में की जाती है। इसमें शामिल प्रमुख जोहा किस्में कोला जोहा, बोकुल जोहा और कुनकुनी जोहा हैं।
- **विशेषताएं**
  यह चावल कई एंटीऑक्सीडेंट, फ्लेवोनोइड और फेनोलिक्स से भी भरपूर है। चावल की इस किस्म में दो असंतृप्त वसा अम्ल पाए जाते हैं अर्थात लिनोलिक अम्ल (ओमेगा-6) और लिनोलेनिक अम्ल (ओमेगा-3)। ये आवश्यक फैटी एसिड्स विभिन्न शारीरिक स्थितियों को बनाए रखने में मदद कर सकते हैं।

एनआईटी कालीकट समर इंटर्नशिप प्रोग्राम

इंटर्नशिप प्रोग्राम

एनआईटी कालीकट में समर इंटर्नशिप प्रोग्राम 2026 के लिए छात्रों से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह इंटर्नशिप 60 दिनों की अवधि के लिए ऑफलाइन तथा ऑनलाइन या हाइब्रिड मोड में 30 दिनों के लिए उपलब्ध होगी। दो महीने की इंटर्नशिप का विकल्प चुनने वाले छात्रों को 4 से 15 मई, 2026 के बीच रिपोर्ट करना होगा और इंटर्नशिप 15 जुलाई, 2026 तक पूरी करनी होगी। एक महीने की इंटर्नशिप का विकल्प चुनने वाले छात्रों को 15 जून, 2026 को या उससे पहले रिपोर्ट करना होगा। स्नातक, स्नातकोत्तर व उसके समकक्ष डिग्री प्राप्त करने वाले छात्र आवेदन के पात्र हैं। इसके अलावा आवेदक नियमित पूर्णकालिक छात्र होने चाहिए और पिछले सेमेस्टर में न्यूनतम सीजीपीए 6.5 (10 में से) या 65 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हों। आवेदक आधिकारिक लिंक tinyurl.com/3uhz6k3e पर जाकर 23 मार्च, 2026 तक आवेदन कर सकते हैं।

28वें अंतरराष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव की प्रतियोगिता

आवेदन आमंत्रित

सोरिया, स्पेन की स्थानीय सरकार की युवा परिषद ने 28वें अंतरराष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव की प्रतियोगिता 'स्यूदाद डी सोरिया' के लिए पोस्टर जमा करने हेतु आवेदन आमंत्रित किए हैं। विजेता पोस्टर को 28वें अंतरराष्ट्रीय लघु फिल्म महोत्सव की प्रतियोगिता के लिए चुना जाएगा।

■ इच्छुक प्रतियोगी लें भाग
यह प्रतियोगिता विश्व भर के सभी डिजाइनरों, कलाकारों और कंटेंट क्रिएटर्स के लिए खुली है। जो भी इसमें भाग लेने के इच्छुक हों, चाहे टीम के रूप में या व्यक्तिगत लेखक के रूप में, वे भाग ले सकते हैं। प्रत्येक लेखक अधिकतम एक पोस्टर प्रस्तुत कर सकता है।

■ पुरस्कार
इस प्रतियोगिता के विजेता को 1000 यूरो का एकमुश्त पुरस्कार दिया जाएगा।

■ यहां आवेदन करें
इस प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 जून, 2026 निर्धारित की गई है। इच्छुक उम्मीदवार अपनी योग्यताओं की जांच करते हुए आधिकारिक लिंक tinyurl.com/488netzs पर जाकर ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

एग्जाम अलर्ट हफ्ते की परीक्षाएं

बैंक ऑफ बड़ौदा कार्यालय सहायक मुख्य परीक्षा
- परीक्षा की तिथि : 22 मार्च, 2026
- इस परीक्षा में अंग्रेजी भाषा, सामान्य जागरूकता, प्रारंभिक अंकगणित व तर्कशक्ति से 100 अंकों के लिए 100 प्रश्न पूछे जाएंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यर्थियों को 80 मिनट का समय दिया जाएगा।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें
  tinyurl.com/yze2hfap

यूपीपीएससी एपीओ परीक्षा 2025
- परीक्षा की तिथि : 22 मार्च, 2026
- इस परीक्षा में सामान्य विज्ञान, भारत का इतिहास, समसामयिक घटनाएं, भारतीय संविधान, यूपी पुलिस अधिनियम और विनियम आदि से 150 अंकों के 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। परीक्षा की अवधि दो घंटे निर्धारित है।
- यहां से प्रवेश-पत्र डाउनलोड करें
  tinyurl.com/28ubpy28

नोट: 14 मार्च को प्रकाशित एग्जाम अलर्ट में सीबीएसई टियर-II परीक्षा की तिथि 19 मार्च के बजाय 19 अप्रैल, 2026 पढ़ें।

रोशनी यहां है

इस बार : जय चौधरी
क्यों : एक गांव से उठी वैश्विक सफलता की कहानी

एक छोटे-से गांव से निकलकर जय चौधरी ने अपने संकल्प और दूरदृष्टि के दम पर अरबपति सीईओ बनने तक का सफर तय किया। आईआईटी, बीएचयू और अमेरिका से उच्च शिक्षा हासिल करने के बाद उन्होंने कई तकनीकी कंपनियां स्थापित कीं, जिनमें जस्केलर भी शामिल है, जो आज क्लाउड सुरक्षा क्षेत्र की अग्रणी कंपनी है।

संघर्ष में बीता बचपन, प्रतिभा और इनोवेशन के दम पर खड़ा किया करोड़ों का कारोबार

हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के एक साधारण गांव से निकलकर वैश्विक स्तर पर पहचान बनाने वाले जय चौधरी की कहानी संघर्ष, मेहनत और बड़े सपनों की मिसाल है। एक किसान परिवार में जन्मे जय चौधरी ने सीमित संसाधनों के बावजूद अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प के बल पर सफलता की नई ऊंचाइयों को छुआ। आगे चलकर उन्होंने साइबर सुरक्षा कंपनी जस्केलर की स्थापना की, जो आज दुनिया की अग्रणी कंपनियों में शामिल है। आज उनकी संपत्ति लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये आंकी जाती है और वे दुनिया के सबसे समृद्ध आईआईटी पूर्व छात्रों में गिने जाते हैं। उनकी प्रेरक यात्रा यह बताती है कि मजबूत इरादे और लगातार मेहनत से साधारण शुरुआत भी असाधारण उपलब्धियों में बदल सकती है।

साधारण परिस्थितियों में बीता बचपन

जय चौधरी का जन्म 1958 में हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले के छोटे से गांव पनोह में हुआ था। उनका बचपन बेहद साधारण परिस्थितियों में बीता, जहां बिजली और स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं भी उपलब्ध नहीं थीं। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी मजबूत थी कि वे रोज कई किलोमीटर पैदल चलकर स्कूल जाते थे और बिजली न होने के कारण अक्सर दिन के उजाले में पेड़ के नीचे बैठकर पढ़ाई करते थे। स्कूल में जब लंच होता था, तब बाकी बच्चे खेलते थे, लेकिन जय उस समय अपने शिक्षक से कुछ नया सीखने में लगे रहते थे। वे अपनी कक्षा में हमेशा अव्वल स्थान पर रहे। इन्हीं संघर्षों के बीच उन्होंने अपनी शिक्षा की मजबूत नींव रखी। आगे चलकर उन्होंने भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू), वाराणसी से इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में बैचलर ऑफ टेक्नोलॉजी (बीटेक) की डिग्री प्राप्त की, जिसने उनके उज्ज्वल भविष्य की दिशा तय की।

छात्रवृत्ति से अमेरिका में की पढ़ाई

पढ़ाई में मेधावी रहे जय चौधरी ने अपनी प्रतिभा के दम पर विदेश में उच्च शिक्षा का अवसर प्राप्त किया। उन्हें अमेरिका के सिनसिनाटी विश्वविद्यालय में एमबीए करने के लिए छात्रवृत्ति मिली, जिससे वे आगे की पढ़ाई के लिए अमेरिका जा सके। बताया जाता है कि उनकी पढ़ाई में टाटा ग्रुप की ओर से भी आर्थिक सहयोग मिला था। अमेरिका में पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने अपने कॅरिअर की शुरुआत प्रतिष्ठित तकनीकी कंपनियों आईबीएम और यूनिसिस में काम करके की। इसके बाद उद्यमिता की राह चुनते हुए उन्होंने 1996 में अपनी पहली साइबर सुरक्षा कंपनी सिक्योरआईटी की स्थापना की। आगे चलकर उन्होंने सिफरट्रस्ट, कोरहार्बर और एयरडिफेंस जैसी कई सफल कंपनियां खड़ी कीं, जिसने उन्हें टेक्नोलॉजी जगत में एक सफल उद्यमी के रूप में स्थापित कर दिया।

जस्केलर की स्थापना

2007 में जय चौधरी ने साइबर सुरक्षा के क्षेत्र में जस्केलर की स्थापना की। उस समय तकनीकी दुनिया तेजी से बदल रही थी और बढ़ते साइबर खतरों के सामने पारंपरिक सुरक्षा प्रणालियां पर्याप्त साबित नहीं हो रही थीं। प्रौद्योगिकी और नवाचार की गहरी समझ रखते हुए जय चौधरी ने महसूस किया कि कंपनियों को अधिक उन्नत और लचीले सुरक्षा समाधान की जरूरत है। इसी सोच के साथ उन्होंने क्लाउड आधारित सुरक्षा प्लेटफॉर्म विकसित किया, जिसने संगठनों को अपने नेटवर्क और डाटा को सुरक्षित रखने का एक नया तरीका सिखाया। जस्केलर का यह क्लाउड-आधारित मॉडल जल्द ही लोकप्रिय हो गया और अलग-अलग क्षेत्रों की कई कंपनियों ने अपने डिजिटल नेटवर्क की सुरक्षा के लिए इसे अपनाना शुरू कर दिया।

क्लाउड सुरक्षा में बड़ी पहचान

जय चौधरी के नेतृत्व में जस्केलर ने तेजी से विकास किया और कुछ ही वर्षों में क्लाउड आधारित साइबर सुरक्षा समाधानों की अग्रणी कंपनियों में शामिल हो गई। आज जस्केलर वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित साइबर सुरक्षा कंपनियों में गिनी जाती है। यह कंपनी आज 25 अरब डॉलर (लगभग 2308.49 रुपये) से अधिक की वैल्यू वाली साइबर सिक्योरिटी लीडर बन चुकी है। फोर्ब्स 2025 की रिपोर्ट के अनुसार, जय की कुल संपत्ति लगभग 1.5 लाख करोड़ रुपये है। इसके ग्राहक दुनिया भर में फैले हुए हैं और इनमें वित्त, स्वास्थ्य सेवा, प्रौद्योगिकी सहित कई महत्वपूर्ण उद्योगों की संस्थाएं शामिल हैं।

युवाओं को सीख

- बड़े सपने देखने वाले ही बड़ी सफलता हासिल करते हैं।
- समय का सही उपयोग ही भविष्य की सबसे बड़ी पूंजी है।
- लक्ष्य स्पष्ट हो, तो रास्ते खुद बनते चले जाते हैं।

16 मार्च,1926

आज का दिन

अमेरिकी भौतिक विज्ञानी रॉबर्ट एच. गोडार्ड ने पहला तरल ईंधन वाला रॉकेट लॉन्च किया था। इसने 2.5 सेकंड तक 60 मील प्रति घंटे की गति से यात्रा की। इस रॉकेट से अंतरिक्ष यात्रा के सपनों को नए पंख मिले थे।

- 1802 : संयुक्त राज्य अमेरिका की सैन्य अकादमी वेस्ट प्वाइंट की स्थापना हुई थी।
- 1850 : अमेरिकी लेखक नाथेनियल हॉथोर्न की पुस्तक 'द स्कार्लेट लेटर' प्रकाशित हुई थी।
- 1926 : अमेरिकी हास्य अभिनेता जेरी लुईस का जन्म हुआ था।
- 1970 : अमेरिकी गायिका टैमी टेरेल का निधन हुआ था।

व्रत त्योहार

आज : चैत्र कृष्ण पक्ष द्वादशी।
कल : रंग तेरस, वसंत ऋतु, सूर्य उत्तरायणे, दक्षिण गोले।
राहुकाल : दिन में 15.00 से 16.30 तक।

कल का पंचांग

सूर्योदय : 06.33
सूर्यास्त : 18.27
(भारतीय मानक समयानुसार)

विक्रमी संवत 2082, 26 फाल्गुन मास शक 1947, चैत्र मास 04 प्रविष्टे, 27 रमजान हिजरी 1447, चैत्र कृष्ण पक्ष त्रयोदशी 09.22 तक उपरांत चतुर्दशी, शतभिषा नक्षत्र 30.08 तक उपरांत पूर्वाभाद्रपदा नक्षत्र,सिद्ध योग 08.14 तक उपरांत साध्य योग 30.21 तक तदोपरांत शुभ योग, वणिज करण 09.22 तक उपरांत विष्टि (भद्रा) करण, चंद्रमा कुंभ राशि में दिन-रात।

amarujala.com/astrology

राशिफल

पं. विनोद त्यागी

मेष : राजकाज में सफलता मिलेगी। नौकरी में उन्नति हो सकती है। व्यावसायिक धन लाभ से मन प्रसन्न रहेगा।

वृष : मानसिक तनाव से बचें। नौकरी में नई जिम्मेदारी बढ़ सकती है। व्यवसाय में आय व्यय सम रहेंगे।

मिथुन : नौकरी में कुशल प्रबंधन का लाभ मिल सकता है। व्यवसाय में जोखिम जमानत से बचें।

कर्क : सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में नई चुनौतियां आएंगी। व्यावसायिक लाभ से संतुष्ट रहेंगे।

सिंह : नौकरी में पदोन्नति हो सकती है। कार्यविशेष में सफलता मिलेगी। व्यवसाय में उत्तम लाभ होगा।

कन्या : सकारात्मक सोच बनाए रखें। नौकरी में अधिकारी अनुकूल रहेंगे। संतान पक्ष से सुख मिलेगा।

तुला : दिनमान श्रम साध्य रहेगा। नौकरी में कार्यभार बढ़ सकता है। व्यवसाय में सामान्य लाभ होगा।

वृश्चिक : व्यक्तिगत संबंध सहायक रहेंगे। कार्यक्षेत्र में सावधानी से निर्णय लें। व्यवसाय में लाभ हो सकता है।

धनु : मानसिक तनाव से बचें। नौकरी में स्थिति यथावत रहेगी। नई व्यावसायिक योजना बन सकती है।

मकर : दिनमान सामान्य रहेगा। नौकरी में श्रम के बल पर दबदबा बना रहेगा। व्यवसाय में लाभ होगा।

कुंभ : मानसिक उत्तेजना पर नियंत्रण रखें। नौकरी के नए अवसर मिल सकते हैं। व्यवसाय में धन लाभ होगा।

मीन : सामाजिक सम्मान बढ़ेगा। मित्र सहायक रहेंगे। अटका धन मिलेगा। व्यवसाय में लाभ के अवसर मिलेंगे।

जन्मदिन

राजपाल यादव, अभिनेता

इस वर्ष मनोत्साह बना रहेगा। परिचय क्षेत्र का विस्तार होगा। जमीन-जायदाद के अटके कार्य पूर्ण होंगे। आर्थिक दृष्टि से वर्ष महत्वपूर्ण रहेगा। भवन निर्माण पर व्यय हो सकता है। परिवार में सदस्यों की संख्या बढ़ सकती है। साझेदारी में किसी नए व्यवसाय का प्रारंभ हो सकता है। स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा।

सुडोकू

4	8			9	5			
			4				6	5
		2		6				
1			2			6		
6	2						4	9
		7			6			1
				3		7		
2	5				4			
			8	5			1	3

सुडोकू 81 वर्गों का ग्रिड है, जो 9 वर्गों के ब्लॉक में बंटा हुआ होता है। कुछ वर्गों के अंक लिखे हैं और खाली वर्गों में 1 से लेकर 9 तक के अंक लिखने होते हैं। कोई नंबर 1 पंक्ति, कॉलम या 9 वर्ग वाले छोटे ब्लॉक में दोबारा नहीं आ सकता है।

उत्तर

4	8	6	1	9	5	2	3	7
9	3	1	4	2	7	8	6	5
5	7	2	3	6	8	1	9	4
1	9	5	2	4	3	6	7	8
6	2	8	5	7	1	3	4	9
3	4	7	9	8	6	5	2	1
8	1	4	6	3	9	7	5	2
2	5	3	7	1	4	9	8	6
7	6	9	8	5	2	4	1	3

डेली हेल्थ कैप्सूल

औषधि का काम करता है लहसुन तेल

एंटी-बायोटिक, एंटी-फंगल और एंटी-वायरल गुणों से भरपूर लहसुन का तेल कई बीमारियों में लाभप्रद है।

लहसुन की कलियों से प्राप्त तेल कई स्वास्थ्य लाभों से युक्त होता है। इसमें एलिसिन, डायलील डाइसल्फाइड और डायलील ट्राइसल्फाइड जैसे यौगिक होते हैं, जो स्वास्थ्य समस्याओं में लाभ पहुंचाते हैं। नेशनल लाइब्रेरी ऑफ मेडिसिन के एक अध्ययन के अनुसार, लहसुन में ही 200 से अधिक ऐसे रसायन पाए जाते हैं, जो प्रतिरक्षा प्रणाली को

मजबूत करने और शरीर को कई बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। लहसुन के तेल में एलिसिन जैसे ऑर्गेनोसल्फर यौगिक प्रचुर मात्रा में पाए जाते हैं, जो एलडीएल (खराब) कोलेस्ट्रॉल को कम करने, रक्तचाप को नियंत्रित करने और रक्त संचार में सुधार करने में सहायक होते हैं। इससे दिल सेहतमंद रहता है। लहसुन का तेल सल्फर यौगिकों, विटामिन सी और बी6 तथा आवश्यक खनिजों से भरपूर है, जो बालों के रोमों को पोषण देते है और नए बालों के विकास को बढ़ावा देते हैं। लहसुन में मौजूद सूजनरोधी तत्व जोड़ों के दर्द और अकड़न से राहत दिलाते हैं। लहसुन के तेल में जीवाणुरोधी, फफूंदरोधी गुण पाए जाते हैं, जो मुंहासे, त्वचा के संक्रमण और दाद जैसी छोटी-मोटी फफूंद के इलाज में मददगार हैं।

क्या कहते हैं विशेषज्ञ

यदि आपको एसिडिटी या शरीर में बहुत गर्मी रहती है, तो लहसुन के तेल के अत्यधिक उपयोग से बचें। संवेदनशील त्वचा पर इसे तिल के तेल या नारियल तेल में मिलाकर लगाना बेहतर होता है।

-डॉ. नवीन चंद्र जोशी
वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक

चुनाव की घोषणा

भारतीय चुनाव आयोग द्वारा चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ ही सियासी सरगर्मी बहुत बढ़ गई है। अपने देश में फिलहाल जैसी राजनीतिक स्थिति है, उसमें ये पांचों क्षेत्र चुनावी रूप से बहुत महत्वपूर्ण हैं। इनमें से दो जगह – असम राज्य और पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश में भाजपा सरकार में है, जबकि अन्य तीन राज्यों - तमिलनाडु, केरल और पश्चिम बंगाल में भाजपा की विरोधी सरकारें हैं। खास यह है कि असम, केरल और पुडुचेरी में 9 अप्रैल को ही मतदान है, मतलब इन राज्यों में अब ज्यादा समय नहीं है। हालांकि, इन सभी जगहों पर चुनावी बिगुल बीते एक महीने से बज रहा है, अतः यह कहना सही नहीं होगा कि दलों को चुनाव प्रचार का समय नहीं मिला। हां, पहले के दौर में प्रचार के लिए कुछ ज्यादा समय मिलता था, अब उतना समय नहीं मिलता है। यह एक तरह से ठीक भी है, क्योंकि चुनाव की घोषणा के साथ ही, आचार संहिता लागू हो जाती है और बड़े सरकारी काम ठप्प हो जाते हैं। ऐसे में, चुनाव आचार संहिता के समय को कम करना प्रशंसनीय है।

यह कहने में कोई हर्ज नहीं कि जब राज्य सरकारों को काम के लिए ज्यादा समय मिल रहा है, तो उन्हें लोकलुभावन घोषणाओं के लिए भी ज्यादा समय मिल रहा है। मिसाल के लिए, चुनाव की घोषणा से ठीक पहले, एलपीजी की कमी के मद्देनजर तमिलनाडु की सरकार ने होटलों और क्लाउड किचन के लिए 2 रुपये प्रति यूनिट बिजली सब्सिडी की घोषणा की है। उधर, आचार संहिता लागू होने से कुछ ही घंटे पहले, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हिंदू और मुस्लिम पुजारियों और मुअज्जिनों के मासिक मानदेय में 500 रुपये की वृद्धि की घोषणा की है। अब उन्हें प्रति माह 2,000 रुपये मिलेंगे। इस चुनाव में शायद ही कोई ऐसी पार्टी होगी, जो सांप्रदायिक समूहों को लुभाने की कोशिश न कर रही हो। असम और केरल में भी ऐसी घोषणाएं हुई हैं। लोगों को रिझाने में कोई दल पीछे नहीं है। आज राज्य सरकारों के पास धन बढ़ा है, तो उन्हें अपने हिसाब से बांटने का हक है। हां, लोकलुभावन चुनावी घोषणाओं की निंदा होती है, पर इससे लोगों को सीधे लाभ भी होता है। हालांकि, ऐसी राजनीति में वोट खरीदने का आरोप किसी भी राजनीतिक दल का पीछा नहीं छोड़ता है। हां, यह सकारात्मक बात है कि चुनावी वादे अब अधिकाधिक पूरे होने लगे हैं और जनता के सभी वर्ग को कुछ न कुछ सीधे लाभ हो रहा है।

चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में चुनावी तिथियों की घोषणा के साथ ही राजनीतिक सरगर्मी बहुत बढ़ गई है। यह चुनाव आयोग के लिए परीक्षा की घड़ी है।

निस्संदेह, राजनीतिक रूप से पश्चिम बंगाल का चुनाव सबसे खास है, जहां इस बार केवल दो चरणों में मतदान होने हैं। यहां चुनाव आयोग तारीफ का हकदार है। पिछली बार यहां आठ चरणों में मतदान हुए थे और आपराधिक तत्वों को ज्यादा मौके मिले थे। उम्मीद है, यहां चुनावी हिंसा कम होगी। यह चुनाव ममता बनर्जी के लिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि वह चौथे कार्यकाल के लिए लालायित हैं। इस बार सबकी नजर पश्चिम बंगाल पर होगी। उधर, असम में लगातार दो बार से भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार है और इस बार भी वह कमजोर नहीं दिख रही है। तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक बहुत मजबूत है, तो केरल में सत्तारूढ़ वाम मोर्चा तीसरे कार्यकाल के लिए जोर लगा रहा है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व वाले मोर्चे की राह आसान नहीं है। खैर, अगली सरकारों का चेहरा 4 मई को मतगणना के दिन सामने आ जाएगा। इस बार टक्कर तगड़ी है और चुनाव आयोग को ऐसी मुस्तैदी से अपने काम को अंजाम देना है, ताकि किसी को शिकायत का कोई मौका न मिले।

गैस का इंतजाम एक बड़ा इम्तिहान

यहां स्कैन करें

आलोक जोशी | वरिष्ठ पत्रकार

यूरोप से लेकर एशिया तक ज्यादातर देश ईरान युद्ध के संकट का ताप झेलने लगे हैं। कहीं गैस की कमी है, तो कहीं तेल की किल्लत और महंगाई का डर भी सताने लगा है।

लगेगी आग तो आएंगे घर कई जद में
यहां पे सिर्फ हमारा मकान थोड़ी है।

मशहूर शायर राहत इंदौरी का यह शेर किसी मोहल्ले, गांव, शहर या कह सकते हैं कि किसी पूरे देश को नजर में रखकर लिखा गया होगा और यह उसी रोशनी में सुना व सुनाया जाता रहा है। वैसे, आज शायद यह शेर पूरी दुनिया के लिए सही साबित होता दिख रहा है।

अमेरिका द्वारा ईरान पर हमले के पहले शायद ही किसी ने सोचा था कि इसकी आंच इतनी जल्दी इतनी दूर तक फैल जाएगी। अब तस्वीर साफ है। यूरोप से लेकर एशिया तक तमाम देश इस युद्ध से उपजे संकट का ताप झेल रहे हैं। कहीं गैस की कमी है, तो कहीं तेल की किल्लत और महंगाई का डर सता रहा है।

भारत के लिए यह बड़ी मुसीबत है, क्योंकि होर्मुज जलमार्ग बाधित होने या बंद होने का सबसे खराब असर भारत पर पड़ना तय था। फारस की खाड़ी को ओमान की खाड़ी के रास्ते अरब सागर से जोड़ने वाला यह महत्वपूर्ण जलमार्ग पूरी दुनिया के ऊर्जा-व्यापार की जीवनरेखा है। दुनिया भर में कच्चे तेल और गैस की कुल आपूर्ति का लगभग 20 से 25 फीसदी हिस्सा इसी रास्ते से गुजरकर मंजिल तक पहुंचता है। हर रोज इस रास्ते से औसतन 138 जहाज या टैंकर फारस की खाड़ी से अरब सागर तक का सफर तय करते हैं, जिनमें लगभग 1.40 करोड़ बैरल कच्चा तेल और 29 करोड़ घनमीटर तरल प्राकृतिक गैस या एलएनजी ढोई जाती है। पिछले दो हफ्तों में इस रास्ते से कुछ ही टैंकर निकल पाए हैं, इधर कुछ और टैंकरों को भी निकाला जा रहा है, पर टैंकरों की आवाजाही घटने का ही असर तेल और गैस के बढ़ते दामों पर दिख रहा है।

पूरी दुनिया में हर रोज करीब 10.5 करोड़ बैरल कच्चे तेल की खपत होती है। इसमें से दो करोड़ बैरल सिर्फ पश्चिम एशिया से आता है। इसका बड़ा हिस्सा होर्मुज के रास्ते निकलता है और करीब 60 लाख बैरल पाइपलाइन के रास्ते लाल सागर जाता है। लड़ाई की वजह से दोनों ही रास्तों पर असर पड़ा है और दुनिया को हर रोज दो करोड़ बैरल तेल कम मिल रहा है। अब तक का मोटा अनुमान यही है कि करीब 20 से 25 करोड़ बैरल तेल अटक गया है, जिसका बड़ा हिस्सा उन्हीं देशों के स्टोरेज टैंकरों में आ चुका था। चूंकि अब वे भी भरने लगे हैं, इसलिए ये देश अब कुओं से तेल निकालना ही बंद कर रहे हैं।

भारत की तेल-आपूर्ति का लगभग आधा हिस्सा यहीं से आता है। हालांकि, इससे भी बड़ी परेशानी है एलएनजी या प्राकृतिक गैस। हम गाड़ियों में सीएनजी या घरों में पीएनजी के नाम से जो गैस इस्तेमाल कर रहे हैं, वे यही हैं। भारत 84 प्रतिशत एलएनजी पांच देशों से मंगाता है- कतर, अमेरिका, संयुक्त अरब अमीरात, अंगोला और ओमान, लेकिन इसका 60 फीसदी हिस्सा पश्चिम एशिया के उन्हीं इलाकों से आता है, जिनकी आपूर्ति होर्मुज जलमार्ग से गुजरती है।

तेल के मुकाबले गैस का बाजार बहुत विकट है। तेल तो कहीं से भी कम या ज्यादा मात्रा में खरीदा जा सकता है, पर गैस की आपूर्ति में लंबे समय के करार करने पड़ते हैं। इसीलिए भारत कतर पर काफी हद तक निर्भर है। कतर एनर्जी इस इलाके में एलएनजी का सबसे बड़ा आपूर्तिकर्ता है, पर उसके रस लफान कॉम्प्लेक्स पर ड्रोन हमले के बाद से उसने एलएनजी उत्पादन बंद कर रखा था। इसी परिस्थिति में दुनिया के दिग्गज विशेषज्ञ चेता रहे हैं कि यदि होर्मुज का रास्ता दो महीने से ज्यादा बंद रहा, तो एलएनजी का दाम दोगुना होने का डर है। इस वक्त भी इसका दाम 15 डॉलर प्रति एमएमबीटीयू पहुंच चुका है, जो जंग शुरू होने से पहले सात डॉलर पर था। तेल के दाम प्रति बैरल 150 से 200 डॉलर तक पहुंचने की चेतावनियां पहले ही आ चुकी हैं। मान लें कि यह लड़ाई आज ही खत्म हो जाए, तब भी स्थिति सुधरने और आपूर्ति के वापस पटरी पर आने में कम से कम एक महीने का वक्त लग ही जाएगा। हालांकि, इस समय ज्यादा जानकार भविष्यवाणी करने से कतरा रहे हैं, पर तीन तरह के अनुमान लग रहे हैं।

अगर युद्ध तुरंत रुक जाए और दोनों पक्ष शांति के लिए राजी हो जाएं, तो इस इलाके से तेल और गैस आना फिर शुरू होगा। तीन-चार हफ्ते में उत्पादन भी शुरू हो सकता है। फिर भी, हालात सामान्य होने में एक से दो महीने का वक्त लग सकता है।

हालांकि, यदि यह लड़ाई एक-दो महीने तक खिंचती है और होर्मुज की नाकाबंदी जारी रहती है, तब तेल के दाम फिर चढ़ेंगे और 150 डॉलर के ऊपर भी जा सकते हैं। ऐसे में, सऊदी अरब और यूएई को अपना उत्पादन बंद करना पड़ेगा। गैस की भारी किल्लत हो जाएगी, जिससे खाद कारखानों और प्राकृतिक गैस पर निर्भर दूसरे उद्योगों को झटका लगेगा। शहरों में पाइप लाइन गैस की आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है और यातायात महंगा हो सकता है। भारत का तेल आयात खर्च तेजी से बढ़ने का डर है, जिसकी वजह से रुपया भी कमजोर होगा और काफी समय से काबू में दिख रही महंगाई के भी बेलगाम होने का डर पैदा होगा। युद्ध रुकने के बाद भी संकट से उबरने में समय लग सकता है।

तीसरी तस्वीर और भी डरावनी है। अगर वियतनाम और अफगानिस्तान की तरह ईरान का मोर्चा भी अमेरिका के लिए एक लंबी लड़ाई का मैदान बन जाता है और होर्मुज जलमार्ग को बंद रखने में ईरान कामयाब रहता है, तब कच्चे तेल का दाम 200 डॉलर प्रति बैरल तक उछल सकता है। दुनिया के तमाम देशों में ऊर्जा संकट पैदा हो सकता है। तमाम चीजों की किल्लत देखने को मिल सकती है। महंगाई तेजी से बढ़ी, तो केंद्रीय बैंकों को ब्याज बढ़ाने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है, जिसका असर आर्थिक विकास पर भी पड़ेगा। ऐसे में अनेक देश मंदी की चपेट में भी जा सकते हैं। भारत भी इन सबसे अछूता नहीं रह सकेगा।

अभी भारत और ईरान के बीच बातचीत से उम्मीद बनती है कि होर्मुज का रास्ता शायद भारत के लिए पूरी तरह बंद नहीं होगा, इसलिए अभी परिस्थिति उतनी बिगड़ती नहीं दिखती। अगर तटस्थ होकर देखना है, तो सऊदी अरब की सबसे बड़ी तेल कंपनी अरामको के प्रमुख की यह चेतावनी याद रखनी चाहिए कि यह लड़ाई जितनी लंबी चलेगी, दुनिया के तेल कारोबार के लिए उसके नतीजे उतने ही हाहाकारी होंगे।

भारत सरकार पूरे प्रयास में लगी है कि उसे किसी तरह से तेल मिलता रहे। ईरान को मनाने में कुछ सफलता भी मिली है। हालांकि, अपनी जरूरत भर का तेल लाने के लिए भारत सरकार को अभी और प्रयास करने की जरूरत है। ध्यान रहे, हर गुजरता दिन दुनिया को भी महंगा पड़ रहा है और भारत को भी।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

टीकों पर लोगों का भरोसा बढ़ाएगी मुआवजा नीति

यहां स्कैन करें

चंद्रकांत लहारिया | स्वास्थ्य नीति विशेषज्ञ

पिछले सप्ताह सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र सरकार को कोविड-19 टीकाकरण के बाद होने वाली गंभीर दुर्घटनाओं के लिए 'नो-फॉल्ट मुआवजा नीति' तैयार करने को कहा है। अदालत ने कहा कि टीकाकरण अभियान सरकार के माध्यम से संचालित होते हैं और इसलिए उनके साथ जवाबदेही और मुआवजे की व्यवस्था भी होनी चाहिए। यह नागरिकों और सरकार के बीच मौजूद 'सामाजिक अनुबंध' का हिस्सा है।

निस्संदेह, टीके हर वर्ष लाखों लोगों की जान बचाते हैं, लेकिन बहुत ही दुर्लभ परिस्थितियों में वे गंभीर दुष्प्रभाव भी दिखा सकते हैं। एक परिपक्व स्वास्थ्य व्यवस्था इस आशंका को स्वीकार करती है, प्रभावित लोगों को भरपाई करती है और टीकाकरण के प्रति समाज के भरोसे को अधिक मजबूत बनाती है। यही वह संदर्भ है, जहां 'नो-फॉल्ट मुआवजा प्रणाली' की अवधारणा महत्वपूर्ण हो जाती है। पारंपरिक कानूनी प्रक्रिया में पीड़ित व्यक्ति को यह साबित करना पड़ता है कि किसी की लापरवाही या गलती के कारण नुकसान हुआ है। इसके विपरीत, 'नो-फॉल्ट' व्यवस्था यह मानती है कि मानकों और नियामक सुरक्षा के बावजूद कभी-कभी प्रतिकूल परिणाम सामने आ सकते हैं। इसका उद्देश्य उन व्यक्तियों को समय पर आर्थिक सहायता देना है, जिन्होंने सार्वजनिक हित के लिए चलाए गए कार्यक्रम में भाग लेते हुए दुर्लभ और गंभीर नुकसान झेला है।

प्रस्तावित 'नो-फॉल्ट मुआवजा' नीति भारत में टीकों के प्रति भरोसे की नींव को और मजबूत कर सकती है, हालांकि, चुनौतियां भी कम नहीं हैं।

यह विश्वास तब और महत्वपूर्ण हो जाता है, जब नए टीकों की शुरुआत की जाती है। हाल ही में भारत ने किशोरियों के लिए 'ह्यूमन पैपिलोमा वायरस' (एचपीवी) टीका उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है, जो सर्वाइकल कैंसर की रोकथाम में अत्यंत प्रभावी माना जाता है। फिर भी, कई क्षेत्रों में इसकी स्वीकार्यता अभी सीमित है। वैश्विक वैज्ञानिक प्रमाणों के बावजूद, पूर्व की कुछ विवादित घटनाओं और गलत सूचनाओं के कारण लोगों के मन में संदेह बना हुआ है। इस स्थिति में पारदर्शी नीतियां टीकों के प्रति भरोसा बढ़ाने में सहायक हो सकती हैं।

हालांकि, इस तरह की नीति के साथ कुछ चिंताएं भी जुड़ी हुई हैं। आज के समय में जब सूचना बहुत तेजी से फैलती है और सोशल मीडिया अफवाहों को बढ़ावा देता है, टीकों से जुड़े जोखिमों को गलत तरीके से पेश किया जा सकता है। यदि संवाद सावधानीपूर्वक न किया जाए, तो मुआवजा नीति को कुछ लोग इस रूप में भी देख सकते हैं कि टीके असुरक्षित होते हैं। ऐसे माहौल में किसी भी नीति के साथ स्पष्ट और जिम्मेदार संवाद अत्यंत आवश्यक हो जाता है।

इस नीति को लागू करते समय कई बातें ध्यान में रखनी होंगी। प्रतिकूल घटनाओं के कारणों की पड़ताल वैज्ञानिक और पारदर्शी तरीकों से होनी चाहिए। चिकित्सा विशेषज्ञों, महामारी विज्ञानियों और कानूनी विशेषज्ञों के स्वतंत्र पैनल को प्रमाणों के आधार पर निर्णय लेना चाहिए। इसके साथ-साथ प्रक्रिया सरल और समयबद्ध होनी चाहिए, ताकि प्रभावित परिवारों को वर्षों तक अदालतों के चक्कर न लगाने पड़ें। इसके लिए आर्थिक संसाधनों की व्यवस्था भी होनी चाहिए। संभव हो, तो इसके लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य कोष या टीका खरीद से जुड़े छोटे वित्तीय योगदान जैसे मॉडल अपनाए जाएं, जैसा कई देशों में होता है।

कोविड-19 महामारी ने यह दिखाया कि बड़े पैमाने पर टीकाकरण अभियान प्रभावकारी, पर जटिल भी हो सकते हैं। वैज्ञानिक उपलब्धियों ने टीकों को संभव बनाया, पर उनकी सफलता अंततः लोगों के विश्वास और भागीदारी पर निर्भर रही। प्रस्तावित 'नो-फॉल्ट मुआवजा' नीति भारत में टीकों के प्रति भरोसे की नींव को और मजबूत कर सकती है, बशर्ते इसे सोच-समझकर तैयार किया जाए। दुर्लभ प्रतिकूल परिस्थितियों में प्रभावित परिवारों को सहारा देने से सार्वजनिक स्वास्थ्य संस्थाओं की विश्वसनीयता बढ़ सकती है। ऐसे समय में, जब गलत सूचनाएं अक्सर वैज्ञानिक तथ्यों की तुलना में तेजी से फैलती हैं, यह नीति एक महत्वपूर्ण संदेश दे सकती है कि जब नागरिक सामूहिक स्वास्थ्य की रक्षा के लिए आगे आते हैं, तब राज्य भी उनके साथ न्याय, पारदर्शिता और संवेदनशीलता के साथ खड़ा रहता है।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

मनसा वाचा कर्मणा

मन की उम्र बढ़ती रहे

लोग बड़े हो जाते हैं, पर सिर्फ शरीर से, मन उनका बच्चा ही रहता है। बचपन में बचपना सुंदर लगता है, पर बड़े लोग जब बच्चों जैसे आचरण करते हैं, तो मुश्किल हो जाती है। सारे रिश्ते बिगड़ जाते हैं। रिश्तों की गुत्थी सुलझाने के लिए मनोवैज्ञानिकों ने कई कोशिशें कीं।

20वीं सदी में अमेरिका में एक बहुत बड़े मनोचिकित्सक हुए डॉ एरिक बर्न। उन्होंने सैकड़ों मरीजों का उपचार किया और फिर वह इस नतीजे पर पहुंचे कि इंसान एक अखंड व्यक्तित्व नहीं है। उसके अंदर कई केंद्र होते हैं, जो तरह-तरह के चेहरे बनकर उभरते हैं। अपने अनुभवों की बुनियाद पर उन्होंने एक किताब लिखी- *गेम्स पीपुल प्ले,* यानी खेल जो लोग खेलते हैं।

डॉ बर्न एक वकील का इलाज कर रहे थे, जो कम उम्र में ही एक सफल, प्रसिद्ध और संपन्न वकील बन गया था। एक सत्र के दौरान वह बोला, मैं वकील नहीं हूं, एक छोटा बच्चा हूं। फिर अगले सत्रों में कई बार वकील ने डॉ बर्न से पूछा, आप वकील से बोल रहे हैं या बच्चे से? यह देखकर बर्न में कौतूहल जगा। उन्होंने धीरे-धीरे अपने अन्य मरीजों के विश्लेषण के दौरान भी पाया कि एक व्यक्ति में कम-से-कम तीन लोग बसते हैं- बच्चा, मां-बाप और वयस्क। और, ये तीन लोग क्रमशः बदलते रहते हैं। कब बच्चा उभरता है और कब मां-बाप बोलने लगते हैं, यह कहा नहीं जा सकता। यह बदलाव सिर्फ शब्दों में प्रकट नहीं होता, बल्कि शब्दों से तो बहुत कम कहा जाता है; चेहरे के हाव-भाव, देह-भाषा, शरीर का तापमान और अन्य कई निःशब्द इशारों से उस व्यक्ति की मंशा का पता चलता है। मनोवैज्ञानिकों ने पाया है कि जब कोई इंसान बोलता है, तो केवल सात प्रतिशत संप्रेषण उसके शब्दों से होता है, बाकी 38 प्रतिशत स्वर के उतार-चढ़ाव, शब्दों पर आघात इत्यादि से होता है; और देह-भाषा यानी बॉडी लैंग्वेज द्वारा 55 प्रतिशत संप्रेषण होता है।

हम बचपन में अपने से बड़ों के विचार, भाव और आचरण का अनुकरण कर रहे होते हैं। भारतीयों में यह आदत गहरी होती है, क्योंकि यहां बच्चों पर मां-बाप का असर होता है। यह देखना हमारे विकास में सहयोगी होगा कि जो हमारे विचार या भाव हैं, उनमें कितने सचमुच हमारे हैं और कितने हम मां-बाप के ही दोहरा रहे हैं।

यह देखना हमारे विकास के लिए बहुत सहयोगी होगा कि जो हमारे विचार या भाव आ रहे हैं, उनमें कितने सचमुच हमारे अपने हैं और कितने हम मां-बाप के ही दोहरा रहे हैं।

आदमी वयस्क तब होता है, जब जीवन का सीधा सामना करता है- अभी और यहीं, जब वह भूतकाल के प्रभाव को मिटा देता है। जिसका यह केंद्र विकसित होता है, वह व्यक्ति सहज स्फूर्त और सतर्क होता है। वह अपने फैसले खुद ले सकता है और बचकानी हरकतें नहीं करता। बचपन की इच्छाएं बड़े होने के बाद वयस्क होनी चाहिए। शरीर की उम्र के साथ मन की उम्र भी बढ़ती जाए, तो संतुलन बना रहता है।

अमृत साधना

राजनाथ सिंह | रक्षा मंत्री

आज जीवन के लगभग हर क्षेत्र में टेक्नोलॉजी अभूतपूर्व परिवर्तन ला रही है। स्वाभाविक है, टेक्नोलॉजी से जुड़ी आपूर्ति शृंखलाएं बहुत महत्वपूर्ण हो गई हैं और इस अनिश्चितता के दौर में आपूर्ति शृंखला में बाधा से बचने का एकमात्र उपाय 'आत्मनिर्भरता' है।

हिन्दुस्तान | 75 साल पहले | 16 मार्च, 1951

भविष्य की चिन्ता

बजट की बहस में हुई आलोचनाओं के बाद प्रधानमंत्री तथा वित्तमंत्री के जो भाषण हुए, उनमें निराशा के बजाय आशा और स्थिति की गंभीरता को न छिपाते हुए भी दृढ़ता के साथ उसमें से रास्ता निकालने की चेष्टा की ऐसी छाप पड़ती है, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। नेहरूजी तथा देशमुख दोनों ने इस बात से इनकार नहीं किया कि आज हमारे देश की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में फैले हुए भ्रष्टाचार तथा अन्य दोषों की भी किसी ने उपेक्षा नहीं की, परन्तु यह सोचने पर जोर दिया कि 'किस हद तक इनका कारण हमारी अपनी त्रुटियां हैं और किस हद तक संसार की परिस्थितियां। और जो समस्याएं हैं, उन्हें 'क्रियात्मक ढंग से, निश्चित एवं नपा-तुला कदम उठाकर' हल करने की प्रेरणा की। साथ ही अपने को आज में ही न भुलाकर कल यानी भविष्य की भी सुध लेने पर जोर दिया। 'जहांतक मेरा संबंध है, मैं आज की अपेक्षा कल को कुछ ज्यादा महत्व देता हूं।' यह बताते हुए दूरन्देश की तरह प्रधानमंत्री नेहरूजी ने कहा कि 'अगर हमें देश की उन्नति करनी है, तो उस आनेवाले कल के लिए बुनियाद डालनी होगी और वह भी मजबूत बुनियाद, चाहे प्रारम्भ में कुछ कठिनाइयां ही क्यों न हों।' और वित्तमंत्री देशमुख ने भी विकास यानी भावी उत्थान के लिए अपनी संतति के हितार्थ अपने पर अंकुश लगाने का ही प्रतिपादन किया है। इस प्रकार, उन्होंने बताया, बजट को आज की दृष्टि से नहीं, बल्कि कल की दृष्टि से देखा जाना चाहिए- और, इस रूप में, उन्होंने कहा, वह निराशाजनक के बजाय आशाप्रद ही है।

बजट पर बोलनेवालों की मुख्य-मुख्य आलोचनाओं का अपने-अपने ढंग से दोनों ने जवाब दिया और बताया कि प्रत्यक्ष करों द्वारा आय की गुंजाइश अधिक नहीं है, अनिवार्य बचत के साथ ऋण या स्वेच्छया बचत के परम्परागत तरीके नहीं चल सकते, कुछ लोगों के खराब होने के कारण सभी कर्मचारियों को खराब कहने से लाभ के बदले यह हानि ही संभव है कि अच्छे भी बुरे बन जाएं, इसलिए आलोचना विध्वंसक के बजाय रचनात्मक होनी चाहिए, साथ ही प्रयत्न अधिक उत्पादन द्वारा श्रीवृद्धि का होना चाहिए। अगर तरक्की अभीष्ट है, नेहरूजी ने कहा, तो कोई भी शासन-प्रणाली क्यों न हो, देश को पैसा तो बचाना ही होगा।

बिना आग के कहीं धुआं नहीं उठता

रसोई गैस को लेकर मचे हाहाकार और उससे जुड़ी परेशानियों को लेकर प्रशासन की तरफ से दोहरी बात क्यों कही जा रही है? एक ओर, दावा किया जाता है कि देश में गैस-तेल की कोई कमी नहीं, वहीं दूसरी ओर, गैस बुकिंग को लेकर गांव में 45 दिन और शहरों में 25 दिन निर्धारित कर दिए जाते हैं। ऐसे में, जनता आखिर क्या करे? जब बुकिंग की हालत पूर्व जैसी होती, तो शायद अभी जो गैस को लेकर हाहाकार मचा हुआ है, वह नहीं मचता। अगर यह दावा सच है कि गैस-तेल की किल्लत नहीं है, तो फिर गैस बुकिंग के नियमों में बदलाव क्यों किया गया है? बिना आग के तो धुआं नहीं उठता। लोगों में उलझन और चिंता इन्हीं वजहों से अधिक है। स्थिति को पहले की भांति करने के लिए सरकार लोगों में भरोसा पैदा करे। इसके लिए उनको सबसे पहले सच बताना चाहिए।

शैलबाला कुमारी, गृहिणी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति में आई बाधाओं के कारण देश में रसोई गैस की उपलब्धता को लेकर चिंता का माहौल बन गया है। खबर है कि दिल्ली हाईकोर्ट की कैंटीन में भोजन सेवा अस्थायी रूप से बंद करनी पड़ी, वहीं अयोध्या में निःशुल्क भोजन कराने वाली 'राम रसोई' को भी गैस की अनिश्चित उपलब्धता के कारण बंद करना पड़ा। रेलवे की खानपान सेवा भी प्रभावित हुई है। भारतीय रेलवे खानपान एवं पर्यटन निगम (आईआरसीटीसी) ने कैटरिंग इकाइयों को माइक्रोवेव और इंडक्शन जैसे वैकल्पिक साधनों का उपयोग करने के निर्देश दिए हैं। औद्योगिक क्षेत्र भी इस संकट से अछूता नहीं है। उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद का कांच उद्योग गैस आपूर्ति में बाधा के कारण उत्पादन कम करने को मजबूर हुआ है। कई कारखानों में 30 से 40 प्रतिशत तक उत्पादन घटा दिया गया है। इसी तरह, पंजाब में गैस संकट का मुद्दा विधानसभा तक पहुंच गया है और व्यावसायिक सिलेंडरों की आपूर्ति लगभग ठप होने से उद्योग व व्यापार प्रभावित हो रहे हैं। कई जगहों पर उर्वरक उत्पादन करने वाले संयंत्रों में गैस की कमी से यूरिया उत्पादन रुक गया है। मध्य प्रदेश, बिहार, उत्तराखंड और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में गैस एजेंसियों के सामने लंबी-लंबी कतारें देखी जा रही हैं। इंदौर और भोपाल में बुकिंग प्रणाली बाधित होने से उपभोक्ताओं को परेशानी हो रही है। ऐसे कई अन्य उदाहरण भी हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि अंतरराष्ट्रीय संकट लंबे समय तक चलता है, तो ऊर्जा के अन्य साधनों पर ध्यान देना आवश्यक होगा। लिहाजा, मौजूदा परिस्थिति हमें यह सबक भी दे रही है कि हमें अपने ऊर्जा संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करना चाहिए।

विभूति बुपक्या, टिप्पणीकार

अनुलोम-विलोम

गैस संकट

विपक्ष द्वारा फैलाई अफवाह से बढ़ा संकट

यह कोई छिपा तथ्य नहीं है कि अंतरराष्ट्रीय घटनाक्रम पूरे विश्व को प्रभावित करते हैं। युद्ध जैसे हालात तो और भी ज्यादा। इसीलिए सभी राष्ट्र अपने नागरिकों के हितों को ध्यान में रखते हुए विदेश नीति बनाते हैं, जिसका समर्थन प्रत्येक नागरिक द्वारा किया जाना अपेक्षित होता है। स्वस्थ लोकतंत्र के लिए यह आवश्यक भी है कि युद्ध के समय हर राजनीतिक दल व नागरिक तमाम मतभेदों को भुलाकर राष्ट्र की नीतियों का स्वागत करें और अपने देश के साथ दृढ़ता से खड़े रहें। भारत का दुर्भाग्य है कि संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के कारण सत्ता से बेदखल किए गए राजनीतिक दल सरकार को बदनाम करने और देश में अराजकता फैलाने का कोई अवसर नहीं चूकना चाहते। वे साथ देने के बजाय सरकार को अस्थिर करने का ही प्रयास करते रहते हैं और अपने शासनकाल की अव्यवस्थाओं को भूलकर अफवाह फैलाने में जुट जाते हैं। इजरायल-अमेरिका और ईरान युद्ध में पेट्रोलियम पदार्थों की आपूर्ति में आए व्यवधान को देश का विपक्ष आपदा में अवसर समझ रहा है और सरकार को घेरने का प्रयास कर रहा है। यदि ऐसा न होता, तो अचानक एलपीजी गैस सिलेंडरों की कमी की अफवाह फैलाकर लोगों को गैस एजेंसियों के बाहर कतार में न खड़ा कराया जाता; विपक्ष संसद से लेकर सड़क तक सरकार-विरोधी विमर्श का प्रसार न करता। हालांकि, मुद्दा सिर्फ पेट्रोलियम पदार्थों व गैस की कथित किल्लत को बढ़ा-चढ़ाकर जनता को भ्रमित करने तक सीमित नहीं है। मुद्दा यह भी है कि जब एकजुट होकर अप्रत्याशित आपदा का सामना करने का समय हो, तब विपक्ष द्वारा देश में अराजकता का वातावरण बनाने का प्रयास किया जाना कितना उचित है?

सुधाकर आशावादी, टिप्पणीकार

ईरान और इजरायल-अमेरिका युद्ध के कारण हमारे देश में कच्चे तेल सहित कई जरूरी सामग्रियों की आवाजाही बाधित हो रही है। ऐसे में, सरकार का साथ देने के बजाय संसद में विपक्ष बार-बार आलोचना में जुटा है। जब सरकार गैस, तेल व अन्य आवश्यक सामग्रियों की अबाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दिन-रात प्रयास कर रही हो, तब इस तरह लोगों को भ्रमित करना उचित नहीं। देश में किसी को परेशानी न हो, इसके लिए सरकार ने जरूरी कदम भी उठाए हैं। इसलिए विपक्ष को सहयोग करना चाहिए और लोगों तक राहत पहुंचाने में सरकार की मदद करनी चाहिए, क्योंकि देश और जनता की भलाई की जिम्मेदारी सत्ता और विपक्ष, दोनों की है। मात्र आलोचना करना विपक्ष का काम नहीं, बल्कि संकट के समय उसे सत्ता का सहयोग भी करना चाहिए।

शकुंतला महेश नेनावा, टिप्पणीकार

पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य संघर्ष के चलते 150 डॉलर प्रति बैरल के ऐतिहासिक स्तर तक उछल सकते हैं क्रूड के दाम

कच्चा तेल निवेश के हर मोर्चे पर तेज झटका देगा

नई दिल्ली, हिन्दुस्तान ब्यूरो। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव से निवेशकों को हर मोर्चे पर बुरी तरह झटका लगा है। विश्लेषकों का कहना है कि ऐसा पहली बार देखने को मिल रहा है कि जब सभी निवेश विकल्पों (एसेट क्लास) में एक साथ गिरावट आई है। इसका प्रमुख कारण कच्चे तेल के बेतहाशा चढ़ते दाम हैं। यदि कच्चा तेल 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंचा तो निवेशकों का जोखिम और बढ़ सकता है।

मध्य-पूर्व में जंग शुरू होने के बाद से कच्चे तेल के दाम चार साल के उच्च स्तर पर पहुंच गए हैं। संघर्ष शुरू होने के समय यह 72.48 डॉलर प्रति बैरल था, जो नौ मार्च को 65 फीसदी उछलकर 119.40 डॉलर पहुंच गया था। हालांकि, बाद में कीमतों में कुछ गिरावट आई लेकिन यह एक बार फिर 100 डॉलर के पार निकल गया है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यदि होर्मुज जलमार्ग पर आपूर्ति चार से आठ सप्ताह तक बाधित रहती है तो तेल की कीमत 110 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक जा सकती है। ऐसी स्थिति में भारत जैसे तेल आयातक देश के लिए शेयर बाजार में भारी गिरावट जारी रहने और महंगाई उछलने का दोहरा संकट खड़ा हो सकता है।

निवेश जोखिम बढ़ा : मध्य-पूर्व और अन्य क्षेत्रों में बढ़े संघर्ष ने कई वित्तीय निवेश विकल्पों में उतार-चढ़ाव बढ़ा दिया है, जिससे भारतीय निवेशकों को तेज झटका लग रहा है। बाजार विशेषज्ञों के मुताबिक इक्विटी शेयर, म्यूचुअल फंड, कच्चे तेल से जुड़े क्षेत्र, मुद्रा बाजार, बॉन्ड और कुछ कमोडिटी में युद्ध की वजह से जोखिम काफी अधिक बढ़ गया है। सबसे बड़ा असर शेयर बाजार पर देखने को मिल रहा है। जब भी वैश्विक स्तर पर युद्ध या तनाव बढ़ता है तो निवेशक जोखिम से बचने के लिए सुरक्षित निवेश विकल्पों की ओर रुख करते हैं। इसके कारण शेयर बाजार में बिकवाली बढ़ जाती है। आंकड़ों के अनुसार, इस महीने विदेशी संस्थागत निवेशक (एफपीआई) भारतीय बाजार में करीब 52,704 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। उभरते बाजारों की तुलना में भारत से कमजोर रिटर्न की वजह से भी एफपीआई की दिलचस्पी कम हुई है।

किस पर कितना व्यापक असर

1 शेयर बाजार
मार्च में अब तक घरेलू बाजार आठ फीसदी तक लुढ़क गए हैं। पिछले हफ्ते पांच फीसदी से अधिक की गिरावट आई थी। कई सालों बाद किसी एक हफ्ते में बाजार इतना गिरा है। इससे पहले 2020 में कोविड की शुरुआत में तेज गिरावट आई थी। विशेष रूप से ऑटो, बैंकिंग, मेटल और कंज्यूमर सेक्टर के शेयरों पर ज्यादा बिकवाली हुई है।
आगे की संभावना : यदि होर्मुज जलमार्ग अगले 10 दिनों तक बंद रहता है, तो कच्चा तेल 150 डॉलर तक पहुंच सकता है। ऐसी स्थिति में भारत समेत वैश्विक शेयर बाजारों में करीब 10% से ज्यादा की गिरावट आ सकती है।

2 म्यूचुअल फंड संघर्ष का सीधा असर म्यूचुअल फंड पर भी दिख रहा है। आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी में करीब 65.7 लाख नए एसआईपी खाते खुले, लेकिन लगभग 49.7 लाख बंद भी हो गए। इससे एसआईपी स्टॉपेज अनुपात बढ़कर करीब 76% तक पहुंच गया है।
आगे की संभावना : इक्विटी फंड में तेज उतार-चढ़ाव के कारण निवेशकों के पोर्टफोलियो का निवेश घट सकता है।

3 सोना-चांदी
पश्चिम एशिया में तनाव बढ़ने के बावजूद सोने-चांदी की कीमतें गिर गई हैं। फरवरी के आखिर से अब तक सोना करीब छह फीसदी और चांदी नौ फीसदी तक टूट चुकी है। इसका प्रमुख कारण डॉलर में आई मजबूती है। कच्चे तेल का कारोबार ज्यादातर डॉलर में होता है, इसलिए इसके दाम उछलने से डॉलर की मांग बढ़ जाती है। जब डॉलर मजबूत होता है तो सोने पर दबाव बढ़ता है।
आगे की संभावना : फिलहाल बाजार का पैसा डॉलर, बॉन्ड और तेल से जुड़े निवेश विकल्प में ज्यादा जा रहा है। हालात बिगड़ने पर सोने-चांदी में तेज उतार-चढ़ाव आ सकता है।

दुनियाभर के बाजार टूटे

ईरान पर हमले के बाद से दुनिया के बाजार में भारी गिरावट का दौर जारी है। पिछले हफ्ते निफ्टी पांच फीसदी से ज्यादा टूटा था।



4 कमजोर रुपया
कच्चा तेल उछलने से डॉलर के मुकाबले रुपया भी कमजोर हुआ है। 13 मार्च को यह 92.43 के सबसे निचले स्तर पर आ गया। मार्च में रुपया करीब 1.5 फीसदी कमजोर हो चुका है। अगर क्रूड में तेजी जारी रहती है तो रुपया गिरकर 95 के स्तर तक जा सकता है।
आगे की संभावना : संघर्ष लंबा चला तो अर्थव्यवस्था पर गहरा असर पड़ सकता है। आयात महंगा होगा। महंगाई बढ़ सकती है।

5 क्रिप्टोकरेंसी
बीते 15 दिनों में क्रिप्टो बाजार में 2-3 फीसदी गिरावट देखने को मिली है और निवेशकों को करीब दो ट्रिलियन डॉलर का नुकसान हुआ है। बिटकाइन 63 हजार डॉलर तक लुढ़का था लेकिन बाद में इसमें सुधार हुआ और यह 72 हजार डॉलर के आसपास बना हुआ है।
आगे की संभावना : यदि कच्चे तेल कीमतें गिरती हैं तो बिटकॉइन फिर तेजी पकड़ सकता है। लेकिन यदि तेल बहुत महंगा हो जाता है तो क्रिप्टो बाजार में फिर से तेज गिरावट देखने को मिल सकती है।

हर बड़े झटके से उबरे

विशेषज्ञों के अनुसार, पिछले 15 सालों में भारतीय बाजार ने कई बड़े संकट और युद्ध देखे हैं। हर बार बाजार इन संकट से बाहर निकलने में कामयाब रहा। कोविड संकट के दौरान भारी गिरावट देखने वाले भारतीय बाजारों ने अगले कुछ वर्षों में लगभग 21-22% तक मुनाफा दिया था।

क्या करें निवेशक

लंबी अवधि में ही लाभ मिलेगा
1 लंबे समय तक शेयर बाजार में बने रहने वाले निवेशकों को लाभ मिलता है। भारतीय बाजार लगभग 74 प्रतिशत मामलों में छह से सात वर्षों में दोगुना हुआ है और लगभग 81 प्रतिशत मामलों में दस से ग्यारह वर्षों में तीन गुना हुआ है।

जल्द निकलने पर नुकसान
2 यदि कोई निवेशक 2001 से 2025 के बीच पूरे समय बाजार में निवेशित रहा तो उसे निफ्टी-500 से औसतन 17.3% का रिटर्न मिला। लेकिन उसने केवल 10 सबसे अच्छे दिन छोड़ दिए तो रिटर्न घटकर लगभग 13.7% रह गया।

mint

बाजार 30s

रत्न-आभूषण निर्यात 3.86% बढ़ा

मुंबई। भारत का रत्न एवं आभूषण निर्यात फरवरी में सालाना आधार पर 3.86 प्रतिशत बढ़कर 268.07 करोड़ डॉलर (24,340.05 करोड़ रुपये) हो गया। उद्योग संगठन रत्न एवं आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद (जीजेईपीसी) के अनुसार अन्य बाजारों में विस्तार के कारण निर्यात में यह बढ़ोतरी दर्ज की गई। परिषद के आंकड़ों के अनुसार, एक वर्ष पहले इसी महीने में कुल निर्यात 258.10 करोड़ डॉलर (22,460.13 करोड़ रुपये) रहा था। अप्रैल, 2025 से फरवरी, 2026 के दौरान कुल रत्न एवं आभूषण निर्यात लगभग स्थिर रहा।

अमेरिकी जांच में चीन पर होगी कड़ी नजर

नई दिल्ली। शोध संस्थान ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) का मानना है कि अमेरिका द्वारा 60 अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ शुरू की गई जबरिया मजदूरी के व्यवहार की दूसरी 'व्यापार जांच' में चीन पर खास नजर रखी जाएगी। इन देशों में चीन के अलावा भारत भी शामिल है। जीटीआरआई ने कहा कि चीन के शिनजियांग क्षेत्र में कथित रूप से जबरिया मजदूरी कराए जाने के आरोप लगे हैं।

नई श्रम संहिताओं से रोजगार बढ़ेगा : रिपोर्ट

नई दिल्ली। लगभग 75 प्रतिशत कंपनियों को उम्मीद है कि नई श्रम संहिताओं के लागू होने के बाद निश्चित अवधि वाले रोजगार में वृद्धि होगी। एक रिपोर्ट में कहा गया कि यह बदलाव कार्यबल के औपचारिककरण की दिशा में एक बड़ा संकेत है। मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक की रिपोर्ट में कहा गया है कि कार्यबल के औपचारिककरण की ओर झुकाव स्पष्ट रूप से बढ़ रहा है।

वेदांता लिमिटेड 2,575 करोड़ रुपये जुटाएगी

नई दिल्ली। वेदांता लिमिटेड संस्थागत निवेशकों की ओर से मिली उत्साहजनक प्रतिक्रिया के बाद गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) निर्गम के जरिये करीब 2,575 करोड़ रुपये जुटाने जा रही है। सूत्रों ने बताया कि आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड, कोटक म्यूचुअल फंड और आदित्य बिड़ला सन लाइफ म्यूचुअल फंड जैसे संस्थागत निवेशकों की ओर से जबर्दस्त प्रतिक्रिया मिली है।

आईपीओ के नियमों में संशोधन किया

नई दिल्ली। वित्त मंत्रालय ने कंपनियों के न्यूनतम सार्वजनिक निर्गम से संबंधित नियमों में संशोधन किया है और इसे निर्गम के बाद की पूंजी से जोड़ दिया है। प्रतिभूति अनुबंध (विनियमन) संशोधन नियम, 2026 के अनुसार, जिन कंपनियों की निर्गम के बाद की पूंजी ₹1,600 करोड़ से अधिक और ₹5,000 करोड़ से कम है, उन्हें तीन साल के भीतर सार्वजनिक हिस्सेदारी बढ़ाकर 25 प्रतिशत करनी होगी।

अनचाही रोबोटिक कॉल आने पर जुर्माना लगेगा

प्रस्ताव

नई दिल्ली, एजेंसी। मोबाइल पर आने वाली अनचाही कॉल और एसएमएस की बढ़ती समस्या को रोकने के लिए सरकार सख्ती की तैयारी कर रही है। दूरसंचार नियामक ट्राई ने प्रस्ताव दिया है कि अगर किसी टेलीकॉम नेटवर्क से बड़ी संख्या में स्पैम कॉल या रोबोटिक कॉल की जाती हैं, तो उस नेटवर्क के ऑपरेटर से अतिरिक्त शुल्क वसूला जाएगा और उस पर जुर्माना भी लगाया जा सकता है।

ट्राई के अनुसार तकनीक के बढ़ते इस्तेमाल के साथ स्पैम कॉल और मैसेज की समस्या तेजी से बढ़ी है। कई कंपनियां बड़ी संख्या में स्वचालित प्रचार कॉल (रोबोटिक कॉल) का इस्तेमाल कर रही हैं। इससे मोबाइल उपभोक्ताओं को बार-बार अनचाही कॉल मिलती हैं।

दूरसंचार नियामक संस्था ट्राई का यह भी कहना है कि अगर किसी कंपनी के नेटवर्क से 1400 या 1600 सीरीज के अलावा अन्य नंबरों से बड़े पैमाने पर प्रचार कॉल या रोबोकॉल की जाती हैं तो उस कॉल के लिए संबंधित ऑपरेटर को प्रति मिनट पांच पैसे का टर्मिनेशन चार्ज देना होगा। वर्तमान में देश में घरेलू वॉइस कॉल पर कोई टर्मिनेशन शुल्क नहीं लिया जाता है। नियामक ने यह भी कहा है कि अगर कोई कंपनी प्रमोशनल एसएमएस के लिए गलत हेडर या कंटेंट टेम्पलेट का पंजीकरण करती है तो उस पर दंड लगाया जा सकता है।

एआई से होगी पहचान

ट्राई ने स्पैम कॉल की पहचान के लिए एआई का इस्तेमाल करने का सुझाव दिया है। अभी कंपनियां एआई के जरिए ग्राहकों को संदिग्ध स्पैम कॉल के बारे में चेतावनी देती हैं, लेकिन नए प्रस्ताव के तहत ऐसे मामलों में कंपनियों को स्पैम भेजने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी करनी होगी। यदि किसी नंबर को पिछले 10 दिनों में एआई सिस्टम ने संदिग्ध स्पैमर के रूप में चिन्हित किया है, तो उसके खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए अब तीन उपभोक्ता शिकायतें ही पर्याप्त होंगी। पहले इसके लिए पांच शिकायतों की जरूरत होती थी।

लाखों करदाताओं ने रिफंड दावे सुधारे

नई दिल्ली, एजेंसी। आयकर विभाग की चेतावनी के बाद करीब 50 लाख करदाताओं ने अपने आयकर रिटर्न में सुधार किया है। इसके कारण सरकार को दिए जाने वाले रिफंड दावों में करीब 2,000 करोड़ रुपये की कमी आई है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के अनुसार, पिछले साल विभाग ने कई ऐसे मामलों की पहचान की थी, जिनमें करदाताओं ने गलत या फर्जी कटौती (डिडक्शन) का दावा किया था। इसके बाद विभाग ने लोगों को अपने रिटर्न की दोबारा जांच करने का संदेश भेजा।

विदेश से सोना मंगवाना सस्ता हुआ

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने बड़ा फैसला लेते हुए सोने की आयात आधार कीमत में कटौती कर दी है। नई दर के अनुसार अब सोने की आयात आधार कीमत 1664 डॉलर प्रति 10 ग्राम से घटकर 1652 डॉलर प्रति 10 ग्राम हो गई है। सरकार के इस फैसले से ज्वैलर्स, सोना व्यापारियों और ग्राहकों को कुछ राहत मिल सकती है।

सोने की कीमतों में पिछले कुछ समय से चल रहे तेज उतार-चढ़ाव के बीच यह फैसला काफी अहम माना जा रहा है। आयात आधार कीमत वह तय मानक होता है, जिसके आधार पर सरकार सोने के आयात पर लगने वाले सीमा शुल्क और अन्य करों की गणना करती है। जब यह कीमत घटाई जाती है तो आयात करने वाले व्यापारियों पर कर का बोझ कुछ कम हो जाता है।

चांदी पर शुल्क बढ़ा : वहीं, सरकार ने चांदी की आयात आधार कीमत में बढ़ोतरी कर दी है। यह कीमत 20 डॉलर प्रति किलो बढ़ाकर 2,800 डॉलर से 2,820 डॉलर कर दी गई है। इस कदम से आयातित चांदी की लागत बढ़ सकती है। सरकार समय-समय पर यह कीमत बदलती रहती है।

घरेलू कीमतों पर पड़ सकता है असर

हाल के दिनों में वैश्विक बाजार में कीमतों और रुपये में उतार-चढ़ाव के कारण सोने का आयात महंगा हो रहा था। कीमत घटने से आयातकों की लागत कम हो सकती है, जिसका असर बाजार में सोने के दाम पर भी पड़ सकता है। ज्वैलर्स और सोना कारोबारी नई कीमत के आधार पर अपने दामों में बदलाव कर सकते हैं, क्योंकि इसी कीमत के आधार पर कर तय किया जाता है।

कम मात्रा में सोने का वायदा कारोबार आज से

नई दिल्ली, एजेंसी। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) सोमवार से कम मात्रा में सोने में ट्रेडिंग की सुविधा शुरू करने जा रहा है। इसके तहत कमोडिटी श्रेणी में 10 ग्राम सोने के वायदा अनुबंध (गोल्ड फ्यूचर्स कॉन्ट्रैक्ट) उपलब्ध होंगे। इस सुविधा से अब छोटे निवेशक भी छोटे आकार के गोल्ड अनुबंध में कारोबार कर सकेंगे।

एक्सचेंज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि निवेशकों के लिए नया उत्पाद तैयार है। इस अनुबंध में सोमवार से शुक्रवार तक कारोबार होगा, जिसका समय सुबह 9 बजे से रात 11:30 बजे तक रहेगा। इस व्यवस्था के तहत 10 ग्राम सोने की डिलीवरी लेना पूरी तरह अनिवार्य रहेगा। डिलीवरी केंद्र अहमदाबाद में तय क्लियरिंग हाउस सुविधा पर होगा। सोने की गुणवत्ता 99.9% शुद्धता की होगी और यह मान्यता प्राप्त सप्लायर द्वारा दिया जाएगा। अनुबंध की कीमत अहमदाबाद के भाव पर तय होगी, जिसमें सीमा शुल्क तो शामिल होगा, लेकिन जीएसटी का भुगतान अलग से करना होगा। अधिकतम ऑर्डर साइज 10 किलोग्राम तय किया गया है।

एनएसई का यह नया वायदा अनुबंध हर महीने की श्रृंखला में उपलब्ध होगा। इसका कारोबारी चिह्न 'गोल्ड10जी' तय किया गया है। हर महीने के आखिरी कैलेंडर दिन इस अनुबंध की समाप्ति होगी।

छोटे निवेशकों को फायदा

वर्तमान में एमसीएक्स पर सोने के वायदा कारोबार में प्रत्येक लॉट के जरिए एक किलोग्राम और 100 ग्राम की मात्रा (एक लॉट) से ट्रेडिंग की जा सकती है। इसके लिए निवेशकों को मोटा प्रीमियम चुकाना पड़ता है। इससे कई छोटे निवेशक टेडिंग से वंचित रह जाते हैं। उन्हें राहत देने के लिए 10 ग्राम की मात्रा पेश की गई है।

क्या है वायदा कारोबार

सोने का वायदा कारोबार यानी ऐसा सौदा जिसमें निवेशक उसी दिन ही तय कर लेते हैं कि भविष्य में किसी तय तारीख पर सोना किस कीमत पर खरीदेंगे या बेचेंगे। इसे फ्यूचर्स ट्रेडिंग कहा जाता है। ज्यादातर मामलों में लोग असल सोना नहीं लेते। वे सिर्फ कीमत के अंतर से फायदा या नुकसान कमाते हैं।

पेट्रोल-डीजल के दाम स्थिर रखने की तैयारी

नई दिल्ली, एजेंसी। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनियां (ओएमसी) देश की रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयातित दरों से कम कीमत पर देने पर विचार कर रही हैं। इस कदम का उद्देश्य ईंधन की खुदरा कीमतों में वृद्धि नहीं करने की वजह से हो रहे घाटे को कम करना है।

सूत्रों ने बताया कि ओएमसी अब रिफाइनरी हस्तांतरण शुल्क (आरटीपी) पर रोक लगाने या उस पर छूट तय करने के विकल्प पर विचार कर रही हैं। आरटीपी वह आंतरिक कीमत होती है, जिस पर रिफाइनरियां अपने विपणन खंड को ईंधन बेचती हैं। इस कदम का मकसद रिफाइनरियों को पेट्रोल और डीजल की आयात-समता लागत से कम भुगतान करना है।

एक अप्रैल से वार्षिक फास्टैग पास 75 रुपये महंगा होगा

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने वार्षिक फास्टैग पास योजना की फीस में 75 रुपये की बढ़ोतरी कर दी है। वित्त वर्ष 2026-27 के लिए इस पास की कीमत अब 3,075 रुपये निर्धारित की गई है, जबकि अभी तक इसकी फीस 3,000 रुपये थी।

नई दर 1 अप्रैल 2026 से लागू हो जाएगी। प्राधिकरण की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग शुल्क नियमों के तहत इस वार्षिक पास की फीस में हर वर्ष संशोधन किया जा सकता है और इसी प्रक्रिया के अनुसार इस बार मामूली बढ़ोतरी की गई है। फास्टैग वार्षिक पास देश के लगभग 1,150 टोल नाकों पर मान्य है। इस सुविधा के अंतर्गत निजी वाहन मालिक एकमुश्त राशि जमा कर एक वर्ष की अवधि या 200 बार टोल पार करने तक बिना बार-बार फास्टैग रिजार्च किए टोल का भुगतान कर सकते हैं। यह पास केवल गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए उपलब्ध है। इस पास को 'राजमार्ग यात्रा' ऐप या भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से खरीदा जा सकता है।

- **वित्त वर्ष 2026-27 में पास 3,075 रुपये में मिलेगा, अभी यह तीन हजार में मिल रहा है**

जेन-जी पीढ़ी सबसे अधिक खर्च करेगी

रिपोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत में जेन-जी पीढ़ी आने वाले वर्षों में देश के उपभोक्ता बाजार को तेजी से बदल सकती है। एक रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2030 तक यह पीढ़ी देश की आबादी का लगभग 27 प्रतिशत हिस्सा होगी और करीब 1.3 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 108 लाख करोड़ रुपये) का खर्च करेगी।

बाजार शोध संस्था रेडसीर स्ट्रैटेजी कंसल्टेंट्स की रिपोर्ट में बताया गया है कि 1997 से 2012 के बीच जन्मे लोग जेन-जेड पीढ़ी में आते हैं। यह पीढ़ी खरीदारी करते समय नए अनुभव, स्टाइल, सुविधा और डिजिटल सेवाओं को ज्यादा महत्व देती है। इनकी खास दिलचस्पी सौंदर्य और व्यक्तिगत देखभाल उत्पादों में है।

अनुमान है कि 2030 तक इस क्षेत्र में जेन-जी का बाजार लगभग 19 अरब डॉलर तक पहुंच सकता है। हर दो में से एक जेन-जी महिला अपनी आय का 20 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा ब्यूटी और पर्सनल केयर उत्पादों पर खर्च करती है। रिपोर्ट में कहा गया है कि अब केवल महिलाएं ही नहीं, बल्कि युवा पुरुष भी अपनी देखभाल पर ज्यादा ध्यान दे रहे हैं। पिछले पांच साल में पुरुषों की स्किन केयर रूटीन से जुड़ी इंटरनेट खोज में 850 प्रतिशत तक बढ़ोतरी हुई है।

फैशन बाजार पर भी असर

जेन-जी का असर फैशन उद्योग पर भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक 2030 तक फैशन बाजार का करीब आधा हिस्सा इसी पीढ़ी से प्रभावित होगा। हालांकि यह पीढ़ी महंगे ब्रांड की बजाय 1,000 रुपये से कम कीमत वाले फैशन उत्पाद ज्यादा पसंद करती है। ऑनलाइन फैशन वेबसाइटों पर जेन-जेड सबसे बड़ा ग्राहक समूह बन चुकी है।

फिटनेस और स्वस्थ खानपान की ओर झुकाव

जेन-जी में फिटनेस का चलन भी तेजी से बढ़ रहा है। रिपोर्ट के अनुसार इस पीढ़ी के करीब एक-तिहाई लोग अपनी आय का कम से कम 20 प्रतिशत हिस्सा फिटनेस और खेल गतिविधियों पर खर्च करते हैं। वहीं, नियमित व्यायाम करने वाले लगभग 40 प्रतिशत युवा वैकल्पिक प्रोटीन स्रोतों को अपनाना पसंद कर रहे हैं। रिपोर्ट के अनुसार 2024 से 2025 के बीच ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रोटीन सप्लीमेंट की बिक्री में 230 प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

कारोबारी चर्चा

कंज्यूमर कनेक्ट इनिशिएटिव

बीएसई और एनएसई के मेनबोर्ड पर सूचीबद्ध हुआ इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड(INA Solar) का शेयर

सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र की प्रमुख कंपनी इंसोलेशन एनर्जी लिमिटेड (INA Solar) ने एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए अपने 1 रुपये अंकित मूल्य के 22,03,94,625 इक्विटी शेयरों को बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड (एनएसई) के मेनबोर्ड पर सफलतापूर्वक सूचीबद्ध कर लिया। कंपनी के शेयर दोनों प्रमुख एक्सचेंजों पर कारोबार के लिए उपलब्ध हो गए हैं। इस अवसर पर जयपुर में आयोजित

समारोह में राजस्थान सरकार के ऊर्जा मंत्री श्री हीरालाल नागर मुख्य अतिथि, जयपुर के पूर्व सांसद श्री रामचरण बोहरा विशिष्ट अतिथि तथा नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के चीफ मैनेजर श्री जसवंत जैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कृष्णा'ज हर्बल एंड आयुर्वेदा ने शुरू किया एक सशक्त जागरुकता अभियान - She Needs Care

महिला दिवस के अवसर पर, कृष्णा'ज हर्बल एंड आयुर्वेदा ने गर्व के साथ अपना भावनात्मक जागरुकता अभियान "She Needs Care" लॉन्च किया है। यह पहल विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर कड़े इन्फ्लुएंसर्स के माध्यम से चलाई जा रही है, जिसका उद्देश्य एक महत्वपूर्ण सवाल उठाना है जब महिलाएं सभी का ख्याल रखती हैं, तो उनका ख्याल कौन रखता है? हार्मोनल असंतुलन, अनियमित पीरियड्स, बालों का झड़ना। लगातार पिंपल्स, 35 के बाद कम ऊर्जा, मूड स्विंग्स, इन समस्याओं को अक्सर 'सामान्य' कहकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। महिलाओं को यह सिखा दिया जाता है कि असुविधा सहना, थकान को सामान्य मान लेना और अपनी सेहत को टालना ही उनकी ताकत है। "She Needs Care" अभियान इसी सोच को चुनौती देता है।

The Kerala Files फिल्म 2250 स्टाफ के लोगों को आचार्य मनीष जी द्वारा दिखाई गई

समाज में जागरुकता फैलाने और बच्चों के भविष्य को लेकर सही सोच विकसित करने के उद्देश्य से Jeena Sikho कंपनी के संस्थापक आचार्य मनीष के द्वारा फिल्म "The Kerala Files 2" कंपनी के सभी स्टाफ को निःशुल्क दिखाई गई इस दौरान फिल्म देखने आए सभी कर्मचारियों के लिए रिफ्रेशमेंट की भी व्यवस्था आचार्य मनीष जी की ओर से की गई। फिल्म के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया है कि माता-पिता और समाज को अपने बच्चों के भविष्य को लेकर सजग रहना कितना

आवश्यक है। यह फिल्म Cosmo Mall, Zirakpur में दिखाई गई। इसके लिए 3 दिनों के लिए पूरा थिएटर Jeena Sikho कंपनी द्वारा बुक किया गया है, जहां लगभग 2250 स्टाफ को यह फिल्म दिखाई गई।

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों की नीलामी

निम्नलिखित राज्य सरकार ने कुल ₹58,420/- करोड़ (अंकित मूल्य) की राशि के लिए, नीलामी के माध्यम से प्रतिभूतियों की बिक्री करने का प्रस्ताव किया है।

अ क्र.	राज्य/ के.प्र.	अधिसूचित राशि (₹ करोड़)	अतिरिक्त ऋण (ग्रीनशु) विकल्प राशि (₹ करोड़)	अवधि (वर्षों में)	नीलामी का प्रकार
1.	असम	900	–	06	प्रतिफल आधारित
2.	छत्तीसगढ़	1,000	–	26 नवंबर 2025 को जारी 7.19% छत्तीसगढ़ एसजीएस 2035 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		1,000	–	18	प्रतिफल आधारित
3.	गोवा	100	–	11	प्रतिफल आधारित
4.	गुजरात	1,000	500	08	प्रतिफल आधारित
		1,000	500	09 वर्ष और 06 महीने	प्रतिफल आधारित
5.	हरियाणा	1,000	–	16	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	19	प्रतिफल आधारित
6.	जम्मू और कश्मीर	1,000	–	20	प्रतिफल आधारित
7.	झारखंड	1,000	–	06	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	10	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	14	प्रतिफल आधारित
8.	कर्नाटक	2,000	–	27 मार्च 2024 को जारी 7.44% कर्नाटक एसजीएस 2033 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		2,000	–	13 मार्च 2024 को जारी 7.36% कर्नाटक एसजीएस 2034 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		2,000	–	06 मार्च 2024 को जारी 7.42% कर्नाटक एसजीएस 2035 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		2,000	–	11 मार्च 2026 को जारी 7.44% कर्नाटक एसजीएस 2036 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		2,000	–	04 मार्च 2026 को जारी 7.54% कर्नाटक एसजीएस 2039 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
9.	केरल	2,000	–	22	प्रतिफल आधारित
		1,500	–	27	प्रतिफल आधारित
10.	मध्य प्रदेश	2,100	–	09	प्रतिफल आधारित
		2,000	–	15	प्रतिफल आधारित
11.	महाराष्ट्र	1,500	500	04	प्रतिफल आधारित
		2,000	500	03 दिसंबर 2025 को जारी 7.43% महाराष्ट्र एसजीएस 2040 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		1,000	–	04 मार्च 2026 को जारी 7.66% महाराष्ट्र एसजीएस 2047 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		1,000	–	04 मार्च 2026 को जारी 7.66% महाराष्ट्र एसजीएस 2052 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
12.	नागालैंड	600	–	04	प्रतिफल आधारित
13.	पुडुचेरी	150	–	15	प्रतिफल आधारित
14.	राजस्थान	1,200	–	10	प्रतिफल आधारित
15.	सिक्किम	250	–	10	प्रतिफल आधारित
16.	तमिलनाडु	2,000	–	05 वर्ष और 06 महीने	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	07	प्रतिफल आधारित
		2,000	–	09	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	11 मार्च 2026 को जारी 7.41% तमिलनाडु एसजीएस 2036 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		2,000	–	12	प्रतिफल आधारित
17.	तेलंगाना	540	–	19	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	28	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	30	प्रतिफल आधारित
18.	त्रिपुरा	580	–	15	प्रतिफल आधारित
19.	उत्तर प्रदेश	1,500	–	12	प्रतिफल आधारित
		1,000	–	11 फरवरी 2026 को जारी 7.81% उत्तर प्रदेश एसजीएस 2041 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
		1,500	–	18	मूल्य आधारित
		1,000	–	25 फरवरी 2026 को जारी 7.71% उत्तर प्रदेश एसजीएस 2046 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
20.	उत्तराखंड	2,000	–	18 फरवरी 2026 को जारी 7.58% उत्तराखंड एसजीएस 2038 का पुनर्निर्गम	मूल्य आधारित
21.	पश्चिम बंगाल	2,000	–	19	प्रतिफल आधारित
		2,000	–	23	प्रतिफल आधारित
	कुल	58,420			

यह नीलामी भारतीय रिज़र्व बैंक की कोर बैंकिंग सोल्यूशन (ई-कुबेर) पर एकाधिक मूल्य पद्धति में **17 मार्च 2026 (मंगलवार)** को आयोजित की जाएगी। व्यक्तिगत निवेशक भी रिटेल डायरेक्ट पोर्टल **(https://rbiretaildirect.org.in)** के माध्यम से गैर-प्रतिस्पर्धी योजना के अनुसार बोली लगा सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय रिज़र्व बैंक की वेबसाइट **(wwww.rbi.org.in)** पर **13 मार्च 2026 (शुक्रवार)** की प्रेस प्रकाशनी देखें।

''पैसे का वादा करने वाले ई-मेल/एसएमएस/कॉल द्वारा धोखा न खाएं''

संपादकीय जागरण

सोमवार, 16 मार्च, 2026 : चैत्र कृष्ण - 12 वि. 2082

संकल्प का विकल्प नहीं होता

चुनावी बिगुल

चार राज्यों-असम, पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में विधानसभा चुनावों की घोषणा के साथ ही यह प्रश्न सतह पर आ गया कि इन राज्यों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति को क्या दशा-दिशा प्रदान करेंगे? इन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव यह भी बताएंगे कि अपने-अपने राज्यों में सत्तारूढ़ दलों के विरुद्ध सत्ता विरोधी रुझान प्रभावी साबित होगा या नहीं? यह बहुत कुछ राज्य सरकारों के कामकाज के प्रति आम जनता के रवैये पर निर्भर करेगा। आम तौर पर सभी सरकारों को कुछ न कुछ सत्ता विरोधी रुझान का सामना करना पड़ता है, लेकिन जो सरकारें लंबे समय तक सत्ता में रहती हैं, उनके खिलाफ सत्ता विरोधी रुझान के प्रभावी होने के आसार बढ़ जाते हैं। इस दृष्टि से तीसरा कार्यकाल पूरा कर रही बंगाल की तृणमूल सरकार और अपना दूसरा कार्यकाल पूरा करने जा रहीं केरल की वाम मोर्चा सरकार और असम की भाजपा सरकार प्रमुख हैं। इन सभी राज्यों के विधानसभा चुनाव क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय राजनीतिक दलों की भी परीक्षा लेंगे। इनमें प्रमुख हैं भाजपा एवं कांग्रेस। वैसे तो केरल में वाम मोर्चे की सरकार का नेतृत्व कर रही मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी भी राष्ट्रीय दल है, लेकिन उसकी हैसियत क्षेत्रीय दल सरीखी रह गई है।

यदि असम में भाजपा के सत्ता में पुनः आने की संभावना है तो केरल में कांग्रेस के लिए भी कुछ संभावनाएं दिख रही हैं, लेकिन तथ्य यह है कि इस राज्य में कांग्रेस की स्थिति बहुत अच्छी नहीं। वह गुटबाजी से भी ग्रस्त है। कांग्रेस असम में भी भाजपा को चुनौती देने का प्रयत्न करेगी, लेकिन यहां भी उसकी हालत कोई बहुत अच्छी नहीं। अभी हाल में उसके एक प्रमुख नेता भाजपा में शामिल हो गए। तमिलनाडु में भी कांग्रेस कुल मिलाकर सत्तारूढ़ डीएमके के रहमोकरम पर ही है। डीएमके उसे 25-30 से अधिक सीटें देने को तैयार नहीं। तमिलनाडु के पड़ोसी केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी में गठबंधन सरकार है, जिसमें भाजपा भी शामिल है। फिलहाल उसके समक्ष कोई बड़ी चुनौती नहीं, लेकिन चुनाव परिणाम ही तय करेंगे कि यहां किसकी सरकार बनती है। राज्यों के चुनाव में क्षेत्रीय मुद्दे ही अधिक प्रभावी होते हैं, लेकिन कुछ राष्ट्रीय मुद्दे भी अपना असर दिखाते हैं। एसआइआर का मुद्दा सभी गैर-भाजपा शासित राज्यों में गर्म हो सकता है। बंगाल में तो इसे तृणमूल कांग्रेस की ओर से विशेष रूप से उभारा जाएगा। इसके जवाब में भाजपा यहां घुसपैठियों के मुद्दे को जोर-शोर से उठाएगी, लेकिन यह समय ही बताएगा कि वह वांछित सफलता हासिल कर पाएगी या नहीं? इन चुनावों की एक अच्छी बात यह है कि बंगाल में दो चरणों में और अन्य सभी में एक चरण में मतदान होगा।

स्वागतयोग्य पहल

यमुनापार के तीन प्रमुख अस्पतालों को मिलकर एम्स जैसा एक स्वायत्त संस्थान बनाने संबंधी दिल्ली सरकार का निर्णय स्वागतयोग्य है। इसे एक सार्थक पहल के रूप में देखा जा सकता है, क्योंकि वर्तमान में जीटीबी अस्पताल और दिल्ली कैंसर इंस्टीट्यूट पर मरीजों का भारी दबाव है, वहीं राजीव गांधी सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल में उपलब्ध संसाधनों का पूरी तरह इस्तेमाल नहीं हो पा रहा है। ऐसे में यह उम्मीद की जा सकती है कि इन तीनों अस्पतालों का एकीकरण करने से इन अस्पतालों में मौजूद संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित हो सकेगा। इससे मरीजों को बेहतर सुविधाओं के साथ अच्छा इलाज भी मिल सकेगा।

> अस्पतालों पर मरीजों का बोझ कम हो और उनके संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जाए, ताकि दिल्ली में मरीजों को बेहतर इलाज मिले

दिल्ली में ऐसे कई अस्पताल हैं, जिनके संसाधनों पर मरीजों का खासा दबाव है। वहीं, कई अस्पताल ऐसे भी हैं जिनमें संसाधन तो हैं, लेकिन विभिन्न कारणों से इनमें मरीजों की संख्या कम है। ऐसे में दिल्ली सरकार की ये पहल इन अस्पतालों के संसाधनों के समुचित इस्तेमाल की उम्मीद जगाती है। दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी है, इसके अस्पतालों में मरीजों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्ता वाला इलाज मिलना ही चाहिए। ये तभी संभव है, जब अस्पतालों पर मरीजों का बोझ कम हो और उनके संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल किया जाए। इसके लिए जरूरी है कि अस्पतालों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं।

कह के रहेंगे

माधव जोशी

जागरण जनमत

कल का परिणाम

क्या होर्मुज से भारतीय जहाजों का निकलना भारत की एक बड़ी कूटनीतिक जीत है?

आज का सवाल

क्या पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों के नतीजे राष्ट्रीय राजनीति पर भी असर दिखाएंगे?



परिणाम जागरण इंटरनेट संस्करण के पाठकों का मत है। सभी आंकड़े प्रतिशत में।

ईरान की अडिग रहने की रणनीति



शिवकांत शर्मा

ईरान का इरादा लड़ाई को जितना ले सके, उतना फैलाना और अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का गला दबाना है

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यदि यह सोचते थे कि शीर्ष नेतृत्व के खत्म हो जाने और पंद्रह दिनों की भीषण बमबारी झेलने के बाद ईरान हाथ खड़े कर देगा तो वह शायद उनकी भूल थी। ईरान के सर्वोच्च नेता अली खामेनेई के मिसाइल हमले में मारे जाने के बाद उनकी गद्दी पर बैठे उनके बेटे मोजतबा खामेनेई ने अपने पहले ही संदेश में खून का बदला खून से लेने का एलान करते हुए पड़ोस के खाड़ी देशों को चेतावनी दी कि वे अपने यहां बने अमेरिकी अड्डों को बंद करें। हालांकि उनके संदेश की जिस बात ने पूरी दुनिया के बाजारों और कारोबारों में हड़कंप मचाया वह दुश्मनों को मात देने के लिए होर्मुज जलमार्ग का हथियार की तरह इस्तेमाल करने के बारे में था। दुनिया का लगभग 20 प्रतिशत तेल और गैस इसी मार्ग से होकर जाता है, जिसका 60 प्रतिशत से अधिक चीन, भारत, जापान, दक्षिण कोरिया और हिंदचीन के देशों को जाता है।

हड़कंप को शांत करने के लिए ट्रंप ने लड़ाई के लगभग पूरा हो जाने की बातें कीं। ईरान को धमकी दी कि होर्मुज बंद किया तो बीस गुना भीषण हमले झेलने होंगे। कभी होर्मुज से जाने वाले जहाजों का बीमा करने की बात उछाली। कभी जहाजों के अमेरिकी नौसेना की सुरक्षा देने की बातें कीं। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने अपने आपात रिजर्व से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने की घोषणा की। साथ में ट्रंप ने रूस के जहाजों पर लदे करीब 35-40 करोड़ बैरल तेल की बिक्री से एक महीने के लिए प्रतिबंध हटा लिए, लेकिन जहाजों पर ईरान के छिटपुट हमलों और उसकी धमकी से फैले आतंक के सामने किसी घोषणा की एक न चली। होर्मुज से जहाजों का यातायात लगभग ठप रहा और कच्चे तेल के दाम 100 डालर प्रति बैरल पार कर गए।

अमेरिका और इजरायल का दावा है कि उन्होंने ईरान की हवाई, नौसैनिक और मिसाइल निर्माण एवं मारक क्षमता खत्म कर दी है। शीर्ष नेतृत्व मारा जा चुका है, इसलिए देश में कोई व्यवस्था नहीं बची है, मगर उनके ये दावे जमीनी हकीकत पर खरे नहीं उतरते। ईरान के बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों की संख्या घटी जरूर है, पर हमले जारी हैं और इजरायल, अमेरिका एवं खाड़ी के देशों के सुरक्षा कवचों को भेद भी रहे हैं। ईरानी राष्ट्रपति महमूद पेजेश्कियान और विदेश मंत्री अराघची के बयानों और हावभाव में किसी तरह की घबराहट या चिंता दिखाई नहीं दे रहीं। मोजतबा खामेनेई के चुनाव को लेकर अवश्य 88 मुजाहिदों की मजलिस-ए-रहबरी के बीच कुछ विवाद होने की खबरें हैं, क्योंकि इस्लामी क्रांति का मकसद

अवधेश राजपूत

वंशवादी राजशाही को हटाकर ऐसी मुल्लाशाही स्थापना करना था जिसके नेता का चुनाव योग्यता के आधार हो। मोजतबा खामेनेई का चुना जाना वंशवाद का ही प्रतीक है। इसलिए चर्चा है कि राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव अली लरिजानी मोजतबा के चुनाव से खुश नहीं हैं। मोजतबा आइआरजीसी या रेवोल्यूशनरी गार्ड के वरिष्ठ अधिकारी रहे हैं और गरमपंथी माने जाते हैं। इसलिए लगता है कि एक तो आइआरजीसी ने उनके चुनाव का समर्थन किया और दूसरे 28 फरवरी के हमले में घायल होने के कारण उन्हें रमजान युद्ध के योद्धा के रूप में भी पेश किया गया।

ईरानी मुल्लाशाही ने व्यवस्था का गठन इस तरह किया है कि सत्ता इस्लाम और फलस्तीनी संघर्ष में निष्ठा रखने वाले लोगों के हाथों में ही रहे। साथ ही शीर्ष नेतृत्व का सफाया हो जाने पर भी दुश्मन का प्रतिरोध और व्यवस्था चलती रहे। मोजाइक प्रतिरक्षा या रक्षा-जाल नाम की व्यवस्था का गठन आइआरजीसी के कमांडर मोहम्मद अली जफारी ने किया था। सेना की कमान को देश के तीस प्रांतों की स्वायत्त टुकड़ियों में बांट दिया गया है जो संकट की स्थिति में पहले से तय कमान के आधार पर स्वायत्त होकर अपनी-अपनी कार्रवाई करती रहती हैं। यह व्यवस्था अमेरिका और इजरायल के हमलों में केंद्रीय कमान के खत्म हो जाने पर लड़ाई और देश की व्यवस्था जारी रखने के उद्देश्य से तैयार की गई है। इस रणनीति को ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने हमला शुरू होने के बाद के एक इंटरव्यू में उजागर किया था।

ईरान की रणनीति लड़ाई को जितना हो सके उतना फैलाना है। साथ ही, होर्मुज जलमार्ग को हमलों के आतंक से बंद करके अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था का गला दबाना है, ताकि अमेरिका और उसके मित्रों को अधिक से अधिक आर्थिक चोट पहुंचे और वे उस पर इस तरह की भूल दोबारा न करने का दबाव डालें। इसके लिए उसने सस्ते और मारक ड्रोनों और मिसाइलों का जखीरा तैयार कर रखा है। उसमें से अधिकांश को नष्ट कर देने पर भी उसके पास इतनी क्षमता है कि वह कई महीनों तक छिटपुट हमले जारी रखकर आतंक बनाए रख सकता है। होर्मुज के अलावा उसके पास हूतियों की मदद से लाल सागर जलमार्ग को बंद करने का विकल्प बाकी है, जिसके जरिये वह इस युद्ध की आर्थिक चोट को और बढ़ा सकता है।

इसके विपरीत ट्रंप की रणनीति हवाई और नौसैनिक हमलों से आनन-फानन में ईरानी सेना की हवाई और नौसैनिक शक्ति, मिसाइल और ड्रोन ठिकानों और शीर्ष नेतृत्व को खत्म करके सत्ता परिवर्तन करने या ईरान को पश्चिम एशिया के लिए निरापद बनाकर लौट जाने की थी। उनके निरंतर बदलते वक्तव्यों को सुनकर लगता है कि यह लड़ाई उनके अनुमान से कहीं लंबी खिंच चुकी है, जिसे लेकर वे तिलमिलाए हुए हैं। लगता है ईरान ने 'चिड़ियों से मैं बाज लड़ाऊं' के अंदाज में अपने सीमित साधनों से होर्मुज को बंद करके और खाड़ी देशों का तेल उत्पादन और यातायात ठप करके ट्रंप की दुखती रग पकड़ ली है। यदि खाड़ी का तेल उत्पादन जल्दी बहाल नहीं हुआ और होर्मुज नहीं खुला तो तेल एवं गैस के दाम और चढ़ सकते हैं। उसका असर अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र पर पड़ेगा। महंगाई बढ़ेगी, ब्याज दरें घटनी बंद हो जाएंगी, बजट बिगड़ेंगे और दैनिक खर्च की मार से नाराज लोग नवंबर के कांग्रेस और सीनेट के चुनाव में ट्रंप की पार्टी को हरा सकते हैं। कांग्रेस और सीनेट में बहुमत खोने पर ट्रंप को महाभियोगों का सामना करना पड़ सकता है। ईरान में सत्ता परिवर्तन हो न हो, पर आर्थिक संकट की वजह से अमेरिका और यूरोप के देशों में जरूर हो सकता है।

(लेखक बीबीसी हिंदी के पूर्व संपादक हैं)
response@jagran.com

एलपीजी का विकल्प बने बायोगैस

विशाल खालदे

जैविक कचरा गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है, जिसे अवसर बेकार समझकर फेंक दिया जाता है

वैश्विक तनाव से बढ़ा घरेलू आपूर्ति पर दबाव ● फाइल

दुनिया के कई हिस्सों में बढ़ता भू-राजनीतिक तनाव अब ऊर्जा बाजारों पर भी असर डाल रहा है। एलपीजी की आपूर्ति को लेकर हो रही चर्चाओं ने फिर यह सवाल खड़ा किया है कि क्या देश को ईंधन के मोर्चे पर कुछ और घरेलू स्रोतों को मजबूत करना चाहिए? दरअसल भारत के पास पहले से ही एक ऐसा संसाधन है जिसे अक्सर केवल कचरा समझकर नजरअंदाज कर दिया जाता है। यही संसाधन भविष्य में गैस आपूर्ति का एक घरेलू आधार बन सकता है। यह संसाधन है जैविक कचरा, जो खेतों से लेकर शहरों की रसोइयों तक हर जगह मौजूद है। हर साल भारत में बड़ी मात्रा में जैविक कचरा उत्पन्न होता है। इसमें खेतों से निकलने वाला फसल अवशेष, पशुओं का गोबर, शहरों का गीला कचरा और बाजारों से निकलने वाला खाद्य कचरा शामिल है। इन सबका उपयोग बायोगैस और कंप्रेस्ड बायोगैस बनाने के लिए किया जा सकता है। इस गैस का उपयोग खाना पकाने, बिजली बनाने या वाहनों को चलाने में किया जा सकता है। इसे ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने सस्टेनेबल अल्टरनेटिव टूवड्र्स अफोर्डेबल ट्रांसपोर्टेशन (एसएटीएटी) योजना शुरू की थी। इसका लक्ष्य देश में कंप्रेस्ड बायोगैस संयंत्र स्थापित करना और जैविक कचरे को ईंधन में बदलना है। पिछले कुछ वर्षों में देश में ऐसे कई संयंत्र स्थापित किए गए हैं और उनसे गैस का उत्पादन भी शुरू हो चुका है। यदि इस व्यवस्था को विस्तार दिया जाए, तो इसका प्रभाव केवल शहरों की रसोइयों तक सीमित नहीं रहेगा। यह कृषि, शहरी प्रबंधन, उद्योग और परिवहन सहित कई क्षेत्रों को प्रभावित कर सकता है।

भारत के खेतों से हर साल लाखों टन फसल अवशेष और पशुओं का गोबर निकलता है। इन सामग्रियों को संसाधित करने के लिए बड़े बायोगैस संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं। यदि ऐसे संयंत्र गांवों और सहकारी समितियों के माध्यम से विकसित किए जाएं, तो हर साल पर्याप्त मात्रा में गैस का उत्पादन किया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में अतिरिक्त आय का स्रोत भी बन सकता है। गोबर और कृषि अवशेष से गैस बनाने के कुछ प्रयोग पंजाब और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में पहले ही शुरू हो चुके हैं। किसान अपने पशुओं का गोबर या खेत का अवशेष गैस संयंत्रों तक पहुंचाते हैं और बदले में उन्हें भुगतान मिलता है। संयंत्र में बनने वाली गैस का उपयोग ईंधन के रूप में किया जाता है, जबकि अवशेष जैविक खाद के रूप में फिर खेतों में लौट जाता है। इससे एक चक्र बनता है-कचरा खेत से निकलता है और खाद बनकर फिर खेत में लौटता है।

ऐसी संभावना शहरों में भी मौजूद है। भारतीय शहरों से सालाना छह करोड़ टन ठोस कचरा निकलता है, जिसमें आधे से अधिक जैविक होता है। यदि इस कचरे को अलग करके बायोगैस संयंत्रों तक पहुंचाया जाए तो काफी मात्रा में गैस तैयार की जा सकती है। इंदौर ने बेहतर कचरा प्रबंधन के साथ बायोगैस परियोजनाओं पर काम किया है, जहां गीले कचरे से ऊर्जा बनाने की पहल हुई है। जमशेदपुर में भी खाद्य कचरे को बायोगैस में बदलने के प्रयोग किए गए हैं। यदि नगर निकाय बाजारों, होटलों और घरों से गीला कचरा व्यवस्थित तरीके से इकट्ठा कर उसे बायोगैस संयंत्रों तक भेजें, तो शहरों को दो लाभ मिल सकते हैं। एक तरफ कचरे की मात्रा कम होगी और दूसरी तरफ गैस का एक स्थानीय स्रोत तैयार होगा। उद्योग क्षेत्र में भी बायोगैस की भूमिका बढ़ सकती है। खाद्य प्रसंस्करण, डेरी या कपड़ा उद्योग जैसे कई छोटे और मध्यम उद्योग जैविक अपशिष्ट उत्पन्न करते हैं। यदि ऐसे उद्योग अपने परिसर में छोटे बायोगैस संयंत्र स्थापित करें, तो वे अपनी ऊर्जा जरूरतों का एक हिस्सा स्वयं पूरा कर सकते हैं। इससे एलपीजी या अन्य ईंधनों पर होने वाला खर्च भी कम हो सकता है। परिवहन क्षेत्र में भी कंप्रेस्ड बायोगैस का उपयोग बढ़ रहा है। देश में सीएनजी पर चलने वाले वाहन मौजूद हैं और उसी ढांचे में बायोगैस आधारित ईंधन का उपयोग भी किया जा सकता है। कुछ शहरों में आटो-रिक्शा और छोटे ट्रक ऐसे ईंधन का उपयोग करना शुरू कर चुके हैं।

हालांकि यह मान लेना जल्दबाजी होगी कि बायोगैस अचानक भारत की पूरी ऊर्जा जरूरतों को बदल देगी। देश की कुल गैस मांग बहुत बड़ी है, लेकिन यदि कृषि, शहरों, उद्योगों और परिवहन में छोटे-छोटे प्रयास जुड़ते जाएं, तो उनका प्रभाव धीरे-धीरे दिखाई दे सकता है। उत्साहजनक बात यह है कि अब कई छोटे, विकेंद्रीकृत और आसानी से स्थापित किए जा सकने वाले बायोगैस सिस्टम उपलब्ध हैं। इनमें से कुछ प्लग-एंड-प्ले माड्यूलर तकनीकों के रूप में आते हैं, जो होटल, बाजार, हाउसिंग सोसायटी या छोटे उद्योगों के स्तर पर ही जैविक कचरे को गैस में बदलने की प्रक्रिया को तेज कर सकते हैं। परिणामस्वरूप ऊर्जा उत्पादन का माडल धीरे-धीरे बड़े केंद्रीकृत संयंत्रों से हटकर अधिक स्थानीय प्रणालियों की ओर बढ़ सकता है। वर्तमान में भारत में जैविक कचरे का बड़ा हिस्सा बेकार चला जाता है। खेतों में फसल अवशेष जला दिए जाते हैं, शहरों में गीला कचरा लैंडफिल में जमा हो जाता है और रसोई का कचरा शहरों के बाहर डाला जाता है, लेकिन यदि इसी कचरे को एक संसाधन के रूप में देखा जाए, तो तस्वीर काफी अलग हो सकती है। संभव है कि वही कचरा, जिसे आज समस्या माना जाता है, आने वाले समय में भारत के लिए ईंधन का एक छोटा, लेकिन स्थिर स्रोत बन जाए।

(लेखक ब्लू प्लैनेट बायोफ्यूल के संस्थापक एवं सीईओ हैं)
response@jagran.com

ऊर्जा

निरंतरता

जीवन की गति का सही दिशा में होने जितना ही महत्वपूर्ण है उसमें निरंतरता का होना। बिना किसी अवरोध के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु सतत प्रयास करते रहना ही सकारात्मक गति को जन्म देता है। वास्तव में निरंतरता ही वह धुरी है, जिस पर सृष्टि का चक्र टिका है। वृक्षों का फल देना, नदियों का अनवरत प्रवाह और सूर्य का निर्बाध प्रकाश-ये सभी प्रकृति की इसी निरंतरता के जीवंत प्रमाण हैं। मंजिल की ओर बढ़ते हुए मार्ग में आने वाली बाधाओं के वेग को केवल निरंतरता के बल पर ही नियंत्रित किया जा सकता है। चोटी पर विजय पताका फहराने के लिए आत्म-केंद्रित होना और निरंतरता का हाथ थामे रखना अनिवार्य है। लक्ष्य प्राप्ति के उपरांत थोड़ा विश्राम कर पुनः अगली मंजिल का सफर तय करना ही जीवन को सच्चे अर्थों में गतिमान बनाता है, अन्यथा अवरोधों का सिलसिला कभी समाप्त नहीं होता।

खाली दिमाग शैतान का घर होता है और धीरे-धीरे यह खंडहर में बदल जाता है, जहां जीवनोपयोगी कुछ भी प्राप्ति संभव नहीं। जिस प्रकार रुका हुआ पानी दुर्गंध पैदा करने लगता है, उसी प्रकार जीवन में आया ठहराव मनुष्य को गर्त की ओर ले जाता है। पानी की रवानी और जिंदगी की कहानी तभी सुंदर बनती है जब वे निरंतर सुखद अनुभवों के साथ प्रवाहित होती रहें। हम जिस कार्य को निरंतरता के साथ करते हैं, वह समय के साथ हमारा संघर्ष न रहकर हमारी आदत बन जाता है। हमारे शरीर के भीतर भी अनेक जैविक प्रक्रियाएं निरंतर चल रही हैं, और इसी सतत गुण के कारण हम जीवित हैं। यह निर्बाध गति ही विकास को रेखांकित करती है।

जिस तरह वर्षों से बंद ताले में जंग लग जाती है, उसी तरह रुकी हुई जिंदगी भी निष्काम और व्यर्थ हो जाती है। जब तक जीवन है, तब तक 'कर्म रूपी तेल' जिंदगी की गाड़ी में डालते रहना अनिवार्य है। तभी यह अपनी पटरी पर दौड़ते हुए हमें हमारे मोक्ष स्थल तक पहुंचा पाएगी।

पारूल हर्ष वंसल

पाठकनामा

pathaknama@nda.jagran.com

जमाखोरी की आदत

'मुनाफाखोरी की बीमारी' संपादकीय में देश में एलपीजी संकट को लेकर मुनाफाखोरी तंत्र के सक्रिय हो जाने को लेकर सटीक विवेचना की गई है। अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते युद्ध के कारण वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर दबाव पड़ना स्वाभाविक है। जब भी अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल और गैस की आपूर्ति प्रभावित होती है, उसका सीधा असर भारत जैसे आयात पर निर्भर देशों पर पड़ता है। ऐसे समय में देश के भीतर रसोई गैस की जमाखोरी और कालाबाजारी का बढ़ जाना इस बात का संकेत है कि संकट की घड़ी में कुछ लोग केवल मुनाफा कमाने के अवसर तलाशते हैं। यह प्रवृत्ति न केवल नैतिक रूप से गलत है, बल्कि इससे आम जनता की परेशानियां कई गुना बढ़ जाती हैं। हाल में विभिन्न शहरों में प्रशासन द्वारा की गई छापेमारी में बड़ी मात्रा में रसोई गैस सिलिंडरों की अवैध जमाखोरी पकड़ी गई। कई लोगों ने अपने गोदामों और घरों में दर्जनों सिलिंडर छिपाकर रखे थे, ताकि बाद में उन्हें ऊंचे दामों पर बेचा जा सके। चिंताजनक बात यह है कि इन मामलों में कुछ प्रभावशाली लोग और स्थानीय स्तर के नेता भी शामिल पाए गए। समस्या के समाधान के लिए सरकार को निगरानी तंत्र को मजबूत बनाना होगा। गैस वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी बनाने, डिजिटल ट्रैकिंग लागू करने और शिकायत निवारण व्यवस्था को प्रभावी करने की जरूरत है। साथ ही दोषी अधिकारियों और मुनाफाखोरों के खिलाफ त्वरित और कठोर कार्रवाई भी आवश्यक है। जब तक कानून का सख्ती से पालन नहीं होगा और समाज में नैतिक जिम्मेदारी की भावना विकसित नहीं होगी, तब तक ऐसी आपात स्थितियों में जमाखोरी और कालाबाजारी जैसी समस्याएं बार-बार सामने आती रहेंगी।

सुभाष बुड़ावन वाला, रतलाम, मप्र

आर्थिक आपदा बनता युद्ध

संजय गुप्त ने अपने आलेख 'आर्थिक आपदा बनता युद्ध' में सही कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य संघर्ष ने वैश्विक अर्थव्यवस्था को एक बड़े संकट के मुहाने पर खड़ा कर दिया है। यह एक गंभीर वैश्विक चिंता है। राजनयिक स्तर पर दुनिया भर के देश हालिया दिनों में बातचीत के जरिए इस तनाव को कम करने की कोशिश कर रहे हैं, ताकि ऊर्जा सुरक्षा बनी रहे। अर्थशास्त्रियों के अनुसार, यदि यह युद्ध दो-तीन महीने से अधिक खिंचता है, तो दुनिया 'स्टैगफ्लेशन' (रुकी हुई विकास दर और उच्च महंगाई) की चपेट में आ सकती है। होर्मुज जलडमरूमध्य के प्रभावी रूप से बंद होने से दुनिया की 20 प्रतिशत तेल और गैस आपूर्ति रुक गई है। खाड़ी देशों ने अपने उत्पादन में लगभग एक करोड़ बैरल प्रतिदिन की कटौती की है, जिसे इतिहास का सबसे बड़ा "सप्लाई व्यवधान" माना जा रहा है। कच्चे तेल की कीमतें 100 से 120 डालर प्रति बैरल तक पहुंच गई है। पेट्रोल-डीजल के साथ-साथ प्राकृतिक गैस की कीमतों में 50 प्रतिशत तक की उछाल आई है, जिससे यूरोप और एशिया में बिजली और परिवहन महंगा हो गया है। खाड़ी क्षेत्र दुनिया के नाइट्रोजन उर्वरकों का बड़ा निर्यातक है।

युगल किशोर राही, ग्रेटर नोएडा

असफलता का भय

दिल्ली के आईआईटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान में छात्र की आत्महत्या की घटना देश को झकझोर देने वाली है। उच्च स्तरीय विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों और कोचिंग केंद्रों से छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने की खबरें सामने आती रही हैं। प्रतिस्पर्धी शिक्षा व्यवस्था में छात्रों पर अपेक्षाओं का बोझ लगातार बढ़ता जा रहा है एवं परिवार की उम्मीदें, बेहतर प्रदर्शन की होड़, असफलता का भय, भविष्य की अनिश्चितता छात्रों को मानसिक रूप से कमजोर करती है। पढ़ाई का दबाव, घर से दूर रहना, असफलता का डर और तुलना की मानसिकता कई छात्रों को अंदर से तोड़ देती है और कुछ छात्र इस मानसिक संघर्ष को झेल नहीं पाते। इसलिए उच्च शिक्षण संस्थानों में मनोवैज्ञानिकों व मनोचिकित्सकों की नियुक्ति अनिवार्य की जानी चाहिए, ताकि छात्रों को समय-समय पर काउंसलिंग मिल सके और वे अपने मानसिक तनाव को साझा कर सकें।, शिक्षण संस्थानों में ऐसा माहौल बनाया जाए, जहां छात्र बिना डर और संकोच के अपनी समस्याएं व्यक्त कर सकें। परिवारों को भी यह समझना होगा कि हर छात्र की क्षमता अलग-अलग होती है। अत्यधिक अपेक्षाएं कई बार बच्चों के लिए बोझ बन जाती हैं। सरकारों, विश्वविद्यालय प्रशासन और समाज सभी को मिलकर ऐसी नीतियां और व्यवस्थाएं बनानी होंगी, जिनसे छात्रों पर अनावश्यक मानसिक दबाव कम हो और उन्हें सहायक एवं सकारात्मक वातावरण मिल सके।

वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

पोस्ट

कपिल शर्मा के शो में सुनील ग्रोवर की भूमिका वही है, जो भारतीय क्रिकेट टीम में जसप्रीत बुमराह की है।

सुमित@sumitsaurabh

बंगाल में पिछले विधानसभा चुनाव आठ चरणों में हुए थे और इस बार के चुनाव दो चरणों में होंगे। यह भी एक बड़ा बदलाव है।

वसुधा वेणुगोपाल@Vasudha156

विंस्टन चर्चिल ने सही कहा था कि जब आप मुक्त बाजार पर आघात करते हैं तो असल में आप कालाबाजारी के लिए आधार तैयार करते हैं। आरके विज@ipsvijrk

दुनिया में युद्ध है। हम भी इसी दुनिया में रहते हैं। हम पर कोई असर न पड़े, यह हो नहीं सकता। युद्ध इसलिए ही निंदित है। यदि युद्ध से सब बढ़िया ही चलता रहे तो फिर क्या चिंता? कुमार श्याम@thekumarshyam

आज भारत अनुसंधान और विकास की तुलना में मुफ्त योजनाओं (फ्रीबीज) पर 27 गुना अधिक खर्च कर रहा है। ऐसी स्थिति में आप विश्वस्तरीय नवाचार और पेटेंट की उम्मीद कैसे कर सकते हैं?

किरण कुमार एस@KiranKS

जनपथ

चलिए, अब तो हो गया है चुनाव एलान,
ममता जी इस बार तो लड़ा दीजिए जान।
लड़ा दीजिए जान बचानी है यदि गद्दी,
दिखता फंसा चुनाव गले में बनकर हड्डी।
झूठा शोर मचाय स्वयं को ही ना छलिए,
सोच-समझकर आप चुनावी चालें चलिए!

- ओमप्रकाश तिवारी

संस्थापक- स्व. पूर्णचन्द्र गुप्त, पूर्व प्रधान संपादक- स्व.नरेन्द्र मोहन. नॉन एग्जीक्यूटिव चेयरमैन- महेन्द्र मोहन गुप्त. प्रधान संपादक- संजय गुप्त, नीतेन्द्र श्रीवास्तव द्वारा जागरण प्रकाशन लि. के लिए डी-210, 211, सेक्टर-63 नोएडा -201309 से मुद्रित एवं 501, आई.एन.एस. बिल्डिंग, रफी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित
संपादक (दिल्ली एनसीआर)-विष्णु प्रकाश त्रिपाठी दूरभाष : नई दिल्ली कार्यालय : 011-43166300, नोएडा कार्यालय : 0120-4615800, E-mail: delhi@nda.jagran.com, R.N.I. No 50755/90 समस्त विवाद दिल्ली न्यायालय के अधीन ही होंगे। हवाई शुल्क अतिरिक्त। वर्ष 36 अंक 240

कर्जमाफी या इनकम सपोर्ट

किसानों के लिए कर्जमाफी की स्कीमों का सिलसिला जारी है। अब महाराष्ट्र ने अपने चुनावी वादे को पूरा करते हुए किसानों का कर्ज माफ करने वाली स्कीम की घोषणा की है। भारत में किसान कर्जमाफी का लंबा इतिहास है और इसने राज्यों के वित्तीय प्रबंधन को कमजोर करने के अलावा किसानों की आर्थिक हैसियत में कोई सुधार नहीं किया है। रिजर्व बैंक ने चेताया है कि अलग-अलग राज्यों में चुनावी वादे के तौर पर आने वाली कर्जमाफी की स्कीमों ने कृषि के क्षेत्र में क्रेडिट कल्चर को बरबाद किया है। इससे किसानों को इस बात के लिए प्रोत्साहन मिलता है कि वह कर्ज न चुकाएं और कर्जमाफी स्कीमों का इंतजार करें। वहीं, इस तरह की स्कीमों को देखते हुए बैंक भी किसानों को कर्ज देने से कतराते हैं। दशकों का अनुभव यह बताता है कि कर्जमाफी स्कीमों से किसानों को कोई फायदा नहीं हुआ है। जरूरत किसानों को डायरेक्ट इनकम सपोर्ट मुहैया कराने की है। कृषि सुधारों में डायरेक्ट इनकम सपोर्ट की बात कही गई है। केंद्र सरकार किसानों को सालाना 6,000 रुपये मुहैया करा रही है लेकिन रकम बहुत कम है। ऐसे में सवाल है कि कर्जमाफी स्कीमों के बजाय केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर किसानों को नियमित वित्तीय मदद देने वाली योजनाएं क्यों नहीं लाती हैं, जिससे किसान आधुनिक खेती को अपना कर अपनी माली हालत को बेहतर बना सकें...

कृषि ऋण माफी योजनाओं पर खर्च हुए 3 लाख करोड़ रुपये

2014-15 के बाद से कृषि ऋणमाफी योजनाओं में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। हालांकि, 1990 के बाद से केंद्र सरकार ने केवल दो राष्ट्रीय स्तर की कर्ज माफी योजनाएं शुरू की हैं। अधिकांश योजनाएं राज्य सरकारों द्वारा घोषित की गई हैं। पिछले 35 वर्षों में केंद्र और राज्यों ने मिलकर लगभग 3 लाख करोड़ रुपये कृषि ऋणमाफी योजनाओं पर खर्च किए हैं। इन स्कीमों के प्रभाव और किसानों की स्थिति में सुधार के लिए वैकल्पिक उपायों का अवलोकन कर रहे हैं महेन्द्र सिंह...

ऋणमाफी और चुनावी राजनीति

अक्सर कृषि ऋणमाफी योजनाएं चुनावों के आसपास घोषित की जाती हैं।

आरबीआइ के 2019 के इंटरनल वर्किंग ग्रुप के अनुसार: 1990 और 2008 की राष्ट्रीय ऋणमाफी योजनाएं तथा 2014 के बाद कई राज्यों में योजनाएं चुनावों के समय घोषित की गई थीं।

₹10,000 करोड़ लगभग थी लागत 1990 की योजना में (2016-17 की कीमतों पर लगभग 50,600 करोड़)।

₹52,500 करोड़ लगभग थी लागत 2008 की योजना में (2016-17 की कीमतों पर लगभग 81,200 करोड़)।

कृषि ऋण पर प्रभाव

- ऋण माफी के बाद कुछ समय के लिए कृषि ऋण वृद्धि धीमी हो जाती है
- बाद में ऋण वितरण धीरे-धीरे सामान्य हो जाता है

आरबीआइ की राय

- आरबीआइ बार-बार कृषि ऋण माफी का विरोध करता रहा है
- उसका तर्क है कि इससे क्रेडिट अनुशासन कमजोर होता है
- किसान भविष्य में माफी की उम्मीद में ऋण चुकाने में देरी कर सकते हैं
- इससे किसानों की क्रेडिट हिस्ट्री खराब होती है
- भविष्य में नया ऋण प्राप्त करना कठिन हो जाता है

सरकारों पर वित्तीय दबाव

- ऋणमाफी योजनाएं सरकारी वित्त पर बड़ा दबाव डालती हैं
- राज्यों के राजस्व व्यय में लगभग 5 आधार अंक की वृद्धि ऋणमाफी के कारण हुई

आरबीआइ वर्किंग ग्रुप के अनुसार

- ऋणमाफी पर खर्च होने वाला पैसा यदि कृषि क्षेत्र में बुनियादी ढांचे और दीर्घकालिक विकास में लगाया जाए तो अधिक लाभकारी हो सकता है
- ऋणमाफी का बहुत सीमित और अल्पकालिक प्रभाव होता है

केंद्र सरकार की कृषि ऋणमाफी योजनाएं

1 कृषि एवं ग्रामीण ऋण राहत योजना, 1990: यह पहली बड़ी राष्ट्रीय कृषि ऋणमाफी योजना थी। इसमें 2 अक्टूबर 1989 तक के अल्पकालिक ऋण और अवधि ऋण की बकाया किश्तें शामिल थीं। यह योजना सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों और क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के ऋणों पर लागू थी। प्रत्येक किसान को 10,000 रुपये तक की राहत दी गई। इसमें भूमि के आकार के आधार पर कोई भेदभाव नहीं था।

2 कृषि ऋणमाफी और ऋण राहत योजना, 2008: योजना का दायरा और बढ़ाया गया। इस योजना में छोटे और सीमांत किसानों (5 एकड़ तक भूमि) को बड़े किसानों की तुलना में अधिक लाभ दिया गया। इसकी वित्तीय लागत 52,500 करोड़ रुपये थी।

एसबीआइ की एक रिपोर्ट के अनुसार

- 2014 के बाद लगभग 3.7 करोड़ पात्र किसानों में से मार्च 2022 तक केवल लगभग 50 प्रतिशत को ही ऋणमाफी का लाभ मिला
- इससे योजना की प्रभावशीलता सीमित हो गई
- ऋणमाफी किसानों की समस्याओं को पूरी तरह हल नहीं कर पाई
- कुछ क्षेत्रों में क्रेडिट अनुशासन कमजोर हुआ

राज्यों की कृषि ऋणमाफी योजनाएं

राज्य	योजना का नाम	वर्ष	मुख्य लाभ
महाराष्ट्र	महात्मा फुले शेतकरी कर्जमुक्ति योजना	2019	किसानों के फसल ऋण में लगभग 2 लाख तक की माफी
तेलंगाना	तेलंगाना किसान ऋण माफी योजना	2024	किसानों के कृषि ऋण 2 लाख तक माफ
उत्तर प्रदेश	यूपी फसल ऋण मोचन योजना	2017	छोटे और सीमांत किसानों के 1 लाख तक के ऋण माफ
पंजाब	पंजाब कृषि ऋणमाफी योजना	2017	छोटे किसानों के 2 लाख तक के ऋण माफ
कर्नाटक	कर्नाटक किसान ऋणमाफी योजना	2018	सहकारी व वाणिज्यिक बैंकों से लिए गए 2 लाख तक के ऋण माफ
राजस्थान	राजस्थान किसान ऋणमाफी योजना	2017	किसानों के 50,000 तक के फसल ऋण माफ
मध्य प्रदेश	जय किसान फसल ऋणमाफी योजना	2018	किसानों के 2 लाख तक के फसल ऋण माफ
छत्तीसगढ़	कृषि ऋणमाफी योजना	2018	अल्पकालीन कृषि ऋण माफ
तमिलनाडु	सहकारी बैंक कृषि ऋणमाफी योजना	2016	सहकारी बैंकों से लिए गए फसल ऋण पूरी तरह माफ
आंध्र प्रदेश	एपी फसल ऋणमाफी योजना	2014	किसानों के 1.5 लाख तक के ऋण माफ

किसानों के लिए वैकल्पिक समाधान

- एसबीआइ की रिपोर्ट के अनुसार, इनकम सपोर्ट स्कीमें बेहतर विकल्प हो सकती हैं
- इससे अधिक किसानों को लाभ मिल सकता है और उन्हें स्थिर आर्थिक सहायता मिल सकती है

रिपोर्ट का निष्कर्ष

- कृषि ऋणमाफी दीर्घकालिक समाधान नहीं है
- नीतियों का उद्देश्य किसानों की आय बढ़ाना होना चाहिए। राष्ट्रीय स्तर की इनकम सपोर्ट स्कीमें अधिक प्रभावी हो सकती हैं

आय बढ़ाने के स्थायी उपायों पर हो काम

प्रो. आरएस देशपांडे
एफआइएसएई, एफकेएसटीए

करीब तीन दशक के अनुभव से यह साबित हो चुका है कि कृषि ऋणमाफी योजनाएं किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं कर पा रही हैं। इसके बजाय सरकारों को किसानों के लिए डायरेक्ट इनकम सपोर्ट स्कीमें लाने पर ध्यान देना चाहिए। इससे कृषि क्षेत्र में उत्पादकता में सुधार के लिए किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर होगी

भारतीय कृषि व्यवस्था में किसान प्रायः मूल्य ग्रहणकर्ता के रूप में कार्य करता है। जब वह बीज, उर्वरक, कीटनाशक, सिंचाई या बिजली जैसे कृषि इनपुट खरीदता है, तब उनके दाम विक्रेता तय करते हैं। इसी प्रकार जब किसान अपनी उपज बेचता है, तब कीमतें अक्सर व्यापारी या खरीदार समूह द्वारा निर्धारित होती हैं। परिणामस्वरूप किसान के पास बाजार में कीमतों को प्रभावित करने की बहुत सीमित क्षमता होती है। इसके अतिरिक्त अधिकांश किसानों की आय नियमित नहीं होती। उन्हें आमतौर पर फसल कटाई के बाद ही आय प्राप्त होती है। इस कारण वे अक्सर ऋण बाजार पर निर्भर रहते हैं।

इतिहास में ग्रामीण क्षेत्रों में साहूकारों ने ऋण को फसल बिक्री से जोड़ दिया था, जिससे किसान अपनी उपज केवल उसी को बेचने के लिए मजबूर हो जाते थे। ये साहूकार अक्सर कृषि उपज मंडी समितियों (एपीएमसी) में एजेंट के रूप में भी कार्य करते थे। पिछले लगभग पचास वर्षों में संस्थागत ऋण में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जबकि गैर-संस्थागत स्रोतों से कर्ज कुछ कम हुआ है, फिर भी ग्रामीण क्षेत्रों में इसका महत्व बना हुआ है। किसानों को ऋण की आवश्यकता मुख्यतः आय की अनियमितता और प्राकृतिक आपदाओं- जैसे सूखा, बाढ़ या फसल खराब होने के कारण होती है। जब ऐसी परिस्थितियों में किसान ऋण चुकाने में असमर्थ हो जाते हैं, तब सरकारें अक्सर ऋण माफी योजनाओं के माध्यम से हस्तक्षेप करती हैं।

शुरुआत में ऋण माफी योजनाओं को किसानों को अस्थायी राहत देने के उद्देश्य से शुरू किया गया था, लेकिन समय के साथ यह एक नियमित सरकारी नीति और कई बार राजनीतिक साधन भी बन गई है। कई बार सरकारें इन योजनाओं की घोषणा चुनावों के आसपास करती हैं, जिससे यह धारणा बनती है कि ऋण माफी का उपयोग किसानों को आकर्षित करने के लिए राजनीतिक रणनीति के रूप में किया जाता है। भारत में कृषि परिवारों की बड़ी संख्या को देखते हुए यह एक प्रभावशाली मतदाता वर्ग है। हालांकि ऐसी घोषणाएं किसानों को तात्कालिक राहत देती हैं, लेकिन इससे राज्य के वित्तीय संसाधनों पर भारी दबाव पड़ता है और कई विकास परियोजनाएं प्रभावित होती हैं। साथ ही यह कृषि उत्पादकता में दीर्घकालिक सुधार नहीं कर पाती। इसके बावजूद ऋण माफी के कुछ सकारात्मक पहलू भी हैं। जब किसान कर्ज चुकाने में असमर्थ होते हैं, तब वे मानसिक तनाव का सामना करते हैं और कई बार यह स्थिति आत्महत्या जैसी दुखद घटनाओं तक पहुंच जाती है। किसानों की बढ़ती ऋणग्रस्तता और उससे जुड़े सामाजिक तनाव को देखते हुए कई राज्यों ने 2014 से 2019 के बीच ऋण माफी योजनाएं लागू कीं। महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक और तेलंगाना जैसे राज्यों ने अपने चुनावी घोषणापत्रों में भी इन्हें शामिल किया। ऐसी योजनाएं प्राकृतिक आपदाओं या बाजार में अचानक आई गिरावट के कारण प्रभावित किसानों को तात्कालिक राहत देती हैं और ग्रामीण समाज में अस्थिरता को कम करने में मदद करती हैं। हालांकि अनेक शोध अध्ययनों में इन योजनाओं की सीमाएं भी बताई गई हैं। पहली समस्या यह है कि बार-बार ऋण माफी से बैंकिंग प्रणाली में क्रेडिट अनुशासन कमजोर हो सकता है, क्योंकि किसानों में भविष्य में भी ऋण माफी की उम्मीद बन जाती है। दूसरी समस्या यह है कि सरकार पर वित्तीय बोझ बढ़ जाता है, जिससे अन्य विकास योजनाओं के लिए संसाधन कम हो जाते हैं। इसके अलावा नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक (सीएजी) की कुछ रिपोर्टों में इन योजनाओं के क्रियान्वयन में त्रुटियों की ओर भी संकेत किया गया है। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि ऋण माफी के स्थान पर अधिक स्थायी उपायों पर ध्यान देना चाहिए। उदाहरण के लिए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी इनकम सपोर्ट स्कीमें, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, बेहतर सिंचाई सुविधाएं और कृषि विस्तार सेवाएं किसानों की स्थिति को अधिक स्थायी रूप से सुधार सकती हैं। ऋण माफी योजनाएं किसानों को तात्कालिक राहत प्रदान करती हैं, लेकिन वे कृषि क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं का स्थायी समाधान नहीं हैं। यदि इनका उपयोग केवल असाधारण परिस्थितियों में और सही लक्षित समूह के लिए किया जाए तो यह उपयोगी हो सकती हैं। लेकिन बार-बार और राजनीतिक उद्देश्य से की गई घोषणाएं न केवल वित्तीय बोझ बढ़ाती हैं बल्कि कृषि विकास की दीर्घकालिक संभावनाओं को भी प्रभावित कर सकती हैं। इसलिए कृषि क्षेत्र के स्थायी विकास के लिए ऐसी नीतियों की आवश्यकता है जो किसानों की आय, उत्पादकता और जोखिम प्रबंधन को मजबूत बनाएं।

आपकी आवाज

किसान कर्ज माफी योजनाएं राज्यों में चुनाव जीतने का मंत्र बन गई हैं। राज्य सरकारें चुनाव से कुछ महीने पहले किसानों से कर्ज माफी का वादा करती हैं और चुनाव जीत कर सरकार बनाने के बाद आधा अधूरा वादा पूरा करके हाथ खड़ा कर लेती हैं। पिछले एक दशक में राज्यों में कर्ज माफी चलन जोर पकड़ रहा है। इस तरह की योजनाओं से वे किसान ठगा हुआ महसूस करते हैं जो समय पर कर्ज चुका होते हैं। जाहिर है कि ऐसी योजनाओं से किसानों का कोई भला नहीं हो रहा है उलटा राज्य का विकास जरूर प्रभावित होता है। **मोहन वर्मा**

राजनीतिक दलों ने कर्ज माफी की योजनाओं को किसानों का आक्रोश शांत करने का एक हथियार बना लिया है। कर्ज माफी के बजाए जरूरत है कि किसानों को आधुनिक तकनीक और वित्तीय सहायता मिले। इससे वह खेती में पैदावार बढ़ा कर बेहतर मुनाफा हासिल कर सकते हैं लेकिन इस दिशा में राज्य और केंद्र सरकारें उदासीन हैं। केंद्र सरकार भी हर साल फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा कर अपनी पीठ थपथपाती है लेकिन देश के ज्यादातर किसानों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा है। **सनातन पाराशर**

केंद्र और राज्य सरकारों को किसानों का कर्ज माफ करने के बजाए कृषि क्षेत्र में शोध एवं टेक्नोलाजी को बढ़ावा देना चाहिए। इससे लंबी अवधि में किसानों की आय में इजाफा होगा और देश की जीडीपी में कृषि का योगदान भी बढ़ेगा। कृषि क्षेत्र में शोध के मामले में हम विकसित देशों की तुलना में बहुत पीछे हैं। यही कारण है कि इन देशों की तुलना में हमारे यहां प्रति हेक्टेयर उपज काफी कम है। **मुरली मिश्र**

कृषि क्षेत्र में टेक्नोलाजी और उत्पादकता बढ़ाने पर जोर दें सरकारें

प्रो. रमेश चंद
सदस्य, नीति आयोग

कृषि क्षेत्र में कीमतों को ध्यान में रखते हुए ग्रोथ की रणनीति पर काम ले रहा है। सब्सिडी पर भी सरकार काफी पैसा खर्च कर रही है लेकिन इससे कृषि क्षेत्र को मजबूती नहीं मिल रही है। इसके बजाए टेक्नोलाजी और प्रति हेक्टेयर उपज बढ़ाने पर जोर दिया जाना चाहिए

समय समय पर अलग अलग राज्यों द्वारा लाई जा रही कृषि ऋण माफी वाली योजनाओं पर भारतीय रिजर्व बैंक की चिंता जायज है। इससे सबसे बड़ा झटका उन लोगों को लगता है जो समय पर कर्ज चुका देते हैं। उनको लगता है कि हमने कानून का पालन किया तो हमें इसका दंड मिला अगर हम भी कर्ज न चुकाते तो हमको फायदा मिलता। कभी कभी विशेष परिस्थितियों में जैसे बहुत बड़ा सूखा आ गया या दूसरी प्राकृतिक आपदाएं आ गईं, ऐसी स्थिति में कई बार किसान कर्ज चुकाने की स्थिति में नहीं होते हैं तो ऐसे में तो कृषि ऋण माफी की योजनाओं का औचित्य बनता है। लेकिन जब कृषि क्षेत्र का ग्रोथ पिछले कुछ वर्षों से बहुत अच्छा चल रहा है तो ऐसे में इस तरह की योजनाओं का कोई खास मतलब नहीं बनता है।

दूसरी अहम बात यह है कि कृषि क्षेत्र में जो सार्वजनिक क्षेत्र में निवेश हो रहा है, चाहे वह शोध में हो या मृदा संरक्षण में हो या कृषि क्षेत्र के लिए बुनियादी संरचनाओं पर हो, यह बहुत कम है। भारत में यह निवेश अगर केंद्र और राज्यों का मिला कर देखें तो यह कृषि जीडीपी का दो प्रतिशत है, जबकि कई अध्ययनों में कहा गया है कि निवेश कम से कम चार प्रतिशत होना चाहिए इससे आगे की ग्रोथ के लिए कृषि क्षेत्र की नींव मजबूत होती है। ऐसे में अगर किसी राज्य के पास पैसा है तो उसे ढांचागत सुविधाओं पर निवेश करना चाहिए। जैसे महाराष्ट्र है जहां विदर्भ और मराठवाड़ा में सूखे की दिक्कत अक्सर आती है। आप वहां कर्ज माफ करके एक साल के लिए किसानों को तात्कालिक राहत दे सकते हैं। लेकिन अगर यही पैसा पानी के लिए ढांचागत सुविधाएं बनाने पर खर्च किया जाए तो इससे न सिर्फ उत्पादन बढ़ेगा बल्कि लंबी अवधि में किसानों की आय भी बढ़ेगी। इस तरह से राज्य किसानों के हित में पैसे का बेहतर इस्तेमाल कर सकते हैं। हालात यह हैं कि आप किसी भी राज्य में जाइये वहां राज्य कहते हैं कि हमारे पास कृषि क्षेत्र में शोध के लिए पैसे नहीं हैं।

कृषि राज्यों का विषय है और केंद्र का तो आइसीएआर है। सारे विश्वविद्यालय कहते हैं कि हमें शोध के लिए आइसीएआर पैसा दे। हमारे पास तो किसान नेता आते हैं हम उनसे कहते हैं कि एपीएमसी मंडियों में पैसा देते हैं तो उनसे कहिए कि वह इस पैसे का एक हिस्सा शोध के लिए दें या आप ही आधा प्रतिशत अधिक दे सकते हैं, शोध के क्षेत्र में काम आए। कृषि के क्षेत्र में शोध को मजबूत करना जरूरी है। कृषि क्षेत्र में ग्रोथ टेक्नोलाजी से आती है। मक्की में टेक्नोलाजी आई तो उसमें छह सात प्रतिशत की ग्रोथ आ रही है। सरसों में टेक्नोलाजी नहीं आई तो उत्पादन नहीं बढ़ रहा है और हमें खाने का तेल बाहर से आयात करना पड़ता है। मेरा मानना है कि प्राथमिकता कृषि क्षेत्र में निवेश पर होना चाहिए।

एक और चीज कृषि क्षेत्र में गलत हो रही है वह है कि हम कीमतों के आधार पर ग्रोथ लाने की नीति पर काम कर रहे हैं। इसमें सब्सिडी भी शामिल है। वहीं टेक्नालाजी व उत्पादकता बढ़ाने की जरूरत पर उतना ध्यान नहीं दे रहे हैं। यह तरीका ठीक नहीं है क्योंकि फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ रहा है लेकिन इससे किसानों को खास फायदा नहीं मिल रहा है। इसके बजाय हमें टेक्नोलाजी और प्रति हेक्टेयर उत्पादकता बढ़ाने पर जोर देना चाहिए।

जाति, पंथ और संप्रदाय की आस्था में अमर्यादित टिप्पणी स्वीकार नहीं : योगी

राज्य ब्यूरो, जागरण. लखनऊ: उप्र में भर्ती परीक्षाओं के प्रश्नपत्रों में आपत्तिजनक या विवादित सवालों पर सरकार ने सख्त रुख अपनाया है। सीएम योगी आदित्यनाथ ने सभी भर्ती बोर्डों के अध्यक्षों को निर्देश दिए हैं कि प्रश्नपत्र बनाते समय किसी भी व्यक्ति, जाति, पंथ या संप्रदाय की मर्यादा व आस्था से जुड़े विषयों पर अमर्यादित टिप्पणी किसी भी स्थिति में शामिल न की जाए। यह भी कहा कि सभी प्रश्नपत्र तैयार करने वालों को स्पष्ट रूप से निर्देशित किया जाए ताकि प्रश्नपत्रों में संवेदनशीलता बनी रहे।

उप्र पुलिस उपनिरीक्षक भर्ती परीक्षा में पूछे गए एक सवाल ने नया विवाद खड़ा कर दिया है। परीक्षा में एक बहु विकल्पीय प्रश्न पूछा गया-'अवसर के अनुसार

योगी आदित्यनाथ ● फाइल फोटो

बदलने वाला।' परीक्षार्थियों को इस प्रश्न के उत्तर के लिए जो विकल्प दिए गए, उसमें एक है-'पंडित'। भाजपा के प्रदेश मंत्री अभिजात मिश्रा ने इस पर सवाल उठाते हुए मुख्यमंत्री को चिट्ठी लिखी थी, जबकि उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि जिम्मेदारों पर कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री ने रविवार को कहा कि यदि कोई पेपर तैयार करने वाला बार-बार ऐसी गलती करता है तो उसे आदतन उल्लंघन करने वाला मानते हुए प्रतिबंधित किया जाए।

अब यूपी पुलिस की पोस्ट ने 'पंडित' शब्द विवाद को दिया तूल

जासं, प्रयागराज: प्रश्नपत्र में 'पंडित' शब्द पर विवाद को यूपी पुलिस के संदेश ने और भड़का दिया। पुलिस ने 'एक्स' पर संदेश जारी कर परीक्षा के प्रश्नपत्रों या उनके कंटेंट पर चर्चा, विश्लेषण या प्रसार को प्रतिबंधित बताते हुए चेताया है। संदेश में कहा गया कि ऐसा करने पर सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम के तहत कठोर कार्रवाई की जा सकती है। पुलिस के संदेश को प्रतियोगी छात्र सीनाजोरी बताते हुए इसे डिलीट करने की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि भर्ती परीक्षा के प्रश्नों पर चर्चा व विश्लेषण प्रतियोगी संस्कृति का सामान्य हिस्सा है।

'आयकर से जुड़े मुकदमे कम करने व समीक्षा के लिए बनाएं विशेषज्ञ समिति'

- संसदीय समिति ने कहा- हाईकोर्ट व आइटीएटी में मुकदमों की सफलता दर बहुत कम
- 2024-25 में साढ़े तीन लाख करोड़ से जुड़े 23 हजार मुकदमे आइटीएटी में लंबित

नई दिल्ली, प्रेट्र : संसदीय समिति ने आयकर विभाग की मुकदमेबाजी के प्रति दृष्टिकोण में आमूल-चूल परिवर्तन लाने का सुझाव दिया है। भाजपा सांसद भर्तृहरि महताब की अध्यक्षता वाली वित्त संबंधी स्थायी समिति ने पिछले सप्ताह संसद में पेश रिपोर्ट में विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। समिति ने सिफारिश की है कि उच्च न्यायालयों या सर्वोच्च न्यायालय में अपील से पहले मामलों की समीक्षा के लिए 'विशेषज्ञ मुकदमेबाजी समिति' गठित की जानी चाहिए।

समिति ने वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों का हवाला देते हुए बताया कि हाईकोर्ट के स्तर पर आयकर विभाग की मुकदमेबाजी में सफलता दर महज 12.07% और आयकर अपीलीय न्यायाधिकरण (आइटीएटी) के स्तर पर 14.50% रही है। प्रतिकूल परिणाम 'प्रणालीगत कमजोरियों' की ओर इशारा करते हैं। रिपोर्ट में कहा है, केवल इसलिए यांत्रिक तरीके से अपील दायर करने की प्रवृत्ति को रोकने की जरूरत है क्योंकि विवादित राशि तय मौद्रिक सीमा से अधिक है। ऐसा व्यक्तिगत जिम्मेदारी या जांच से बचने को किया जाता है। तीन वर्षों में विभाग की सफलता दर गिरी है। समिति का मानना है कि अस्थिर अपीलों को जारी रखने से मुकदमेबाजी का खर्च, न्यायिक ढांचे पर बोझ पड़ता है। करदाताओं को उत्पीड़न का सामना करना पड़ता है।

प्रोफेशनल केयरगिवर्स तैयार करने को बनेंगे रीजनल ट्रेनिंग क्लस्टर

जागरण ब्यूरो, नई दिल्ली: एकल परिवारों और अन्य परिस्थितियों के कारण बच्चों, वृद्धों और बीमारों की देखभाल के लिए केयरगिवर्स के रूप में रोजगार के नए अवसर तेजी से बढ़ रहे हैं। खासतौर पर अन्य देशों में केयरगिवर्स की बेहद मांग है। मोदी सरकार ने इसी अवसर को भुनाने के लिए बजट में घोषणा की कि डेढ़ लाख केयरगिवर्स को प्रशिक्षित किया जाएगा।

इस घोषणा को लागू करने के लिए कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय ने अन्य संबंधित मंत्रालयों से विमर्श कर रोडमैप पर काम शुरू कर दिया है। विशेषज्ञों ने सहमति दी है कि प्रोफेशनल केयरगिवर्स तैयार करने को रीजनल ट्रेनिंग क्लस्टर बनाए जाएं। सूत्रों के अनुसार संबंधित मंत्रालयों और हितधारकों के साथ बैठकें हो चुकी हैं।

एक अप्रैल से 75 रुपये महंगा होगा फास्टैग का सालाना पास

- एनएचएआइ ने कहा-3000 वाला पास अब 3075 रुपये में
- 56 लाख वाहन चालक इस्तेमाल कर रहे यह सालाना पास

नई दिल्ली, प्रेट्र: अपनी कार या निजी वाहन से फास्टैग के जरिये नेशनल हाईवे पर सफर करना अब महंगा हो जाएगा। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआइ) ने आगामी वित्त वर्ष 2026-27 के लिए फास्टैग वार्षिक पास की कीमत में संशोधन करने का निर्णय लिया है। इसके तहत फास्टैग का सालाना पास वर्तमान 3000 रुपये से बढ़ाकर 3075 रुपये कर दिया जाएगा। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने कहा कि नई शुल्क संरचना एक अप्रैल, 2026 से प्रभावी होगी।

राष्ट्रीय राजमार्गों का उपयोग करने वाले यात्रियों को आर्थिक राहत प्रदान करने के लिए 15 अगस्त, 2025 को वार्षिक पास सुविधा शुरू की गई थी। निजी वाहन मालिकों के बीच फास्टैग का उपयोग तेजी से बढ़ रहा है। वर्तमान में 56 लाख से ज्यादा वाहन चालक इस वार्षिक पास का इस्तेमाल कर रहे हैं। इस वार्षिक पास का विकल्प चुनने से वाहन चालकों को बार-बार फास्टैग रिचार्ज करने की आवश्यकता समाप्त हो जाती है। यह प्रणाली एक बार के शुल्क भुगतान पर आधारित है, जो पूरे एक वर्ष या कुल 200 टोल प्लाजा पार करने की वैधता प्रदान करती है। यह पास सभी गैर-व्यावसायिक वाहनों के लिए लागू है। राजमार्ग यात्रा एप या एनएचएआइ की वेबसाइट से शुल्क भुगतान के बाद वार्षिक पास वाहन से जुड़े फास्टैग पर सक्रिय हो जाता है।